निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, सोमवार, 11 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 86 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1908: क्रांतिकारी खुदीराम बोस को फांसी दी गई।
1984: सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1999: सदी का अंतिम चंद्रग्रहण दुनिया के कई हिस्सों में करोड़ों लोगों ने देखा।
2003: उत्तर अटलांटिक संधि संगठन नाटो ने अफगानिस्तान में शांति बल की कमान संभाली।
2004: भारत और पाकिस्तान ने वांछित अपराधियों की सूचियों की अदला-बदली की।

### झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमशेदपुर को बड़ी सौगात

# 145 करोड़ से 13 एकड़ में बनेगा अंतरराज्यीय बस टर्मिनल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने औद्योगिक नगरी जमशेदपुर को बड़ी सौगात दी है। आधुनिक परिवहन सुविधा देने की दिशा में अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सुगम और आरामदायक परिवहन के संकल्प के तहत मानगो डिमना चौक के पास 13 एकड़ में यह डिपो तैयार होगा। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने परियोजना को हेम (हाइब्रिड एन्युइटी मोड) पर बनाने की सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है और प्रस्ताव को प्रशासनिक स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है। झारखंड के नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार को उच्च गुणवत्तायुक्त आईएसबीटी निर्माण का निर्देश दिया गया है। इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जुडको को दी गयी है। कर्नाटक की आइडेक एजेंसी ने परियोजना का खाका तैयार किया है। इसकी लागत 145.24 करोड़ रुपए होगी। टर्मिनल भवन पांच मंजिला (दो बेसमेंट, ग्राउंड प्लस तीन मंजिल) होगा जबकि वाणिज्यिक भवन एक बेसमेंट, ग्राउंड और तीन मंजिल का होगा। परिसर में 50 आदर्श पार्किंग, 23 एलिगेटिंग बस वे, 300 कार और 350 बाइक पार्किंग, जल संसाधन विभाग का कार्यालय एवं गोदाम, एसटीपी, डब्ल्यूटीपी, ईटीपी और आंतरिक-सड़क व्यवस्था होगी। फर्स्ट फ्लोर पर 80 सीटों वाला एसी वेटिंग हॉल, 120 बेड का यात्री डोरमेट्री, 60 बेड का चालक डोरमेट्री, फूड कोर्ट, शॉप्स, सुरक्षा कार्यालय, ट्रेवल एडमिन ऑफिस और शौचालय होंगे। ग्राउंड फ्लोर पर 23 बस वे, 18 टिकट काउंटर, क्लॉक रूम, लॉजिस्टिक सेंटर, रेस्टोरेंट, पब्लिक शौचालय और फूड कोर्ट की सुविधा रहेगी। टर्मिनल परिसर को झारखंडी कला और पेंटिंग्स से सजाया जाएगा।



# पीएम नरेंद्र मोदी ने तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखाई झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बेंगलुरु, कर्नाटक में 7,160 करोड़ की लागत वाली बैंगलोर मेट्रो की येलो लाइन का उद्घाटन और 15,610 करोड़ से अधिक की लागत वाली बैंगलोर मेट्रो फ़ेज-3 परियोजना का शिलान्यास किया। उन्होंने केएसआर रेलवे स्टेशन, बेंगलुरु से तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक की धरती पर कदम रखते ही उन्हें अपनापन महसूस हुआ। उन्होंने कर्नाटक की संस्कृति, लोगों का स्नेह और कन्नड़ भाषा की मधुरता को श्रद्धांजलि अर्पित की, जो सीधे दिल को छू जाती है। प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु की अधिष्ठात्री देवी अन्नम्मा थाई को नमन करते हुए कहा कि नादप्रभु केंपेगौड़ा ने इस शहर की नींव रखी थी और एक ऐसा शहर बनाने का सपना देखा था जो परंपरा में जड़ें रखे और प्रगति की ऊंचाइयों को छुए। आज का बेंगलुरु उस सपने को साकार कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज बेंगलुरु नया भारत बनने के प्रतीक रूप में उभर रहा है। उन्होंने इसे एक ऐसा शहर बताया जिसकी आत्मा में दर्शन की गहराई है और कार्यों में तकनीकी दक्षता है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु ने भारत को वैश्विक आईटी मानचित्र पर स्थापित किया है और इसका श्रेय यहां के लोगों की मेहनत और प्रतिभा को जाता है। प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि 21वीं सदी में शहरी नियोजन और बुनियादी ढांचे की आधुनिकता अत्यंत आवश्यक है, और बेंगलुरु जैसे शहरों को भविष्य के लिए तैयार करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का जनता दरबार आज

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की आज 11 अगस्त को सुबह 11 बजे से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लोगों की फरियाद सुनेंगी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनल शांति ने जानकारी देते हुए बताया कि जनता दरबार न केवल जनता से सीधा जुड़ाव का माध्यम है बल्कि यह एक ऐसा प्रयास है, जिसके जरिए सरकार आम लोगों के दरवाजे तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करती है।

### दो मंजिला इमारत से युवती ने लगायी छलांग

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड की राजधानी रांची के पुंदाग इलाके में एक दर्दनाक घटना ने सभी को झकझोर दिया। महज 19 वर्ष की युवती ने दो मंजिला इमारत की छत से छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान बोकारो जिले की रहने वाली नेहा सिंह के रूप में हुई है, जो पिछले चार महीने से पुंदाग में किराए के कमरे में रहकर नौकरी कर रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**गोड्डा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बोआरीजोर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना बोआरीजोर-ललमटिया मुख्य पथ पर तलबड़िया के समीप हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पल्सर बाइक पर सवार युवक को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान बालो बेसरा के रूप में हुई है।

### सांप के काटने से बच्ची की मौत

**चाईबासा (नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम के कराईकेला थाना क्षेत्र के भालुपानी गांव में एक 13 वर्षीय बच्ची की सांप के काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 12 बजे सुलोचना जोको नामक बच्ची को जहरीले चिश्ती सांप ने काट लिया था। परिजनों ने सांप को मार दिया था लेकिन बच्ची को रात में अस्पताल नहीं ले गए। सुबह जब बच्ची की तबीयत बिगड़ी तब उसे अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### वृद्ध महिला का शव नदी से बरामद

**चाईबासा (नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित गुदड़ी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। कमारगांव के पास कारो नदी से 60 वर्षीय सालगी बरजो का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने महिला की पहचान की। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई गई है कि महिला की टांगी से निर्मम हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया गया।

# सीएम हेमंत सोरेन ने नहीं मनाया अपना 50वां जन्मदिन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को अपना 50वां जन्मदिन नहीं मनाया। बता दें कि उनके पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन 4 अगस्त को हुआ था और इन दिनों उनका श्राद्ध कर्म चल रहा है। ऐसे समय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गहरे शोक में हैं। हेमंत सोरेन का जीवन संघर्ष, राजनीतिक उतार-चढ़ाव और उपलब्धियों की मिसाल रहा है। उनका जन्म 10 अगस्त 1975 को रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में हुआ था। बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हेमंत इंजीनियर बनने का सपना देखते थे। उन्होंने रांची के प्रतिष्ठित बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा में प्रवेश भी लिया लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों और बदलती राजनीतिक परिस्थितियों ने उनका रास्ता बदल दिया। उन्होंने पढ़ाई छोड़कर संगठन को मजबूत करने का बीड़ा उठाया और बड़े भाई दुर्गा सोरेन के साथ सक्रिय राजनीति में उतर आए। 2005 में उन्होंने दुमका से अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ा जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और संगठनात्मक मजबूती के साथ कार्य करते रहे। 2009 में दुमका सीट से जीत दर्ज की और 2010 में राज्य के उपमुख्यमंत्री बने। 13 जुलाई 2013 को उन्होंने पहली बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। यह सरकार झामुमो, कांग्रेस और राजद के समर्थन से बनी थी और उनका कार्यकाल 23 दिसंबर 2014 तक चला। 2014 में वे दुमका और बरहेट दोनों सीटों से चुनाव लड़े दुमका में हार मिले, लेकिन बरहेट से विजयी हुए। इसके बाद वे विपक्ष के नेता के रूप में पांच वर्षों तक सक्रिय राजनीति में डटे रहे। 2009 में बड़े भाई दुर्गा सोरेन के निधन और पिता शिबू सोरेन की बढ़ती उम्र के साथ हेमंत सोरेन पर झामुमो की पूरी जिम्मेदारी आ गई। उन्होंने इसे पूरी निष्ठा और दृढ़ता से निभाया। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य में कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं और झारखंड की जनता के मुद्दों पर मुखर होकर काम किया। आज जब वे 50 वर्ष के हो गए हैं, उनका जन्मदिन ऐसे समय आया है जब वे अपने पिता के निधन के शोक में हैं। एक पुत्र के रूप में वे अपने पिता की राजनीतिक और सामाजिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं और राज्य की सेवा में निरंतर लगे हुए हैं।

# गोली मारकर युवक की हत्या, तनाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। इसके बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया। हिंदीपीढ़ी ग्वाला टोली में उपद्रव की स्थिति बन गयी। कुछ उपद्रवियों ने अरमान नामक युवक के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। आगजनी भी की। अमन सोसाइटी सामुदायिक हॉल में भी उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की और कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। बुलेट मोटरसाइकिल में आग लगा दी। सैकड़ों कुर्सियों और शीशे को तोड़ डाला। घटना रविवार को हुई, जब हिंद-पीढ़ी थाना क्षेत्र में साहिल उर्फ 'कुरकुरे' की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। घटना के बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया। परिजनों ने बताया कि भट्टी चौक के पास इमरान ने साहिल को सीने में सटाकर गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने पूर्व पार्षद के भाई पर हत्या में शामिल होने का शक जताया है। साहिल की हत्या करने के बाद से अरमान फरार है। पुलिस अरमान की तलाश में जुट गयी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस घटना के दौरान पुलिस मूकदर्शक रही और उपद्रवियों को रोकने में पूरी तरह से नाकाम रही। इस मामले में पुलिस ने आसिफ को हिरासत में लिया है। उसे उसके घर से उठाया गया है। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच जारी है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस ने कहा कि मृतक साहिल कई बार छिनतई के मामले में जेल जा चुका था।

## बंद घर से 15 लाख की चोरी

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** धनसार थाना क्षेत्र के गांधी नगर में बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर सोने-चांदी के आभूषण, पीतल के बर्तन और अन्य कीमती सामान समेत करीब 13 से 15 लाख रुपए का माल उड़ा लिया। घटना के समय घर के मालिक भोला सिंह दिल्ली में दिल का इलाज कराने गए थे जबकि उनका छोटा बेटा रांची में चाचा के इलाज के लिए गया हुआ था। जानकारी के मुताबिक भोला सिंह के चाचा को हार्ट अटैक आने के बाद उन्हें रांची रिम्स रेफर किया गया था। इसी कारण उनका छोटा बेटा भी रांची चला गया। जब भोला सिंह घर लौटे तो देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है और घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। जांच में पता चला कि घर से सोने-चांदी के आभूषण और पीतल के बर्तन चोरी हो गए हैं।

## रक्षाबंधन मना कर लौट रहे भाभी-देवर की मौत

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र में रकर्मनाशा चांद नहर पर सड़क हादसे में देवर और भाभी की मौत हो गई। मृतकों की पहचान ऋषिकेश राय (24) और उनकी भाभी लक्ष्मीना देवी (30) के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई लक्की राय ने बताया कि रक्षाबंधन पर लक्ष्मीना देवी अपने छोटे देवर ऋषिकेश को लेकर अपने मायके राखी बांधने गई थीं। वापस लौटते समय कर्मनाशा चांद नहर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों नहर में गिर गए। घटनास्थल से गुजर रहे लोगों ने दोनों की पहचान की। उन्हें तुरंत उपचार के लिए उत्तर प्रदेश के चंदौली अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही दुर्गावती पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### अपने जन्मदिन पर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन का भावुक ट्वीट

# हर निर्णय में बाबा की शिक्षा देता है मार्गदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने दिवंगत पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद उनके क्रिया-कर्म में लगे हैं। शिबू सोरेन के निधन के छठे दिन रविवार को उन्होंने अपन जन्मदिन पर भावुक पोस्ट किया। उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा, 'आज बाबा बहुत याद आ रहे हैं। मुझे जीवन देने वाले मेरे जीवनदाता, मेरी जीवन की जड़ें जिनसे जुड़ी हैं, वही मेरे साथ नहीं हैं। बहुत कष्टकारी क्षण है यह।' हेमंत सोरेन आगे लिखते हैं कि जिनकी मजबूत उंगलियों ने बचपन में मेरे कदमों को थामा, जिनके संघर्ष और लोगों के प्रति जिनके निश्चल प्रेम ने मुझे संवेदनशीलता के साथ जीना सिखाया, हर कठिनाई को सहजता से अवसर में बदलना सिखाया और जब भी राह में अंधेरा हुआ, दीपक बनकर मुझे आगे बढ़ने का रस्ता दिखाया, वह बाबा दिशोम गुरुजी प्रकृति का अंश बनकर सर्वत्र व्याप्त हो गये हैं। उन्होंने लिखा कि आज बाबा भले ही सशरीर हमारे साथ नहीं हैं लेकिन मुझे विश्वास है कि वे सूरज की हर रोशनी में हैं, हर पेड़ की छाया में हैं, हर बहती हवा में हैं, हर नदी की धार में हैं, हर उस अग्नि की लौ में हैं, जिसमें उन्होंने मुझे सत्य, संघर्ष, कभी न झुककर-निडर होकर जन-जन की सेवा करने की शिक्षा दी। झारखंड के सीएम आगे लिखते हैं, 'मेरे बाबा के आदर्श, विचार और शिक्षा की सीख मेरे लिए सिर्फ पुत्र धर्म नहीं, सामाजिक दायित्व भी है। उन्होंने मुझे अपने लोगों से जुड़ना सिखाया, मुझे बताया कि नेतृत्व का अर्थ शासन नहीं, सेवा होता है। आज जब मैं अपने राज्य की जिम्मेदारी उठाता हूं तो उनकी बातें, उनकी आंखों का विश्वास, उनकी मेहनत और संघर्ष से सना हुआ चेहरा, लोगों की पीड़ा खत्म करने वाला दृढ़िवश्वासी मन, शोषितों-वंचितों और आदिवासी अस्मिता को मुख्यधारा में लाने का संकल्प, मुझे हर निर्णय में मार्गदर्शन देता है।' हेमंत ने लिखा, 'बाबा अब प्रकृति में हैं। अब इस मिट्टी में हैं, हवा में हैं, जंगलों में हैं, नदियों में हैं, पहाड़ों में हैं, गीतों में हैं, उन अनगिनत लोककथाओं की तरह, जो हमेशा अजर-अमर रहती हैं।' सीएम ने लिखा, 'बाबा मुझे गर्व है कि मैं आपकी संतान हूं, मुझे मान है कि मैं वीर योद्धा दिशोम गुरुजी का अंश हूं।' वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें! वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन जिंदाबाद!



# हाइवा से टकरा बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में रविवार तड़के हुए एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। लकड़ाकोचा मोड़ के पास हुए इस हादसे में जमशेदपुर के बारीडीह निवासी तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान लखन कुमार, संजय लोहार और राजू सांडिल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार शनिवार रात तीनों दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर अपनी बहन के घर चाईबासा जाने के लिए निकले थे। देर रात जब वे लकड़ाकोचा मोड़ के पास पहुंचे तो सड़क किनारे खड़े एक हाईवा से उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद हाईवा चालक घटनास्थल से फरार हो गया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। गुस्साए परिजनों ने ट्रैफिक नियमों में लापरवाही को हादसे का कारण बताया और हाईवा मालिक को बुलाने की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित परिजनों ने मृतकों के परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने की कोशिश की और जाम हटवाने में जुट गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# सर्वधर्म प्रार्थना सभा में याद किए गए शिबू सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने आज रविवार को कांग्रेस भवन में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक रहे दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। यह कार्यक्रम रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सबसे पहले दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं ने एक साथ सामूहिक प्रार्थना कर श्रद्धांजलि दी। गुरुजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर परिचर्चा में इतिहासकार डॉ इलियास मजीद ने दिवंगत शिबू सोरेन की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने शिबू सोरेन के व्यक्तित्व, उनके संघर्षों और झारखंड निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने उन्हें एक दूरदर्शी नेता, गरीबों और आदिवासियों के मसीहा और झारखंड के जननायक के रूप में याद किया। इस श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य रूप से जिला पर्यवेक्षक शहजादा अनवर, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, राजीव रंजन राजू, चंद्र रश्मि पिंगुआ, रमेश पांडे, शहीद अहमद, माधव कच्छप विनोद सिंह, अमरजीत सरदार, संतोष कुमार, शैलेन्द्र सिंह, सहाबीर लोहरा, नंद किशोर चंदेल, विजय टोप्पो, संजर खान, अख्तर अंसारी, हैदर अंसारी, रिज़वान अंसारी, अब्दुस सलाम, संजय सरैया, खरगेश चंद महतो एवं ग्रामीण कमेटी के अन्य नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में इलेक्ट्रॉनिक पर्दे पर राहुल गांधी द्वारा निर्वाचन आयोग का वोट चोरी का खुलासा से संबंधित वीडियो प्रसारित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि शिबू सोरेन का निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका जीवन और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास के लिए उनके देखे गए सपने को पूरा करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, सोमवार 11 अगस्त 2025

# डिजनीलैंड मेले में हादसा, ड्रैगन ट्रेन की बोगी टूटी भोजपुर में 12 साल की बच्ची की मौत, 2 घायल

### अस्पताल में परिजनों का हंगामा

**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर के जगदीशपुर नगर के संत बराहना महिला कॉलेज के पीछे लगे डिजनीलैंड मेले में बड़ा हादसा हुआ है। ड्रैगन ट्रेन का बोगी टूटकर गिरने से नीचे खड़ी 12 साल की बच्ची की मौत हो गई। जबकि दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद इलाज में देरी और समय पर एम्बुलेंस नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। स्थिति को देखते हुए अस्पताल कर्मी फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका की पहचान खपटहां रोड नट टोला निवासी मंटू नट की पुत्री नैना कुमारी( 12 ) के तौर पर हुई है। 6वीं क्लास की छात्रा थी। जबकि घायलों में बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा निवासी टिंकू नट की पुत्री ट्विंकल कुमारी( 5 ) और चरपोखरी गांव निवासी दीपू नट की पत्नी रीमा कुमारी( 28 ) समेत अन्य लोग शामिल है।

### राखी बांधने के बाद मेला घूमने गई थी


मृतका की बहन प्रिया कुमारी ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन मेरी बहन काफी खुश थी। हाथों में मेंहदी, नया कपड़ा पहनकर पहले भाई प्रिंस को राखी बांधी। फिर अपने चचेरे भाइयों को राखी बांधने के बाद हमलोग डिजनीलैंड मेला में घूमने गए थे। ड्रैगन ट्रेन को बाहर खड़ा होकर देख रहे थे। बहन बोल रही थी कि काफी तेज चला रहा है। इसी बीच एक बोगी टूटकर नीचे तीन चार लोगों पर आ गिरा। जिसमें नैना की मौत हो गई।

### मेला प्रबंधक की गलती से हादसा

घायल ट्विंकल की नानी चंद्रावती देवी ने बताया कि उसकी बेटी रीमा और नतनी रक्षाबंधन में घर खपटहां आई थी। सभी लोग मेला घूमने गए थे। तभी यह हादसा हुआ है। नतनी और बेटी के सिर में चोटें आई है। प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। सब मेला प्रबंधक की गलती है। जगदीशपुर थाना में पदस्थापित दरोगा रूप नारायण राय ने बताया कि बच्चियां मेला घूमने गई थी। तभी ड्रैगन ट्रेन टूटकर गिर गया। एक बच्ची की मौत हुई है। दो अन्य लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।

### लापरवाही के चलते हुआ हादसा

जानकारी के मुताबिक रक्षाबंधन और 15 अगस्त को लेकर एक सप्ताह पूर्व डिजनीलैंड मेले का उद्घाटन किया गया था। जिसमें मानक को नजरअंदाज कर मेला चलाया जा रहा था। ड्रैगन ट्रेन की स्थिति काफी खराब थी। जिसके कारण 5वें नंबर की बोगी ज्वाइंट से टूटकर बीस मीटर दूर जा गिरा है। इस हादसे में एक बच्ची की जान चली गई। नैना घर में सबसे छोटी थी।





### जानबूझकर बच्ची को मार दिया

नैना के पिता मंटू नट ने इलाज देरी और ऑन ड्यूटी चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी जख्मी थी। तुरंत उसे इलाज के लिए जगदीशपुर रेफरल अस्पताल में लाया गया। दो घंटा एंबुलेंस को आने में लगा है। बिना इलाज किए डॉक्टर भाग गया है। जिसके कारण आज मेरी बेटी की जान चली गई है। आधा घंटा वो जिंदा थी। जितना देरी यहां किया है, उतना देर में बेटी पटना चली जाती। जानबूझकर मार दिया गया है।

# भोजपुर में अपहरण के बाद नबालिग की हत्या

### घर पर फोन कर कहा था, 20 हजार रुपए दे दो नहीं तो ये लोग मुझे मार देंगे



**आरा/भोजपुर, एजेंसी।** भोजपुर में अपहरण के बाद किशोरी की हत्या कर दी गई और लाश को नहर में फेंक दिया गया। नाबालिग 2 दिन से लापता था। किशोर के चचेरे भाई सत्य नारायण के अनुसार 2 दिन पहले मृतक विश्वकर्मा कुमार उर्फ छप्पन का गांव के ही एक ऑटो चालक से झगड़ा हुआ था। ऑटो का शीशा टूट गया था। गुरुवार की शाम भाई बाइक से स्टेशन गया था, तभी आरोपी युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे पकड़ लिया। कुछ देर बाद विश्वकर्मा ने अपने ही मोबाइल से मां को फोन किया था। कह रहा था कि ये लोग मुझे मार रहे हैं। 20 हजार रुपए की मांग कर रहे हैं। जल्दी पैसे लेकर आओ, वरना ये लोग मुझे मार देंगे।इसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। आज उसकी लाश मिली है। घटना नवादा थाना क्षेत्र के प्राइवेट बस स्टैंड स्थित नहर के पास की है।

**परिजन का आरोप, फिरौती के बाद हत्या :** मृतक की पहचान उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सबलपुर बेहरा गांव निवासी स्व. रामेश्वर यादव के बेटे विश्वकर्मा कुमार उर्फ छप्पन कुमार के रूप में हुई। परिजन का आरोप है कि किशोर को अगवा कर 20 हजार रुपए की फिरौती मांगी गई थी। पैसे नहीं देने पर उसकी हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मामले की जांच शुरू कर दी है।

**एक को हिरासत में लिया:** चचेरे भाई के अनुसार शुक्रवार को खोजबीन के दौरान विश्वकर्मा की बाइक मलथर बाजार में सड़क किनारे लावारिस हालत में मिली। परिजन पुलिस को बताया कि नंदलाल का बेटा और उसके साथी विश्वकर्मा को पकड़कर ले गए थे। पुलिस ने नंदलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। नवादा थाना पुलिस ने शुक्रवार को परिजन को सूचना दी कि नहर में एक शव मिला है। मौके पर पहुंचे परिजन ने शव की पहचान विश्वकर्मा कुमार के रूप में की। मृतक के चचेरे भाई ने नंदलाल के बेटे व उसके साथियों पर अपहरण, फिरौती मांगने और हत्या कर शव नहर में फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। विश्वकर्मा कुमार अपनी दो बहनों और एक भाई में सबसे छोटा था और मां-बाप का इकलौता बेटा था। पिता की मौत कुछ साल पहले हो चुकी थी।



## बेतिया में 2 बाइकों की टक्कर में 2 की मौत :एक की हालत गंभीर, जीएमसीएच में इलाज जारी

**बेतिया, एजेंसी।** बेतिया में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल व्यक्ति का इलाज जीएमसीएच में चल रहा है। घटना योगापट्टी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर चौक पर हुई। मृतकों की पहचान सिरसिया थाना क्षेत्र के गरहुआ गांव निवासी पूरन मांझी और मछरगांवा गांव के रतन मांझी के रूप में हुई है। हादसे में घायल युवक की पहचान गरहुआ गांव के भूटी मांझी के रूप में हुई है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बाइक तेज गति से आ रही थीं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को सड़क से हटाकर योगापट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने जांच के बाद दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। तीसरे घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बेतिया के जीएमसीएच रेफर किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

# बक्सर के भैसही नदी में 17 वर्षीय किशोर डूबा

### दोस्तों के साथ नहाने गया था, तेज धारा में बहा



**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर में नहाने के दौरान किशोर की भैसही नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना कुशलपुर गांव की है। मृतक की पहचान राजेंद्र गोंड का बेटा रवि गोंड( 17 ) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रवि शाम करीब चार बजे अपने चार-पांच दोस्तों के साथ गांव के बाहर स्थित पुल के पास नदी में नहा रहा था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया। तेज धारा में बहकर वह आंखों से ओझल हो गया। उसके साथ नहा रहे दोस्त घबराकर गांव पहुंचे। उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय तैराकों की मदद से खोजबीन शुरू की गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही रवि के घर में कोहराम मच गया। माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नदी किनारे परिजनों के क्रंदन से वातावरण गमगीन हो गया है। स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य में जुट गई। ग्रामीणों ने एसडीआरएफ टीम को बुलाने की मांग की है। अंधेरा बढ़ने और तेज धारा के कारण खोजबीन में कठिनाइयां आ रही हैं।

देर शाम तक एसडीआरएफ टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंच पाई थी। कुशलपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा कुमार ने बताया कि ग्रामीण गोताखोर लगातार खोजबीन कर रहे हैं। अभी तक रवि का कोई सुराग नहीं मिला है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द एसडीआरएफ टीम भेजने की अपील की है।

### चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग

भैसही नदी में यह पहली घटना नहीं है। शुक्रवार को भी नया भोजपुर का एक युवक इसी नदी में डूब गया था। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा के उचित प्रबंध करने की मांग की है। साथ ही, लोगों को गहरे पानी में नहाने से रोकने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाने की भी मांग की है।

फिलहाल रवि की तलाश जारी है। ग्रामीण और पुलिस के साथ-साथ बचाव दल के आने का इंतजार किया जा रहा है। परिवारजन उसकी सलामती की दुआ कर रहे हैं।

# बाढ़ के पानी में डूबने से राजमिस्त्री की मौत, 8 घंटे बाद एसडीआरएफ ने निकाला शव



### वैशालीमें शौच के लिए जाते समय फिसला पैर

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली के गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के सैफपुर गांव में बाढ़ में डूबने से राजमिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी रामबाबू दास के बेटे रणधीर दास( 40 ) के रूप में हुई है। घटना शनिवार सुबह लगभग 9 बजे की है। शौच के लिए जा रहे रणधीर का पैर फिसल गया। वह बाढ़ के पानी में डूब गए। घटना के समय मौजूद लोगों ने शोर मचाया। स्थानीय लोगों ने तुरंत उनके परिवार को सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए।

### 8 घंटे बाद मिला शव

घटना की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने बाढ़ के पानी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। कई घंटों की मशक्कत के बाद शाम करीब 5 बजे एसडीआरएफ टीम ने रणधीर का शव बाहर निकाला। गंगा ब्रिज थाने की पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### दो बेटों के थे पिता

मृतक के परिवार ने बताया कि रणधीर राजमिस्त्री का काम करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके दो बेटे हैं। गंगाब्रिज थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। एसडीआरएफटीम के शव निकालने के बाद उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

# रक्षाबंधन मना कर लौट रहे भाभी-देवर की मौत: कैमूर में वाहन ने मारी टक्कर, नहर में गिरे दोनों



**कैमूर, एजेंसी।** कैमूर के दुर्गावती थाना क्षेत्र में रक्षाबंधन के दिन एक दुखद घटना हुई। कर्मनाशा चांद नहर पर सड़क हादसे में देवर और भाभी की मौत हो गई। मृतकों की पहचान ऋषिकेश राय (24) और उनकी भाभी लक्ष्मीना देवी (30) के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई लक्की राय ने बताया कि रक्षाबंधन पर लक्ष्मीना देवी अपने छोटे देवर ऋषिकेश को लेकर अपने मायके राखी बांधने गई थीं। वापस लौटते समय कर्मनाशा चांद नहर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों नहर में गिर गए। घटनास्थल से गुजर रहे लोगों ने दोनों की पहचान की। उन्हें तुरंत उपचार के लिए उत्तर प्रदेश के चंदौली अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

**शव पहुंचते ही परिवार में मचा कोहराम :** घटना की सूचना मिलते ही दुर्गावती पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया है। अब दोनों शव घर लाए जा चुके हैं। घटना की खबर सुनकर पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। ब सपा नेता सतीश यादव उर्फ पिंटू और भाजपा विधायक अशोक कुमार सिंह भी पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पटना होगा प्लास्टिक मुक्त, लगेगा रिवर्स वेंडिंग मशीन

### कदमकुआं वेंडिंग जोन से होगी शुरुआत, शहर के पांच जगह पर होगा इंस्टॉल

**पटना, एजेंसी।** पटना में सावन महीने में झमाझम बारिश हुई, जिसके कारण जलजमाव देखने को मिले थे। कई इलाकों में मैनहॉल की सफाई के दौरान प्लास्टिक की बोतलें और पॉलिथीन के साथ नारियल, बरतन, कंबल, तकिए और शीशे की बोतलें भी मिली। इसी कड़ी में पटना नगर निगम शहर को प्लास्टिक कचरे से मुक्त कराने के लिए रिवर्स वेंडिंग मशीन (ऋङ्कङ्करू) लगाएगा। इसकी शुरुआत पटना के सब्जी मार्केट वाले इलाकों से होगी।

### शहर के पांच जगह पर होगा इंस्टॉल

वेजिटेबल मार्केट के बाद फिर शहर में पांच जगहों पर इस रिवर्स वेंडिंग मशीन को लगाया जाएगा। इसमें मुख्य जेपी गंगा पथ, मौर्या लोक कॉम्प्लेक्स, पटना चिड़ियाघर और बोरिंग रोड चौराहा पर इंस्टॉल किया जाएगा। ये मशीनें लोगों से इस्तेमाल की हुई प्लास्टिक बोतलें और कैरी बैग वापस लेंगी और बदले में उन्हें कुछ प्रोत्साहन राशि या ग्रीन पॉइंट देंगी। इंस्टॉलेशन के लिए पांच मशीनों को मंगा जा रहा है। ये मशीनें 20 इंच की डिजिटल स्क्रीन से लैस होंगी और एक घंटे में 90-120 बोतलें रीसाइकिल कर सकती हैं। ये 2000 मिली तक की प्लास्टिक की बोतलें स्वीकार करेंगी। यह मशीन 400 किलोग्राम वजनी है और पूरी तरह से ऑटोमैटिक है।

### कदमकुआं वेंडिंग जोन से होगी शुरुआत

पटना नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि नाले की सफाई के दौरान प्लास्टिक, शीशे के साथ थर्मोकोल, रजाई, तकिए मिले हैं। खुले नाले में यह सब चीजें किसी भी परिस्थिति में नहीं डाले जाए। बहुत जगह लोग चुपके से रात्रि के समय में कचरा डाल देते हैं, जो कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है। लोगों को खुद जागरूक होना होगा और सावधानी बरतना होगा। पूर्णतः जल निकासी के बाद हम लोग एक राउंड 15 दिन का विशेष सफाई अभियान चलाएंगे। वहीं, रिवर्स वेंडिंग मशीन पर उन्होंने कहा कि वेजिटेबल मार्केट से इसकी शुरुआत होगी, मुख्यतः कदम कुआं वेंडिंग जोन से। फिर धीरे-धीरे शहर के अन्य इलाके में इसे लगाया जाएगा।




### कैसे काम करेगी रिवर्स वेंडिंग मशीन

रिवर्स वेंडिंग मशीन एक अत्याधुनिक डिवाइस है जो खाली प्लास्टिक की बोतलें स्वीकार करती है। लोग अपनी खाली बोतल मशीन में डालेंगे, अपना मोबाइल नंबर डालेंगे और मशीन रीसाइकिल होने वाली बोतलों की संख्या के आधार पर उन्हें प्रोत्साहन राशि देगी। एक बोतल पर, एक हरे अंक मिलेगा और पांच अंक पर एक कूपन दिया जाएगा। यह उनके मोबाइल नंबर से जुड़े अकाउंट में जमा हो जाएगी, जिसे बाद में ऑनलाइन या स्टोर पर भुनाया जा सकता है। मशीन के अंदर एक क्रशर भी लगा है, जो बोतलों को तुरंत छोटा कर देता है। इससे स्टोरेज और ट्रांसपोर्ट का खर्च कम होता है। इस पहल से प्लास्टिक कचरे को सही तरीके से रीसाइकिल करना आसान हो जाएगा।

# सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान का 9वां जत्था बच्छई पंचायत से रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**चौपारण (हजारीबाग)।** बुजुर्गों के सम्मान और आस्था की पूर्ति के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत रविवार को बच्छई पंचायत से श्रद्धालुओं का एक विशेष जत्था चार प्रमुख तीर्थ स्थलों की ओर रवाना हुआ। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज यादव ने यात्रियों के पांव पखारे और पुष्प वर्षा कर तीर्थ यात्रा के लिए बस को रवाना किया। जत्था उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, काशी विश्वनाथ, अयोध्या और मां विंध्यवासिनी धाम की यात्रा करेगा। कुल 65 श्रद्धालु तीर्थयात्री इस यात्रा में शामिल हुए। यात्रा की शुरुआत बच्छई हनुमान मंदिर प्रांगण से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हुई, जहां भगवा पताका लहराई गई, पुष्पवर्षा की गई और गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं को उत्साहपूर्वक विदाई दी गई। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने सभी तीर्थयात्रियों का आशीर्वाद लिया और उनके मनोबल को बढ़ाया। उन्होंने यात्रा के महत्व और इससे जुड़ी धार्मिक महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। वहीं विधायक मनोज यादव ने कहा कि पूरे भारत में केवल हजारीबाग से ही यह अनूठी तीर्थयात्रा निकाली जा रही है, जिसमें गरीब और वंचित वर्ग के लोग तीर्थ का लाभ ले रहे है। मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि खोखा सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता अर्जुन साव, राजदेव यादव, रामस्वरुप पासवान, जुगनू सिंह, अनिल मिश्रा, गुरुदेव गुप्ता, विकास यादव, जन्मजेय सिंह, रंजीत चनद्रवंशी, श्यामलाल साव, बिनोद साव, सुनील सिंह, विराज रविदास, सुधीर कौशल, गजाधर प्रसाद, कपिलदेव यादव, इंद्रदेव दांगी, मुखिया जानकी यादव, संतोष सिंह, प्रवीण सिंह, प्रतिनिधि मोहन साव, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, समाजसेवी विवेकानन्द विवेक, संजय गुप्ता, आदित्य साव, मनोज मिश्रा, बंटी साव, सकलदेव यादव सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

## चौपारण प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** रविवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत उत्साहपूर्वक की गई। मुख्य कार्यक्रम चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. फरहाना महफूज ने किया। उन्होंने स्वयं दवा खाकर संदेश दिया कि फाइलेरिया से बचाव का सबसे कारगर उपाय समय पर दवा सेवन है। दैहर पंचायत में समाजसेवी नागेन्द्र कुशवाहा ने दवा खाकर अभियान की शुरुआत की और ग्रामीणों से अपील की कि लापरवाही न करें तथा स्वयं और परिवार को इस गंभीर बीमारी से बचाने के लिए दवा जरूर लें। ग्राम पंचायत बच्छई के डुमरी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पंचायत मुखिया बिरेन्द्र रजक और उपमुखिया संजय साव ने ग्रामीणों को दवा खिलाकर फाइलेरिया मुक्त बच्छई बनाने का संकल्प लिया।

# सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे नेमरा पूर्व सीएम शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

## शोक संतप्त सीएम हेमंत सोरेन सहित उनके परिजनों से मिलकर जताई गहरी संवेदना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हजारीबाग।** रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के पैतृक गांव हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रांतर्गत रामगढ़ जिला जिला के बरलंगा प्रखंड स्थित ग्राम नेमरा पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से उनकी पुनीत आत्मा की शांति की कामना की। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष और जनसेवा के प्रति समर्पण हमेशा समाज के लिए प्रेरक रहेगा। मौके पर विशेषरूप रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसवाल, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, भाजपा नेता छोटन सिंह, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, वरिष्ठ नेता मनोज महतो, बरलंगा मंडल सांसद प्रतिनिधि मंशू वेदिया, बबली सिंह, के.बी. सहाय, ललन कुशवाहा, सूरज वर्मा, संतोष कुशवाहा, बासुदेव, सुधीर महतो सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# रक्षाबंधन सिर्फ त्यौहार ही नही यह एक स्नेह एवं विश्वास का बंधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ ब्लॉक रोड जाने वाले मार्ग के किनारे मॉम्स बेकरी के बगल में ''मिरर ऑफ द सोसाइटी'' कोचिंग संस्थान में सावन पूर्णिमा में रक्षा बंधन त्योहार पर राखी बनाने की प्रतियोगिता, पेंटिंग/पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान क्विज आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं एवं टीचिंग स्टाफ को पवित्र रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। रक्षाबंधन कार्यक्रम के पूर्व मिरर ऑफ द सोसाइटी'' कोचिंग संस्थान के डायरेक्टर एवं संस्थापक अमन कुमार ने अपने सहयोगी एवं सैकड़ो की सँख्या में कोचिंग संस्थान में अध्ययनरत छात्र -छात्राओं संग प्रखण्ड के हेठली मुरगाओं में स्थित राधाकृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चनाकर लड्डू गोपाल को रक्षा सूत्र चढ़ाया। रक्षा बंधन के मौके पर कोंचिंग सेंटर के डायरेक्टर एवं संस्थापक अमन कुमार ने विद्यालय परिवार एवम सभी छात्र-छात्राओं को रक्षा बंधन की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्यौहार हमारे जीवन में बहुत महत्व रखते हैं, जो हमारी पुरातन संस्कृति को दर्शाते हैं, रक्षाबंधन सिर्फ त्यौहार ही नही यह एक स्नेह एवं विश्वास का बंधन है, रक्षा का संकल्प है और आपसी भाई-चारे की डोर है, हमारे संस्थान का मुख्य उद्देश्य शिक्षण और शिक्षण है, एक परिवार में जैसे भाई-बहन रहते ठीक उसी प्रकार शिक्षण संस्थान में सभी छात्र-छात्रा रहकर अध्ययन करें, और आने वाले समय मे ऊंचे-ऊंचे पदों पर जाकर हमारे शिक्षण संस्थान 'मिरर ऑफ द सोसाइटी', अपने परिवार तथा अपने प्रखंड का नाम रौशन करें, उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय बहनों के प्रति परम्परागत अटूट-स्नेह का जिक्र करते हुए सभी बहनों एवं स्कूल की छात्रांओ को समस्त विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद किया। इस मौके पर मुख्य रूप से आयुष कुमार(सहायक शिक्षक),पीयूष कुमार (सहायक शिक्षक), नेहा भारती (सहायक शिक्षिका) समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र- छात्रांए उपस्थित थे।

# कोनार विस्थापितों ने विश्व आदिवासी दिवस पर फुटबॉल मैच का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत डीवीसी कोनार डैम फुटबॉल मैदान में विश्व आदिवासी दिवस के सुअवसर पर एकदिवसीय फुटबॉल मैच का भव्य आयोजन किया गया। एकदिवसीय फुटबॉल मुकाबले के पूर्व झारखंड के पुरोधा पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 शिबू सोरेन श्रद्धांजलि अर्पित किया गया साथ झारखण्ड के महापुरुष भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू कान्हु, बाबा तिलका मांझी समेत झारखंड के अन्य नायकों को श्रद्धासुमन अर्पित कर सभी को नमन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा केंद्रीय संगठन महासचिव महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड बीससूत्री उपाध्यक्ष सह जेएमएम नेता छोटेलाल बेसरा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

एकदिवसीय टूर्नामेंट में कुल आठ टीमो ने हिस्सा लिया जिसमे मानपुर की टीम विजेता बनी तथा उपविजेता गझण्डी की टीम बनी वहीं क्रमशः तीसरे स्थान में गोंदलीटांड़ और अलकिलवा की टीम चौथे स्थान पर रही। विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि माही पटेल एवं विशिष्ठ अतिथि छोटेलाल बेसरा ने ट्रॉफ़ी, पुरुस्कार एवं मेडल का वितरण किया गया। पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माही पटेल ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है, युवा अपने आप को फिट रख सकते हैं। आज आदिवासी दिवस पर हमारे झारखण्ड के वीर शहीदों ने जो सपना देखा है, उसे हम सब को मिलकर आगे बढ़ाना है। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन को लेकर जेएलकेएम केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो 14 अगस्त को विष्णुगढ़ के सारुकुदर में उपस्थित होंगे। वहीं छोटेलाल बेसरा ने भी कहा कि विश्व आदिवासी दिवस पर हमें पूर्वजों याद करने और प्रेरणा लेने की जरूरत है। जल, जंगल और जमीन की लड़ाई को हमारे पूर्वजो ने कभी समझौता नहीं किया, हमे अपने जल, जंगल, जमीन की रक्षा हमसब को मिलकर करना है। कार्यक्रम के आयोजन में मुख्यरूप से साहेबराम हेंब्रम, मनोज बेसरा, बबलू बेसरा, टूनटून हेंब्रम, अरुण बेसरा, भेखलाल हेंब्रम समेत अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अपना चैरिटेबल ट्रस्ट ने असहाय शनिचर मरांडी के परिवार को की मदद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विष्णुगढ़।** प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर पंचायत के टोला गिधिनिया, मोसरीतरी में अपना चैरिटेबल ट्रस्ट ने शनिचर मरांडी के परिजनों से मिलकर उनके श्राद्ध कर्म में अनाज सामग्री देकर सहयोग किया। बता दें कि बीते सप्ताह पूर्व शनिचर मरांडी की कर्नाटका के काकीनाडा में मौत हो गई थी। उनके शव पैतृक गांव एंबुलेंस से पहुंचने पर बीच में सड़क एवं पुल नही रहने से उनके परिजन शव को खाट में रखकर बांस की बल्ली के सहारे नाले को पार कराया और घर पहुंचा। उस आदिवासी गांव में अधिकांश परिवार गरीब परिवार से हैं, जो मूलभूत सुविधाओं से अभी तक वंचित हैं, और लगभग ग्रामीण कच्चे मकान में रहने की मजबूर है, वही आवागमन करने के लिए आज तक पक्की सड़कें नही बनाई गई है, लोग पैदल नदी पार कर आवागमन करने पर मजबूर है, इस गांव के लोगो को रोजमर्रा के जीवन में बहुत सारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे ही मुश्किलों का सामना कर रहें, गिधिनिया निवासी का एक गरीब परिवार शनिचर मरांडी है। उनके निधन से उनके परिवार पर दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा है, इस दुःख के संकट में अपना चैरिटेबल ट्रस्ट को जानकारी मिलते ही श्राद्ध कर्म में लगने वाले कुछ जरुरी सामग्री जैसे आटा और आलू देकर आदिवासी दिवस के अवसर पर पीड़ित परिवार को सहयोग किया गया। इस मौके पर ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस के निर्देशक सुनील कुमार ने परिजन को सांत्वना देते हुए कहा कि जीवन का यही रीत है, जो इस धरती पर जन्म लिया उनको मरना एक दिन तय है, इसलिए आप अपने पीछे के दुःखो भूलते हुए अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये कार्य कीजिए। एसवीएम पब्लिक स्कूल के निर्देशक प्रदीप कुमार महतो ने गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि आप सब हमारा परिवार है, हम बहुत ही नजदीक गांव से हैं, यदि कोई समस्या हो तो आप सब जरूर हम लोगों से मदद ले। जेएलकेएम के नेता गौतम कुमार महतो ने कहा कि आप सब बहुत ही साहसी है, इतने मुश्किल होने के बावजूद भी अपने जीवन को आगे बढ़ने का प्रयास कर रहें हैं जो काफी काबिले तारीफ है। सिकंदर साव ने कहा कि हमारा ट्रस्ट यथासंभव हर गरीब परिवार को मदद करते आए हैं और करते रहेंगे। इस मौके पर रेलवे में कार्यरत साव, राहुल महतो, वार्ड सदस्य मुकेश महतो, प्रकाश महतो, नीलकंठ महतो, लखन महतो आदि उपस्थित रहें।

# जहानाबाद में भाजपा नगर मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** जहानाबाद भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा ऊंटा मोड़ से शुरू होकर मलहचक मोड़, सट्टी मोड़, हॉस्पिटल मोड़, बतीस भंवरिया मोड़ होते हुए अंबेडकर चौक पर संपन्न हुई। पूरे नगर में भारत माता की जय, वंदे मातरम और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से देशभक्ति का माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल उत्तरी अध्यक्ष रिजु साहू और दक्षिणी अध्यक्ष अमित वर्मा ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल ठाकुर, अमरेंद्र शर्मा, शुभम कुमार मिट्ठू, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश वर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष कुणाल गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम गुप्ता, पूर्व जिला मंत्री विजय कुमार सत्कार, नगर महामंत्री ओम प्रकाश चौधरी, विनोद कुमार सिंह, भूपेश सिंह, नगर कोषाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, नगर उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, शिबू चौधरी, युवा मोर्चा के गौरव कुमार, बृजेश कुमार, बालकिशन कुमार, संतोष चंद्रवंशी, पंकज कुमार, ममता साहू, बुलेट बाबा, सुधीर सिंह, मंटू सिंह, मुकेश भारद्वाज, अनमोल कुमार, सुषमा साहू, विस्तारक संजीव पांडे समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। नगर अध्यक्ष रिजु साहू ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता नगर के हर घर तक तिरंगा पहुंचाने का संकल्प लेकर कार्य कर रहे हैं।

# पंजा कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में स्वमजीत पोद्दार बने 'चैंपियन ऑफ चैंपियन'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** चैंपियन जिम कोर्ट एरिया में द्वितीय पंजा कुश्ती चैंपियनशिप 2025 का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार पंजा कुश्ती महासचिव विक्रम कुमार, बिहार पंजा कुश्ती प्रेसिडेंट, झारखंड महासचिव आनंद साहू तथा जिम संचालक विनय कुमार और प्रेम कुमार ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया।विभिन्न वज़न वर्गों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को नकद राशि, मेडल, प्रमाणपत्र और फूड सप्लीमेंट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में रेफरी चंदन कुमार, विनय कुमार, बैजू कुमार, सूरज कुमार, बॉबी कुमार और आनंद साहू ने अपनी भूमिका निभाई। इस दौरान खिलाड़ियों को नशा मुक्ति का संदेश भी दिया गया। विक्रम कुमार ने कहा कि पंजा कुश्ती केवल ताकत का नहीं, बल्कि मानसिक और शारीरिक संतुलन का खेल है, जिसमें जीत-हार का फैसला नैनो सेकंड में होता है। उन्होंने बताया कि वजन वर्ग के आधार पर खिलाड़ियों को कैटेगरी में बांटकर मुकाबले कराए जाते हैं। यह खेल कठिन जरूर है, लेकिन इसमें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने पर खिलाड़ियों को रोजगार पाने का भी अवसर मिलता है।उन्होंने बताया कि कई जिलों और राज्यों से खिलाड़ी जहानाबाद आए हैं, जो शहर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने प्रशासन और सरकार से पंजा कुश्ती के लिए स्थायी प्रैक्टिस स्थल और सहयोग की मांग भी रखी। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सितंबर माह में होने वाली ईस्टर्न इंडिया पंजा कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने का अवसर मिलेगा, और वहां से चयनित खिलाड़ी बिहार पंजा कुश्ती चैंपियनशिप के नेशनल सिलेक्शन में खेलेंगे।

## कल्पवृक्ष धाम में होगा कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कल्पवृक्ष धाम परता में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजन को लेकर रविवार को बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता कल्पवृक्ष धाम के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की। बैठक में कमेटी के सदस्यों के अलावा ग्रामीण एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। इस दौरान सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाएगा और श्रीकृष्ण की छठी पर भंडारा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पूर्व मुखिया वीरेंद्र पांडेय, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र मालाकार, विजय यादव, राजेंद्र सिंह, अरुण सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# हाथ पंखा कृषि यंत्र ने दिलाई परंपरागत खेती की याद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** कृषि प्रधान देश भारत में खेती-बाड़ी सदियों से आजीविका का प्रमुख साधन रही है। आधुनिक तकनीक ने खेती को आसान जरूर बनाया है, लेकिन यह सुविधा हर किसान तक नहीं पहुंच पाई है। आर्थिक सीमाओं के कारण आज भी कई किसान पारंपरिक तरीकों से खेती कर रहे हैं, जो न केवल अतीत की याद दिलाते हैं बल्कि खेती की पुरानी आत्मा को भी जीवित रखते हैं। बरसाती उमस और तपती धूप के बीच जहानाबाद में गेहूं की ओसाई का एक ऐसा ही दृश्य देखने को मिला, जिसमें लगभग 60 वर्ष आयु के किसान दंपति हाथ पंखा कृषि यंत्र से अनाज साफ करते नजर आए। इस पारंपरिक यंत्र को स्थानीय भाषा में हाथ वाला पंखा कहा जाता है। इसमें पुरुष किसान पंखा चलाकर भूसी अलग करते हैं, जबकि महिला किसान साफ अनाज इकट्ठा करती हैं।

किसान विनोद यादव बताते हैं कि यह पंखा गेहूं, चावल, मसूर, चना आदि की ओसाई के लिए प्रयोग होता है। करीब 20 साल पहले यह हर खेत में दिखता था, लेकिन अब बहुत कम दिखाई देता है। हमारे पास यह 12 साल से रखा हुआ है और अच्छी स्थिति में होने के कारण आज भी इसका इस्तेमाल कर लेते हैं, उन्होंने कहा। यादव के अनुसार अब इसे बनाने वाले कारीगर भी बहुत कम बचे हैं, हालांकि कोई मिस्त्री इसे करीब 1500 में तैयार कर सकता है। करीब 30 वर्षों से खेती कर रहे किसान मानते हैं कि आज का दौर मशीनों का है, लेकिन महंगे दाम हर किसान की पहुंच में नहीं हैं। ऐसे में परंपरागत यंत्र न केवल उनकी जरूरत पूरी करते हैं बल्कि ग्रामीण कृषि जीवन की पुरानी तस्वीर भी संजोए रखते हैं।

# सम्मानित हुए समाजसेवी बमेंद्र, अंगदान एवं रक्तदान के प्रति जागरुकता का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** देश में रक्तदान, अंगदान और देहदान के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से सक्रिय समाजसेवी बमेंद्र कुमार सिंह को रविवार को पटना में सम्मानित किया गया। चैंबर ऑफ कॉमर्स में दधीचि देहदान समिति, बिहार द्वारा आयोजित तृतीय भारतीय अंगदान दिवस, एकादश अंतरराष्ट्रीय अंगदान दिवस एवं षष्ठम राज्य स्तरीय सम्मेलन के अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर नागालैंड के पूर्व राज्यपाल सह समिति के अध्यक्ष गंगा प्रसाद ने सम्मानित किया। इस मौके पर उनकी पत्नी किरण भी मौजूद रहीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यदि इंसान मरने के बाद भी जिंदा रहना चाहता है, तो नेत्रदान और अंगदान अवश्य करे। मंच पर बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिंदे कुमार, चेयरमैन सोटो डॉ. मनीष मंडल, दीघा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। दधीचि देहदान समिति के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2013 से अब तक 22 देहदान, 3 अंगदान और 1600 कॉर्निया दान कराए जा चुके हैं। समिति ने बिहार के अधिकांश जिलों में शाखाएं स्थापित कर जागरूकता अभियान चलाया है। औरंगाबाद शाखा के लिए समाजसेवी बमेंद्र कुमार सिंह को नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही औरंगाबाद में 11 सदस्यीय समिति का गठन कर अभियान को गति दी जाएगी।

## अज्ञात बाइक सवार ने युवक को मारी ठोकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** रविवार की देर शाम पटना गया राष्ट्रीय मार्ग के मुससी गांव के समीप अज्ञात बाइक में सड़क किनारे खड़े एक युवक को जबरदस्त ठोकर मार दिया। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक मुससी गांव निवासी मनोहर कुमार बताया जाता है। इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि मनोहर सड़क किनारे खड़ा था, तभी तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात बाइक ने उन्हें जबरदस्त ठोकर मार दिया। वही ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार किया है।

# बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा का दौरा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को कुटुंबा विधानसभा में बूथ सशक्तिकरण को लेकर कुटुंबा पूर्वी मंडल के घेउरा, रिसियप, भरौंधा, बैरांव, कर्मा बसंतपुर, तेलहारा और अंबा पंचायत का दौरा किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती पर चर्चा की और बीएलए-टू व नए बूथ पर बूथ कमिटी बनाने के बारे में बताया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, उपाध्यक्ष पूनम देवी, संतन सिंह, पंकज सिंह, हरेंद्र सिंह, राजेश चौधरी, अभय पासवान आदि उपस्थित थे।

# विधायक ने की डायरिया पीड़ित परिवार से भेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र की विधायक अरुणा देवी ने पकरीबरावां थाना क्षेत्र के उकौड़ा गांव में डायरिया से पीड़ित परिवार वालों से भेंट की। लोगों ने बताया कि डायरिया से गांव के तीन लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोग इससे आक्रांत है। इस बीच डायरिया से पीड़ित लोगों से विधायक ने बात की। लोगों ने बताया कि वार्ड नम्बर 10 में नल का जल योजना के नहीं होने से वे लोग दूषित पानी पी रहे हैं। बताया गया कि मोहल्ले में पानी के निकासी की भी व्यवस्था नहीं है। विधायक ने एसडीओ एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात कर पीड़ित परिवार को सरकारी आर्थिक मदद दिए जाने की मांग की। ग्रामीणों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने को कहा गया। उन्होंने सिविल सर्जन एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से बात की। उन्होंने गांव में नियमित रूप से मेडिकल कैम्प की व्यवस्था करने को कहा। मोहल्ले के सभी घरों में डीडीटी का छिड़काव कराने को कहा गया। इस अवसर पर रामसकल सिंह, आसो पासवान, भाजपा अध्यक्ष मुकेश सिंह, पूर्व उप प्रमुख दिनेश सिंह, भाजपा नेता रामनंदन सिंह, राजकुमार यादव, कारू ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 10-08-2025 21:59 Page 1



# चुनाव से पहले चिराग पासवान को लगा झटका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सारण में लोजपा (रा.) के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह समेत 128 पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा दिया है।

यह घोषणा रविवार को योगिनिया कोठी दुर्गा मंदिर के निकट आयोजित बैठक में की गई। जानकारी के अनुसार, सारण कमेटी के 28 पदाधिकारियों, जिले के 20 में से 16 प्रखंड अध्यक्षों, पूरी महानगर इकाई और संसदीय बोर्ड के तीन सदस्यों ने लोजपा (रा.) को छोड़ दिया।

महिला मोर्चा के 19 में से 11 पदाधिकारियों, जिनमें जिलाध्यक्ष भी शामिल हैं, ने पार्टी से अलग होने का निर्णय लिया। छपरा महानगर के 20 वार्ड अध्यक्षों ने भी इस्तीफा दिया है।

इस्तीफा देने वाले प्रखंड अध्यक्षों में सोनपुर, दिघवारा, दरियापुर, परसा, अमनौर, मकेर, तरैया, बनियापुर, मढ़ौरा, एकमा, पानापुर, छपरा सदर, रिविलगंज, इसुआपुर के अध्यक्ष शामिल हैं।

राजनीतिक दलों में इस तरह का बदलाव सामान्य है, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का पार्टी

## ▶ 128 पदाधिकारियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

## ▶ पहले भी एक साथ 38 नेताओं ने दिया था इस्तीफा

छोड़ना निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है।

इससे पहले भी खगड़िया में 38 नेताओं के इस्तीफे देने की बात सामने आई थी। जिस पर लोजपा (रा) के जिला कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. पवन जायसवाल, नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनीष कुमार ने जानकारी दी थी।

उन्होंने कहा था कि पूर्व जिलाध्यक्ष शिवराज यादव और कुछेक अन्य व्यक्तियों के द्वारा भ्रामक खबर फैलाई गई थी। उन 38 में 28 हमारे साथ हैं और अपनी निष्ठा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के प्रति व्यक्त की है।

# डूब रही बच्ची को बचाने उतरी तीन बच्चियों में दो डूबी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिले के काको थाना क्षेत्र में रविवार को दो अलग-अलग जगहों पर तालाब में डूबने से दो मासूम सगी बहनों समेत तीन लोगों की जान चली गई।

घटना से दो परिवार में कोहराम मच गया। मृतकों में काको के भेलावर ओपी क्षेत्र के भसेरी गांव निवासी 40 वर्षीय संजय मांझी और पाली थाना क्षेत्र के उत्तर सेरथू पंचायत के नगमा गांव निवासी रुदल बिंद की दो पुत्री 13 साल की संजू कुमारी और 11 साल की रंजू कुमारी शामिल है।

गांव की चार बच्चियां पइन किनारे शौच के लिए गई थीं, तभी एक बच्ची का पैर फिसलने से वह पानी में जा गिरी और डूबने लगी, यह देख बारी-बारी से तीन बच्चियां भी पानी में उतर कर उसे बचाने का प्रयास करने लगी। बचाने के प्रयास में सभी तीन बच्चियां भी डूबने लगी।

तभी गांव के एक ग्रामीण की नजर डूबती हुई बच्चियों पर पड़ी। ग्रामीण ने पइन में छलांग लगा दी। किसी तरह दो बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाला पर दोनों सगी बहनों संजू कुमारी और रंजू कुमारी को नहीं बचा पाए।

दोनों बच्चियां पानी की तेज धार में बह गई। सूचना पर स्वजन व ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद दोनों बच्चियों को आनन-फानन पइन से बाहर निकाला गया। किंतु तब तक देर हो चुकी थी। दोनों बच्चियों की डूबने से मौत हो गई थी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। एक साथ दो मासूम बहनों की मौत से घर में कोहराम मच गया। स्वजन की चीख पुकार से अस्पताल परिसर का माहौल गमगीन हो गया। नगमा गांव में मातम पसर गया।

दूसरी घटना भेलावर ओपी के भसेरी गांव में हुई, जहां तालाब में डूबने से संजय मांझी की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया।

# बिल क्लिंटन के सलाहकार का ढोल नगाड़ों से हुआ स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयजी।** अमेरिका में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके एवं पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के सलाहकार रह चुके राबर्ट रोजन ने रविवार को टनकुप्पा प्रखंड के भेटौरा पंचायत का दौरा किया।

इस दौरान पिरामल फाउंडेशन के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतिनिधि भी उनके साथ थे। राबर्ट रोजन का पंचायत की मुखिया दिलीप प्रसाद यादव ने ढोल नगाड़ा बजाकर और अंगवस्त्र से पारंपरिक स्वागत किया।

पंचायत में चल रहे होम डिलीवरी मुक्त पंचायत अभियान के तहत संस्थागत प्रसव को लेकर हो रहे प्रयासों की जानकारी लेते हुए राबर्ट रोजन ने कहा कि स्थानीय नेतृत्व एवं समुदाय की सहभागिता से सामाजिक समस्याओं का समाधान संभव है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में इस तरह के सामाजिक भागीदारी के उदाहरण देखने को नहीं मिलते हैं। यह वाकई में एक प्रेरणादायक मॉडल है।

मुखिया दिलीप यादव एवं पूर्व मुखिया



अनिता देवी ने टीम को जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2022 से अब तक पंचायत में 900 से अधिक सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराए जा चुके हैं, जो जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं समुदाय के समन्वित प्रयास का परिणाम है।

उन्होंने बताया कि महिलाओं की समस्याएं ग्राम सभा और वार्ड सभा में प्राथमिकता से रखी जाती हैं, जिससे समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान निकलता है।

कार्यक्रम में उपस्थित मुखिया, वार्ड सदस्य, आशा, जीविका, आंगनबाड़ी सेविका सहित अन्य से बदलाव लाने में निभाई गई भूमिका को सुना और तारीफ की।

इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य उमेश दास, संजय पंडित वार्ड सदस्य, पिरामल के सीटीएम अक्षत शुक्ला, रोहित तलवार, नीरज कुमार, अंकिता कुमारी सहित अन्य प्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

# नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** पीरपैंती में नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। चार की संख्या में हथियारबंद आरोपितों ने छात्रा को बगीचे में हथियार का भय दिखा काबू किया और बारी-बारी से दुष्कर्म किया। आरोपितों ने पीड़िता का न्यूड वीडियो बना उसे इंस्टाग्राम पर भी डाल दिया। घटना की जानकारी पर पीड़िता के परिजन ने पीरपैंती थानाध्यक्ष से मिलकर घटना की जानकारी दी। पीरपैंती पुलिस ने पीड़ित पक्ष का आवेदन लेकर महिला थाने भेज दिया जहां महिला थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर लूसी कुमारी केस दर्ज करते हुए मामले में अनुसंधान कराए जाने की बात कही है।

वारदात को अंजाम देने मामले में आरोपित बनाए गए युवकों में मुहम्मद शेख शाहिद, मुहम्मद अफरू, मुहम्मद शोहरत और मुहम्मद मिस्टर शामिल हैं। आरोपितों को पीड़िता ने पहचान लिया और घर वालों को उनके संबंध में जानकारी दी।

जिसके बाद पीड़िता को लेकर उसकी मां ने पहले पीरपैंती थाना फिर वहां से महिला थाने पहुंचकर केस दर्ज कराया है। महिला थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर लूसी कुमारी ने केस दर्ज कर लिया है। महिला थाने में केस दर्ज कराते हुए पीड़िता की मां ने कहा है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री के साथ उपरोक्त चारों आरोपितों ने हथियार का भय दिखाकर गलत काम किया।

उसकी वीडियो बनाने वाले आरोपित ने उसे इंस्टाग्राम पर भी डाल दिया। जो तेजी से वायरल होने लगा। जिसकी जानकारी पर तकनीकी सेल के सहयोग से मामले में कार्रवाई भी की गई है। पीड़िता की तरफ से घर वालों को सामूहिक दुष्कर्म की जानकारी देने पर पीड़ित बेटी को लेकर उसकी मां बीते चार दिनों से थाने, अंचल इंस्पेक्टर कार्यालय, डीएसपी कार्यालय की चक्कर लगा रही थी।

### बाढ़ प्रभावितों की बेबसी पर

# अधिकारियों पर बरसे पूर्व राज्य सभा सदस्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** पूर्व राज्य सभा सदस्य राकेश सिन्हा तेघड़ा प्रखंड में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावितों की समस्या से अवगत होकर सीओ रविशंकर को फोन पर 12 बजे तक नाश्ता नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि 15 बार शिवजी को जल चढ़ाने के बराबर है बाढ़ प्रभावितों की सेवा करना।

पूर्व सांसद ने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों में छोटे-छोटे बच्चे हैं, वे 12 बजे तक भूखे कैसे रहेंगे? रातगांव पंचायत के वार्ड संख्या 13 एवं 14 भगवानपुर चक्की पर के लोगों को आवागमन के लिए सरकार के रजिस्टर में पांच नाव दी गई हैं, लेकिन धरातल पर तीन नाव ही उपलब्ध हैं। यहां रह रहे कुछ



परिवारों को पॉलीथीन दिया गया है, जबकि अधिकांश प्रभावित परिवार इससे वंचित हैं।

राकेश सिन्हा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावितों को सुबह आठ बजे तक नाश्ता और 12 बजे तक भोजन मिल जाना चाहिए। उन्होंने सीओ से ऐसी व्यवस्था करने को कहा। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में भ्रमण के दौरान विसौआ में उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से बाढ़ प्रभावित लोगों को परेशानी नहीं होगी। इसके लिए वे जरूरी और सख्त कदम उठाएंगे।

पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा कि प्रत्येक वर्ष बछवाड़ा प्रखंड से लेकर तेघड़ा, साहेबपुर कमाल, बलिया एवं शाम्हो प्रखंड के लोगों को बाढ़ की विभीषिका झेलनी पड़ती है। इसके लिए बचाव कैसे हो? विशेषज्ञ की टीम से मिलकर इसका निराकरण करवाएंगे।

# दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत जमुआं मोड़ के समीप शनिवार की देर रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक कार्यपालक सहायक की मौत हो गई। जबकि, दूसरे साथी घायल हो गए। सदर अस्पताल आरा में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। मृतक 30 वर्षीय जितेन्द्र कुमार शाहपुर थाना के बनाही वार्ड तीन निवासी लालू यादव के पुत्र थे। पेशे से पंचायती राज विभाग में कार्यपालक सहायक के पद पर कार्यरत थे। वर्तमान में जगदीशपुर प्रखंड के बसौना पंचायत में पदस्थापित थे। बारिश के दौरान कीचड़ के कारण बाइक फिसलने और पोल से टकराने के कारण हादसा होने की बात सामने आ रही है। रविवार की सुबह सदर अस्पताल आरा में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। घायल अमर कांत सिंह की हालत भी गंभीर है। इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार में मातम छाया है।

# स्कूल के समय कोचिंग चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

### निर्देश से कोचिंग संचालकों में मचा हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाले कोचिंग संस्थानों पर नकेल कसने के लिए शिक्षा विभाग ने निर्णय लिया है। अब कोचिंग संस्थानों की जांच अभियान चलाकर की जाएगी। विद्यालय के समय में कोचिंग चलने वाले संस्थानों पर कार्रवाई के साथ अर्थदंड भी लगाया जाएगा।

इस संबंध में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विकास कुमार डीएन ने बताया कि जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बिना निबंधन व विद्यालय के समय में कोचिंग संस्थानों का संचालन किया जा रहा है। ऐसे सभी कोचिंग संस्थानों के जांच के लिए अभियान चलाया जाएगा।

जांच को लेकर पदाधिकारियों की टीम का शीघ्र ही गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कोचिंग का संचालन हो रहा है। बिना निबंधन के संचालन करना कोचिंग अधिनियम के खिलाफ है।

बता दें कि कोचिंग सेंटर चलाने के लिए सेंटर संचालकों पर कानूनी, सुरक्षा और प्रशासनिक प्रक्रिया पूरा करना अनिवार्य है। साथ ही कोचिंग सेंटर में फायर सेफ्टी छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर होने के अलावा स्वच्छता और शौचालय की सुविधा, रोशनी, वेंटिलेशन जरूरी है।

कोचिंग सेंटर में पढ़ाने वालों की योग्यता और अनुभव होना चाहिए। इसके अलावा, सुरक्षा व सुविधा को लेकर सीसीटीवी, अलार्म, आपातकालीन निकास जैसी सुविधाओं की व्यवस्था होनी चाहिए। छात्र-छात्राओं के लिए कोचिंग सेंटर में बैठने, पीने का पानी, शौचालय आदि होना चाहिए।

# चैनपुर प्रखण्ड मुख्यालय बस स्टैंड की सुविधा से महरुम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चैनपुर(कैमूर)।** विधानसभा में हजारों करोड़ रुपए खर्च करके सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, मगर विडंबना यह है कि चैनपुर विधानसभा के चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में आज तक एक बस स्टैंड तक नहीं बन पाया, यहां तक की एक यात्री सेड तक नहीं है, जबकि इस चैनपुर विधानसभा से कई मंत्री रह चुके हैं मगर चैनपुर विधानसभा का यह दुर्भाग्य है कि पूरे विधानसभा में एक बस स्टैंड आज तक निर्माण नहीं हो पाया।

चैनपुर विधानसभा के विकास की बात की जाए तो विधानसभा के विधायक सह मंत्री के द्वारा चौमुखी विकास का दावा किया जा रहा है, एक दिन पूर्व ही बुधवार की दोपहर ग्रामीण कार्य विभाग बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी नगर पंचायत हाटा के श्री श्री 108 हाई स्कूल के मैदान में पहुंचे, जिनके द्वारा कैमूर में हर गांव तक पक्की सड़क निर्माण हो लोगों को सुविधा मिले आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न हो जिसके लिए हजारों करोड़ रुपए की लागत से सैकड़ों सड़क का निर्माण करवाने की बात करते हुए कुछ सड़क निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया।

जबकि कुछ सड़क निर्माण का कार्यारंभ किया गया है, मगर यह चैनपुर विधानसभा का दुर्भाग्य है कि आजादी के लंबे समय भी जाने के बाद भी आज तक यहां एक बस स्टैंड नहीं है।

चैनपुर मुख्यालय जो की राष्ट्रीय राजमार्ग 219 से जुड़ा हुआ है। इस प्रखंड मुख्यालय में चैनपुर थाना से 100 मीटर की दूरी राष्ट्रीय राजमार्ग 219 पर ही बस पड़ाव बना दिया गया है, एक बस यात्रियों से भरकर खुलती है तब तक दूसरी बस कर खड़ी हो जाती है जिस कारण से चैनपुर बाजार में लगभग पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, इस बस पड़ाव से भभुआ, वाराणसी गुजरात, अहमदाबाद, जाने तक की बस खुलती है सड़क किनारे बसे खड़ी रहती हैं जिस कारण से लोगों को आने-जाने में परेशानियां होती हैं, लोग घंटे जाम में फंसे रहते हैं।

यह आश्चर्य का विषय ही है कि चैनपुर विधानसभा क्षेत्र जहां से स्वर्गीय लालमूनी चौबे मंत्री रह चुके हैं, महाबली सिंह चैनपुर विधानसभा से जीतने के बाद लंबे समय तक पथ निर्माण विभाग के मंत्री रहे, इसके बाद चैनपुर विधानसभा से ही जीतने के बाद बृज किशोर बिंद बिहार राज्य सरकार में मंत्री के पद पर रह चुके हैं, जबकि वर्तमान में चैनपुर विधानसभा से जीते मोहम्मद जमा खान वह भी अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री के पद पर हैं बावजूद चैनपुर विधानसभा के चैनपुर मुख्यालय में एक बस स्टैंड तक नहीं बना।

# निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल का आरोप

**पूर्णिया।** पूर्णिया एयरपोर्ट निर्माण कार्य में हो रही देरी और गुणवत्ता को लेकर पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने निर्माण कार्य का जायजा लेने बाद कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रहे मैटेरियल में मिलावट और लापरवाही के मामलों को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि इसका संज्ञान वह नागरिक उड्डयन मंत्री, भारत सरकार और बिहार के मुख्यमंत्री के समक्ष लेकर जाएंगे।

सांसद पप्पू यादव ने सबसे ज्यादा नाराजगी एप्रन (जहां विमान खड़ा होता है) के निर्माण में हो रही गड़बड़ी को लेकर जताई। उन्होंने सवाल उठाया की अगर इस लापरवाही के कारण कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

सांसद ने कहा कि एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों में सरकारी अधिकारियों की खुली लापरवाही साफ झलक रही है। जिस गति और तरीके से काम चल रहा है, वह बेहद निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त से यहां से यात्री सेवा शुरू करने की योजना थी, लेकिन काम में पारदर्शिता की कमी और ठेकेदारों की मनमानी के कारण यह संभव नहीं हो पाया है।

# देसी कट्टा लेकर थाने पहुंचा युवक, पुलिस को चकमा देकर फरार

### पुलिस ने बताया सनकी, लोगों ने उठाये सुरक्षा पर सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र में एक सनकी युवक ने पुलिस को चौकन्ना कर दिया, जब वह खुलेआम देसी कट्टा लेकर थाने में दाखिल हो गया। पुलिस की सतर्क निगाह ने उसकी चाल पहचान ली, लेकिन तलाशी लेने की कोशिश के दौरान युवक ने अचानक हाथ झटककर भागने में सफलता पा ली। यह घटना न सिर्फ थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों को हैरान कर गई, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर गई।घटना के मुताबिक, दरोगा ललन कुमार यादव ने युवक की खुली कमीज देखकर संदेह जताया और तलाशी लेने का प्रयास किया। तभी युवक ने झटका देकर खुद को छुड़ाया और थाने से भाग निकला।



पुलिस ने चेकपोस्ट मोड़ तक उसका पीछा किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। भागते-भागते उसने देसी कट्टा सड़क पर फेंक दिया और उसके हाथ से दो मोबाइल भी गिर गए, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया।

भागे हुए युवक की पहचान राजेंद्र घाट निवासी प्रिंस कुमार के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान उसकी मां भी उसी सड़क पर मौजूद थीं, जहां पुलिस और प्रिंस के बीच पकड़-धकड़ चल रही थी। पुलिस ने इस मामले में प्रिंस के एक साथी शिवम को गिरफ्तार किया है और उससे पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की पहचान हुई है और उसके संभावित ठिकानों पर छापामारी जारी है।

सूत्रों के मुताबिक, प्रिंस पहले भी आर्म्स एक्ट के तहत जेल जा चुका है। उसके पिता पेशे से एडवोकेट हैं। हाल ही में प्रिंस का एक प्रेम प्रसंग टूट गया था, जिसके बाद वह डिप्रेशन में चला गया और आत्महत्या की सोचने लगा था। पुलिस का मानना है कि गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ कर यह पता लगाया जाएगा कि उसने कट्टा कहां से और किस उद्देश्य से हासिल किया।

थाने के भीतर हथियार लेकर युवक का प्रवेश करना और पुलिस की गिरफ्त से फरार हो जाना, कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। फिलहाल पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है और फरार प्रिंस की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# नदी में नहाने गये चार बच्चे डूबे, तीन अब भी लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांका।** जिले के रजोन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंहनान गांव में रविवार दोपहर चांदन नदी में नहाने गए चार बच्चों में से तीन बच्चे गहरे पानी में डूब गए। यह हादसा लगभग दोपहर तीन बजे हुआ, जब बच्चे नदी में तैराकी कर रहे थे। ग्रामीणों की तत्परता से एक बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन बाकी तीन बच्चों का अब तक पता नहीं चल सका है।

जानकारी के मुताबिक, घटना में लापता बच्चों की पहचान कन्हैया तांती (15) पिता विजय तांती, अमरजीत कुमार (15) पिता दिलों तांती और राजेश कुमार (14) पिता डब्लू तांती के रूप में हुई है। वहीं, सिंकु तांती का पुत्र आलोक कुमार (14) ग्रामीणों की मदद से बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चारों बच्चे नदी में नहाते समय अचानक

### गोताखोर कर रहे तलाश

पानी के तेज बहाव में बहकर गहरे हिस्से में चले गए। ग्रामीणों ने तुरंत बचाव का प्रयास किया और घंटों खोजबीन की, लेकिन तीन बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला।

घटना की सूचना मिलते ही रजोन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भागलपुर से एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया।

गोताखोर लगातार नदी में तलाशी अभियान चला रहे हैं, लेकिन खबर लिखे जाने तक तीनों बच्चों का शव बरामद नहीं हो पाया था। इस दर्दनाक घटना से सिंहनान और आसपास के गांवों में गहरा शोक है। परिजनों की चीख-पुकार और ग्रामीणों की चिंता ने माहौल को और भी व्यथित कर दिया है। लोग लगातार नदी किनारे जुटकर बच्चों के मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# धर्मांतरण को ले मचा बवाल, हिन्दू संगठनों ने खोला मोर्चा

### पुलिस ने हालात संभाले, छह लोग हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** कटिहार के सहायक थाना क्षेत्र के टीवी टावर मोहल्ले में रविवार को धर्मांतरण के आरोप को लेकर बड़ा हंगामा खड़ा हो गया। हिंदू संगठन विशेष के कार्यकताओं ने एक चल रही प्रार्थना सभा को बीच में रोक दिया और पुलिस को सूचना दी। संगठन का आरोप है कि यह सभा ईसाई धर्म से जुड़ी थी और इसके बहाने इलाके में धर्म परिवर्तन की कोशिश हो रही थी।

सूत्रों के अनुसार, हिंदू संगठन के कार्यकर्ता अचानक मौके पर पहुंचे और प्रार्थना सभा में शामिल लोगों को रोक दिया। उनका दावा है कि इस तरह की सभाओं के जरिए इलाके में कई लोगों को धीरे-धीरे धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जो स्थानीय आस्था के



साथ खिलवाड़ है। मौके पर मौजूद कुछ महिलाएं, जो खुद को ईसाई धर्म से जुड़ा बताती हैं, ने इन आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक धार्मिक प्रार्थना सभा थी, जिसमें किसी को धर्म परिवर्तन के लिए नहीं कहा जा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल सभी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जांच पूरी के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

# गंगाजल लाने गया युवक नदी में समाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनेर।** गंगा नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है। यह घटना बिहार के पटना जिले के मनेर क्षेत्र अंतर्गत घटी है। मिली जानकारी के अनुसार, सावन माह के समापन अवसर पर युवक रोहित कुमार (18) मुंजी टोला दुधेला पुल के पास जल लेने आया था। इस बीच वो नदी में डूब गया। अपने दोस्तों के साथ आया युवक बिहटा का रहने वाला है।

रविवार को मृतक युवक के शव को एसडीआरएफ के सहयोग से बरामद किया गया। शव मिलते ही परिवार वालों के बीच माहौल गमगीन हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल दानापुर भेज दिया है। वहीं, घटनास्थल पर काफी संख्या में बिहटा और मनेर के लोगों की भीड़ जुटी रही।

घटना की जानकारी मृतक के परिवार वालों और दोस्तों को मिली, तो लोगों की घटना स्थल पर भीड़ जुट गई। एसडीआरएफ ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बरामद कर लिया है। मृतक का शव मिलते ही परिवार वालों के बीच कोहराम मच गया। पूर्व सांसद रामकृपाल यादव और पूर्व विधायक श्रीकांत निराला समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश यादव ने परिवार वालों से मिलकर संवेदना प्रकट की है। घटना पर शोक जताया है।

इधर मृतक युवक के परिवार वालों का कहना है कि रोहित घर वालों को बगैर बोले ही अपने दोस्तों के साथ वह मनेर गंगाजल लेने के लिए आ गया था।

जिसकी जानकारी न होने के कारण काफी खोजबीन की गई और इसकी जानकारी उसके दोस्तों ने भी परिवार वालों को नहीं दिया था। इसके बाद किसी तरह पूछताछ कर दोस्तों ने बताया कि वह मनेर के गंगा नदी में डूब गया है।

CMYK

# बाढ़ पीड़ित की मदद के लिए आगे आए भाजपा नेता ऋतुराज सिन्हा

## पटना के कई पंचायतों के बाढ़ग्रस्त इलाकों में भेजी गई राहत सामग्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा पटना से सटे बाढ़ग्रस्त इलाकों के प्रभावित लोगों तक सहायता पहुंचाने की पहल की है। ऋतुराज सिन्हा ने पटना जिला के बख्तियारपुर और फतुहा प्रखंड के कई पंचायतों के लोगों तक राहत सामग्री का वितरण कराया है। पहले चरण में हरदासपुर, मोसिनपुर, चिरैया और काला दियारा पंचायत के लोगों तक राहत सामग्री भेजी गई है। बताते चलें कि हर पंचायत के मुखिया तक राहत का सामान पहुंचा दिया गया है जहां श्री सिन्हा के प्रतिनिधियों के द्वारा राहत सामग्री का वितरण किया गया। गौरतलब है कि ऋतुराज सिन्हा ने राहत सामग्री पैकेट से भरे ट्रकों को पटना स्थित अपने आवास से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर वहां मौजूद पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि पूरे बिहार में भारी बारिश के कारण बाढ़ ने तबाही मचानी शुरू की है। राज्य के तमाम जिलों में भाजपा कार्यकर्ता बाढ़ प्रभावित इलाकों के लोगों की सहायता के लिए आगे बढ़ रहे हैं। सबकी चिंता है कि बाढ़ पीड़ितों तक त्वरित राहत पहुंचाई जाए। इसी क्रम में बख्तियारपुर और फतुहा के भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुरोध पर यह पहल शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद के लिए पार्टी कार्यकर्ता तत्पर हैं। पहले चरण में नदी के सटे कुछ पंचायतों तक राहत सामग्री भेजी गई है। आगे भी यह कार्यक्रम चलता रहेगा। ऋतुराज सिन्हा ने सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वंयसेवी संस्थाओं से अपील की है कि जिसकी जितनी क्षमता है, सभी आगे आएं और बाढ़ग्रस्त लोगों के लिए जो बन पाए मदद करें। राहत सामग्री वितरण कार्य में पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण जी, किसान मोर्चा अध्यक्ष रुपेश सिंह, सुधीर यादव, संजय यादुवेंदु, केशव कांत, जयदीप यादव उर्फ कल्लू मुखिया, सोनी जायसवाल, मंजू सिन्हा, विपिन सहित बख्तियारपुर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने राहत सामग्री का वितरण किया।

# ऐतिहासिक होगा वैश्य देव पूजन महाकुंभ : डॉ अजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** आगामी 24 अगस्त को वैश्य समाज के सभी आराध्य देव के पूजन महाकुंभ का आयोजन ऐतिहासिक होगा। उक्त बातें सनातन धर्म सभा भवन, पटना सिटी में आयोजित आयोजन समिति की भव्य बैठक में अध्यक्षता करते हुए महाकुंभ संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने कही, उन्होंने यह भी बताया कि महाकुंभ में सभी देव की चार फीट की मूर्ति की स्थापना की जाएगी साथ ही सभी वैश्य देव महान विभूतियों की गाथा का वर्णन कार्यक्रम में होगा तथा प्रकाशित होने वाले स्मरिक में विशेष गाथा लिखी जाएगी तथा उसे जन सामान्य के बीच वितरित भी किया जाएगा, वैश्य समाज के प्रतिभाशाली व्यक्तित्व को सम्मानित किया जाएगा, विशाल भंडारा का आयोजन होगा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धारा बहेगी। बैठक में आज जनमानस को आमंत्रित करने हेतु आमंत्रण पत्र का लोकार्पण किया गया। महाकुंभ को भव्यता प्रदान करने हेतु विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजन समिति के मुख्य रूप से विकास कुमार मौड़ीवाल, भावना शर्मा, शिव प्रसाद मोदी, कांति केशरी, मालती केशरी, अजय आजाद, डॉ विकास कुमार गुप्ता, नवीन रस्तोगी, पप्पू साह, आदित्य प्रकाश, मनीष कास्यकार, अरूण मालाकार, दूर्गा प्रसाद, जगनारायण केशरी, मुन्ना जायसवाल, मोहित कुमार मौड़ीवाल, पिन्टू लाल कसेरा, दीपक प्रकाश, इन्द्रजीत चौधरी आदि वैश्य समाज के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति रही।

# राहुल और तेजस्वी को विरासत में चाहिए सत्ता : संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हम (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और बिहार विधान सभा में विरोधी दल के नेता तेजस्वी यादव को विरासत में सत्ता चाहिए। इसीलिए इन दोनों को देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और जनता पर भरोसा नहीं है। श्री सुमन ने कहा कि इन दोनों में सत्ता हासिल करने की व्याकुलता इसलिए है कि इनका मानना है कि वे देश व प्रदेश पर राज करने के लिए ही पैदा हुए हैं। राहुल गांधी की सोच है कि उनके नाना, दादी और पिता इस देश के प्रधानमंत्री रहे हैं, इसलिए प्रधानमंत्री के पद पर उनका उत्तराधिकार है। वहीं, तेजस्वी की भी सोच है कि उनके माता, पिता दोनों मुख्यमंत्री रहे हैं, दूसरा कोई इस पद पर कैसे बैठ सकता है? उन्होंने कहा कि दरअसल ये दोनों वंश परम्परा वाले राजतंत्र के मुगलते से बाहर ही नहीं निकल पाए हैं, इसीलिए इन्हें लोकतंत्र, लोकतांत्रिक व संवैधानिक संस्थाएं और जनता पर कोई भरोसा व विश्वास नहीं है। देश में अराजकता व अविश्वास का माहौल बना कर इन्हें सत्ता चाहिए। श्री सुमन ने कहा कि आधारहीन, अतार्किक मुद्दों पर हंगामा खड़ा करना, अराजकता को बढ़ावा देना, संवैधानिक संस्थाओं को नकारना तथा आरोपों की राजनीति का इनका मूल मकसद लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को अपदस्थ करना है।

# एचआइवी संक्रमितों की पहचान के लिए चलाया जाएगा सघन अभियान : मंगल पांडेय

**▶ 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक चलेगा अभियान ▶ एचआइवी के संचरण मार्गों की मिलेगी जानकारी**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग एचआइवी संक्रमितों की पहचान एवं उसके बेहतर इलाज के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में एचआइवी से बचाव एवं नियंत्रण हेतु युवाओं एवं आमजनों को जागरूक किए जाने के उद्देश्य से सघन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का आयोजन 12 अगस्त से दो महीने 12 अक्टूबर तक किया जाएगा। अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां न्यूनतम 200 गांव प्रति जिला में आठ सप्ताह तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एचआईवी, एड्स के बारे में व्यापक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में गतिविधियों को तीव्र करना है। अभियान के माध्यम से एचआइवी के संचरण के मार्गों के बारे में जानकारी को बढ़ावा देने के साथ इससे जुड़े जोखिमों के बारे में आम लोगों को सचेत किया जाएगा। वहीं कंडोम, एसआइटी सेवाओं के बारे में भी जागरूकता फैलाई जाएगी। जागरूकता से राज्य में एचआइवी संक्रमित एवं प्रभावित व्यक्तियों के साथ हो रहे भेदभाव को कम किया जा सकेगा। साथ ही उनके जीवन में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाया जा सकेगा। श्री पांडेय ने कहा कि अभियान के अंतर्गत जिलों के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर जागरुकता से संबंधित विभिन्न तरह के गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र संगठन, एनसीसी के सदस्यों के द्वारा प्रति महाविद्यालय पांच गांवों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। आशा एवं आंगनबाड़ी सहित अन्य क्षेत्रीय कार्यकर्ता के द्वारा डोर टू डोर अभियान चलाया जाएगा। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी हेल्थ कैंप का आयोजन करेंगे। विभिन्न संगठनों के द्वारा फ्लैश मॉब, रैली, प्रभातफेरी और पेंटिंग प्रतियोगिता जैसे आयोजन किए जाएंगे ताकि एचआईवी, एड्स जैसे संवेदनशील रोगों के बारे में जागरूकता फैले। श्री पांडेय ने कहा कि एचआईवी-एड्स संक्रामक रोग है। इस पर युवाओं और आमजनों के बीच जागरूकता अहम होती है। राज्य में एचआइवी की जांच एवं उपचार की समुचित व्यवस्था की गयी है। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि हर एचआइवी संक्रमित को अपनी स्थिति की जानकारी हो। सघन अभियान के तहत सिविल सर्जन एवं जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी के द्वारा दो माह के अभियान के दौरान समय-समय पर प्रत्येक जिले में अभियान में हुए कार्यों को जनमानस में मीडिया के द्वारा अवगत कराएंगे।

# गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर रविशंकर प्रसाद ने जिलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों से की बात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना साहिब सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पटना जिलाधिकारी से गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर हो रही समस्या और इसके प्रभावों की जानकारी ली। श्री प्रसाद पटना जिलाधिकारी के अलावा, जिला समाहर्ता, पटना सिटी एवं बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी से गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण जो समस्या उत्पन्न हो रही है उससे निपटने की तैयारी को लेकर बात की। श्री प्रसाद ने पटना जिलाधिकारी को आदेश दिया कि पटना के नकटा दियारा क्षेत्र में गंगा के जलस्तर बढ़ने के कारण काफी संख्या में लोग वहां से पलायन कर रहे हैं। इसमें आम जनता की सुविधा के लिए बड़े नाव की व्यवस्था की जाए साथ ही आपदा प्रबंधन के अंतर्गत उन लोगों को अस्थाई रूप से रहने के लिए रैन बसेरा और मवेशियों के लिए चारा आदि की व्यवस्था भी की जाए। साथ ही ऐसी परिस्थितियों में बीमारियों की संभावना बढ़ने का भी खतरा बना रहता है तो स्वास्थ्य सेवा का भी एक अस्थाई व्यवस्था होना चाहिए। इसी प्रकार बख्तियारपुर, खुशरुपुर में भी मवेशियों को पर्याप्त मात्रा में चारा उपलब्ध हो सके। महिलाओं, बच्चे एवं जो भी दियारा क्षेत्र से आकर किनारों में बस रहे है उनमें लिए भोजन एवं दवा की समुचित व्यवस्था हो सके, इसी संदर्भ में पटना सिटी एवं बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया। श्री प्रसाद अभी संसद सत्र के कारण दिल्ली में है, इसके बावजूद वे लगातार फोन के जरिए अपने संसदीय क्षेत्र की स्थिति की समीक्षा और जानकारी ले रहे है और प्रशासन से लगातार सम्पर्क में बने हुए है जिससे आम जनता को सुविधा और सहायता मिल सके।

# भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर की वोट चोरी : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग की वोट चोरी स्कीम का देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तथ्यों के साथ पर्दाफाश कर दिया है। इससे घबड़ाई भाजपा, चुनाव आयोग की प्रवक्ता बनकर मैदान में उतर गई है। डिप्टी सीएम विजय सिंहा पर हमलावर होते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि अब तो यह स्पष्ट है कि दो-दो जगह नाम वाले डिप्टी सीएम भाजपा के वोट चोरी स्कीम के छिपे हुए नगीने हैं क्योंकि जिस बात को कांग्रेस पार्टी बार-बार कह रही है कि देश में भाजपा अप्रत्याशित तौर पर जबरन नए वोटर बना रही है और हमारे वोटर्स का नाम काट रही है वो अब स्पष्ट हो चुका है। बिहार राजनीतिक रूप से सक्रिय दल है और हमारे नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और कर्नाटक के सीटों के आकलन से तथ्यों को उजागर कर दिया है जिसमें स्पष्ट होता है कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी की साजिश रची और चुनावी लाभ भाजपा को दी है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मीडिया बंधुओं के समक्ष देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का भाजपा और चुनाव आयोग की वोट चोरी की वीडियो प्रेजेंटेशन प्रदर्शित की गई।

# 17 को पटना आएंगी बॉलीवुड अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्री 17 अगस्त को पटना आ रही हैं। वे नृत्यांगन हॉबी सेंटर के सोलहवें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम नृत्यनाद में बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट शामिल होंगी। कार्यक्रम की आयोजक व संस्थान की निदेशिका मौसम शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन 17 अगस्त को संध्या 3 बजे से राजेंद्र नगर स्थित प्रेमचंद रंगशाला में किया जा रहा है। अपने सोलहवें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के साथ ही हम सम्मान समारोह का भी आयोजन करने जा रहे हैं जिसमें समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को बॉलीवुड अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्री द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी जोरों से चल रही है और हम अपने इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि मीनाक्षी शेषाद्री के लिए हमारे संस्थान के बच्चों और महिलाओं द्वारा खास कार्यक्रम भी तैयार किया जा रहा है।

# आधुनिक समय की मांग है लघुकथा : डॉ राकेश शर्मा

## वीणा के संपादक को डॉ ध्रुव ने भेंट की 'हिंदी लघुकथा का शास्त्रीय अध्ययन'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद से सेवानिवृत 15 पुस्तकों के लेखक एवं एक दर्जन से अधिक पत्रिकाओं-पुस्तकों के संपादक डॉ राकेश शर्मा का मानना है कि मौजूदा दौर की सर्वाधिक लोकप्रिय साहित्यिक विद्या लघुकथा है। कभी महाकाव्य और वृहद उपन्यास का दौर था, लेकिन अब लोगों के पास इतना समय नहीं है, ऐसे में लघुकथा आधुनिक दौर में तेजी से लोकप्रिय हो रही साहित्यिक विधाओं में अग्रणी है। यह नई पीढ़ी के साथ-साथ पुरानी पीढ़ी की भी पहली पसंद होती जा रही है। डॉ शर्मा इंदौर से पिछले 98 वर्षों से लगातार प्रकाशित साहित्यिक मासिक पत्रिका 'वीणा' के संपादक हैं और इन दिनों बिहार संग्रहालय में चल रहे बिनाले में शामिल होने पटना आए हुए हैं। डॉ शर्मा ने कहा कि बिहार में पिछले 40 वर्षों में लघुकथा को लेकर अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। पटना भी इंदौर की तरह लघुकथा का एक समृद्ध केंद्र है। डॉ ध्रुव कुमार की पुस्तक 'हिंदी लघुकथा का शास्त्रीय अध्ययन' को एक महत्वपूर्ण पुस्तक बताते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि लघुकथा समीक्षा के लिए ऐसी पुस्तकें मील का पत्थर साबित होंगी।

# पटना कॉलेजिएट स्कूल का स्थापना दिवस सह पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना कॉलेजिएट स्कूल का 190 वां स्थापना दिवस सह पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह गणपति उत्सव हॉल, राजेन्द्र नगर में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कर्नल (डा) अजीत कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर के किया जिसमें मुख्य अतिथि शत्रुघ्न सिन्हा (सांसद सह अभिनेता) उपस्थित हुए और कहा कि पटना कॉलेजिएट स्कूल बिहार का धरोहर है। इसके छात्र दुनिया भर में अच्छे पदों पर है। इस अवसर पर न्यायमूर्ति हरीश कुमार, पटना उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति अरुण कुमार, पटना उच्च न्यायालय अरुण कुमार सिन्हा, विधायक, डा. सत्यजीत कुमार सिंह, कुणाल सिंह, अभिनेता, नवल किशोर अग्रवाल, अधिवक्ता, नरेन्द्र प्रसाद सिंह, अधिवक्ता, डा. शैलेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रो.रंजीत कुमार सिंह, प्रोफेसर जनार्दन सिंह, नरेन्द्र प्रताप सिह, नरेन्द्र कुमार झा, बृजेन्द्र कुमार सिन्हा एवं प्रदेश एवं देश के अनेक गणामान्य लोग उपस्थित हुए।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी के वृहद मेगा हेल्थ कैम्प में मरीजों ने कराई जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 के द्वारा निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन सोसाइटी के अस्पताल प्रांगण में प्रातः 10 बजे से किया गया जिसमें विभिन्न रोगों से ग्रसित करीब पांच सौ से अधिक लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच कराई। सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की निःशुल्क जांच कराना तथा दवा उपलब्ध कराना था। बंसल ने बताया कि यह जांच शिविर स्व. गोपाल कृष्ण कनोडिया की स्मृति में सीतादेवी कनोडिया एवं बालमुकुंद परिवार के सौजन्य से किया गया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सहाय गोयल तथा विजय किशोरपुरिया ने बताया कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच कराने हेतु सैकड़ों की संख्या में मरीज प्रातः आठ बजे से अपना नम्बर लगाने के लिए लाइन में लग गए थे। प्रातः दस बजे से डॉक्टरों ने मरीजों की जांच करना प्रारम्भ किया। सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस जांच शिविर में 26 विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की गई। इनमें प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका, प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव एवं डॉ राजेश कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण कुमार, जनरल फिजिशियन डॉक्टर पूनम नंदन एवं डॉ मुकेश कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार एवं डॉ शिल्पी अग्रवाल, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ अनुश्री झुनझुनवाला, न्यूरो फिजिशियन डॉ हेमंत कुमार सहित कुल 26 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को देखा। सबसे अधिक पेट, हड्डी एवं आंख के मरीजों ने अपना इलाज कराया। पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव ने करीब 75-75 से अधिक मरीजों की जांच की। इसके साथ ही मौके पर 30 मरीजों को पढ़ने का चश्मा दिया गया। शिविर में बच्चों की जांच डॉ श्रवण कुमार, सामान्य बीमारी की जांच डॉ पूनम नंदन ने किया।

# पटना में भव्य रूप से मनाया जाएगा 56वां श्री श्याम महोत्सव



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इस वर्ष 56वां श्री श्याम महोत्सव पटना में श्री श्याम मंडल द्वारा बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से आयोजित किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय भव्य आयोजन 15 से 17 अगस्त तक महाराणा प्रताप भवन में संपन्न होगा। इस संबंध में जानकारी मंडल के सचिव ध्रुव प्रसाद मुरारका द्वारा दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अखंड ज्योति प्रज्वलन एवं भजन-कीर्तन से होगा। इस दिन कोलकाता के सुप्रसिद्ध भजन गायक शुभम रूपम, कानपुर के श्रेष्ठ दीक्षित एवं श्याम मंडल पटना की ओर से भक्ति संगीत प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दिन श्रद्धालु निम्न भजन गायकों की मधुर प्रस्तुतियों का आनंद लेंगे-दिल्ली से हरमहेंद्र सिंह रोमी, वृंदावन से साक्षी गौरी, कटिहार से आदर्श दाधीच, श्याम महिला मंडल एवं श्याम मंडल पटना की भी विशेष प्रस्तुति होगी। विशेष आकर्षण संध्या 4:00 बजे से रात्रि 12:15 बजे तक तरुण चोपड़ा ग्रुप (प्रयागराज) द्वारा नृत्य नाटिका, फूलों की होली, रासलीला, दही हांडी डांडिया रात्रि 12:15 बजे होगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और भव्य आरती।

# जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने किया विशाल बाल हृदय चिकित्सा शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, बिहार स्वास्थ्य विभाग और रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र के सहयोग से विशाल बाल हृदय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से आए 150 से ज्यादा बच्चों की स्क्रीनिंग की गई और कुल 350 लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को मुफ्त इकोकार्डियोग्राफी और अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान जांच में यह पाया गया कि अधिकतर बच्चे ऐसे हैं जिन्हें एएसडी, वीएसडी और अन्य प्रकार की सर्जरी की आवश्यकता है। इन मरीजों का ऑपरेशन रेफरल प्रोग्राम के तहत निःशुल्क किया जाएगा। इस विषय पर पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डा. आशीष सप्रे ने बताया शिविर के माध्यम से पहचाने गए ऐसे मरीज जिन्हें उन्नत चिकित्सा या सर्जरी की आवश्यकता है, उन्हें रेफरल प्रोग्राम के अंतर्गत निःशुल्क इलाज और सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। ताकि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य और जीवन का अवसर प्रदान किया जा सके। जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर, डॉ. रवि शंकर सिंह ने इस अवसर पर कहा हमारा लक्ष्य बिहार में बाल स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाना और बच्चों की हृदय संबंधी बीमारियों का समय पर इलाज सुनिश्चित करना है। इस शिविर के माध्यम से हमने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी जरूरतमंद बच्चे को उचित इलाज से वंचित न रहना पड़े। डॉ. रवि ने आगे बताया जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना ने इस शिविर को सफलतापूर्वक आयोजित कर यह साबित किया है कि समाज के हर वर्ग तक उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने का उनका संकल्प मजबूत है।

# युवक को अगवा कर अपराधियों ने की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दानापुर में अज्ञात बदमाशों ने कोथवां निवासी विशाल कुमार को अगवा कर लिया। इसके बाद विशाल के साथ मारपीट के बाद उसकी हत्या कर शव को रूपसपुर नहर में फेंक दिया गया था। पूरी घटना खगौल थाने के दल्लुचक चरघरवा के पास की है। पुलिस ने रूपसपुर नहर में पानी से शव को बरामद किया था और उसे कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया था। मृतक के परिजनों ने शव का पहचान विशाल के रूप में किया जिसके बाद मृतक के परिजनों ने हत्या के विरोध में रूपसपुर नहर रोड पर शव रख कर आगजनी करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

# बाल और रास लीलाओं संग भक्ति रस से सराबोर होगा श्रीकृष्ण महोत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राजधानी एक बार फिर कान्हा की बाल लीलाओं, रास और भक्ति की गूंज से सराबोर होने को तैयार है। श्रीकृष्ण महोत्सव ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीकृष्ण महोत्सव 3.0 का भव्य आयोजन 17 अगस्त को गांधी मैदान स्थित बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स परिसर में होने जा रहा है। यहां संस्कृति, संगीत, साहित्य और सृजनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत मासूम मुस्कानों और सजीव कृष्ण रूपों से होगी। रूप सज्जा में कक्षा 1 से 4 तक के प्रतिभागी राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में मंच पर उतरेंगे। प्रत्येक बाल प्रतिभा को प्रमाण पत्र और आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद स्थानीय कलाकार प्रस्तुत देंगे। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और रासलीला पर आधारित नृत्य नाटिका श्रृंखला की प्रस्तुति होगी। मटकी फोड़ भी विशेष आकर्षण का केंद्र होगी जिसमें गोविंदा आला रे का जयघोष गूंजेगा। महोत्सव के समापन पर भव्य भंडारा और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। श्रीकृष्ण महोत्सव ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश कुमार नंदन ने बताया कि यह आयोजन केवल मनोरंजन नहीं अपितु लोक संस्कृति, सनातन परंपरा और बाल सृजनात्मकता को एक मंच देने का प्रयास है। हमारा उद्देश्य है कि नई पीढ़ी कृष्ण तत्व और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े। महासचिव राकेश कुमार ने बताया कि यह महोत्सव पटना के सांस्कृतिक कैलेंडर में अब एक विशिष्ट पहचान बना चुका है।

## संपादकीय

# पहाड़ों को मैदान बनाने की सजा भुगत रहा उत्तरकाशी

उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में बादल फटने से आई बाढ़ का दृश्य रोंगटे खड़े कर देने वाला था। पानी और मलबे का बहाव इतना तेज था कि बड़ी-बड़ी इमारतें पलक झपकते ही तिनकों की तरह बिखर गईं। कई लोगों को अपनी जान बचाने का मौका ही नहीं मिल पाया। गांव का करीब आधा हिस्सा मलबे के नीचे दब गया है। पचास से ज्यादा लोग अभी लापता हैं, जिनमें ग्यारह सैन्य कर्मी भी शामिल हैं। इस हादसे में जानमाल का कितना नुकसान हुआ, इसका आकलन तो बचाव एवं राहत अभियान पूरा होने के बाद ही हो पाएगा, लेकिन इस भयावह तस्वीर ने फिर इस बात का अहसास कराया है कि हमने पुराने हादसों से कोई सबक नहीं लिया।इस घटना ने वर्ष 2013 में केदारनाथ में आई बाढ़ की त्रासदी की याद दिला दी है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की जान गई थी। तब पहाड़ी प्रदेशों में नदियों के किनारे और संवेदनशील क्षेत्रों में मानव बसावट तथा अंधाधुंध निर्माण कार्य को लेकर सवाल उठे थे, जो आज भी कायम हैं।बरसात के समय पहाड़ी इलाकों में बादल फटने की घटनाएं पहले भी होती रही हैं, लेकिन पिछले एक दशक में इस तरह के हादसों में तेजी आई है। खासकर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में ऐसी घटनाएं बढ़ी हैं। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि इसका एक कारण इन दोनों राज्यों में क्षेत्रीय जलचक्र में हो रहा बदलाव है। बरसात में सामान्य से कम या ज्यादा बारिश होना तो आम है, लेकिन एक साथ तेज बारिश या बादल फटने का क्रम बढ़ रहा है।वैज्ञानिकों का कहना है कि पहाड़ी राज्यों में जलवायु परिवर्तन तेजी हो रहा है और जंगलों की कटाई तथा अवैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य इसका प्रमुख कारण है। यह सही है कि पहाड़ी इलाकों में स्थानीय लोगों को सड़क, पक्के घर और अन्य सुविधाएं मुहैया कराना जरूरी है, लेकिन विकास के इस क्रम में पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखना भी बहुत आवश्यक है। पर्यावरण असंतुलन बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं को जन्म देता है।पहाड़ी राज्यों में पर्यटन राजस्व और लोगों की आजीविका का बड़ा साधन है। पिछले कुछ वर्षों से उत्तराखंड और हिमाचल में पर्यटन के नए-नए स्थल विकसित हो रहे हैं। इन स्थलों पर सड़कों और ढांचागत निर्माण पर ज्यादा जोर है। बाढ़ग्रस्त धराली गांव भी इनमें से एक है। यह खीरगंगा नदी के किनारे बसा है और गंगोत्री धाम से करीब बीस किलोमीटर पहले पड़ता है तथा श्रद्धालुओं की यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। पर्यटन की वजह से यहां नदी के किनारे बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी कर दी गईं, जिनमें से कई बाढ़ में ध्वस्त हो गईं।ऐसे में सवाल है कि शासन-प्रशासन की ओर से प्राकृतिक आपदाओं के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में मानव बसावट के लिए ठोस नियम-कायदे क्यों नहीं लागू किए जाते? ऐसे इलाकों में नदी-नालों के किनारे बसे गांवों को समय रहते दूसरी जगह स्थानांतरित क्यों नहीं किया जाता, जबकि हर साल बरसात के मौसम में बाढ़ की वजह से कई लोगों की जान चली जाती है। अब समय आ गया है कि राज्य सरकारें इस ओर गंभीरता से ध्यान दें। आमजन भी अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो धराली जैसी आपदाएं बार-बार होंगी।

**बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर संसद में गतिरोध जारी है, जिससे कामकाज बाधित हो रहा है। आज संसद का दृश्य सार्थक संवाद की बजाय किसी अखाड़े से कम नहीं लगता। बहस के स्थान पर बैनर, तख्तियां और नारों की गूंज सुनाई देती है। संसद जहां नीति निर्माण होना चाहिए, वहां प्रतिदिन कार्यवाही स्थगित हो रही है। यह विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, एक राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। जब एक ओर सरकार संवाद से बच रही है और दूसरी ओर विपक्ष केवल दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामें बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं।**

# संसद संवाद की बजाय संघर्ष का अखाड़ा कब तक?


(ललित गर्ग )

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है, तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें।

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर संसद में गतिरोध जारी है, जिससे कामकाज बाधित हो रहा है। आज संसद का दृश्य सार्थक संवाद की बजाय किसी अखाड़े से कम नहीं लगता। बहस के स्थान पर बैनर, तख्तियां और नारों की गूंज सुनाई देती है। संसद जहां नीति निर्माण होना चाहिए, वहां प्रतिदिन कार्यवाही स्थगित हो रही है। यह विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, एक राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। जब एक ओर सरकार संवाद से बच रही है और दूसरी ओर विपक्ष केवल दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामें बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। विपक्ष और सत्ता के बीच जारी इस टकराव में बहस के बजाय बहिष्कार और गतिरोध हावी हो चुका है। मानसून सत्र की शुरुआत उम्मीदों से भरी थी, नए विधेयकों, जनहित की बहसों और लोकतांत्रिक विमर्शों की। लेकिन यह सत्र भी पुराने ढर्रे पर चल पड़ा, विरोध, स्थगन, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ता लोकतंत्र।

विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही मणिपुर की स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, पेगासस जासूसी, किसानों की समस्याएं और हाल ही में आई बाढ़ एवं आपदा राहत जैसे मुद्दे भी विपक्ष के एजेंडे में हैं। लेकिन विपक्ष इन और ऐसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा का माहौल बनाने की बजाय सरकार को घेरने की मानसिकता से ग्रस्त है। संसद की प्रासंगिकता तभी है जब उसमें देश की सच्चाइयों की प्रतिध्वनि हो और विपक्ष इसमें सकारात्मक भूमिका निभाये। गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल, महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा, कृषि कानूनों में संशोधन, आदि। ये सब विधेयक केवल कानून नहीं हैं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन से जुड़े ज्वलंत प्रश्न हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, विपक्ष सार्थक बहस से भाग रहा है या बहस में अड़ंगा डाल रहा है। सत्ता पक्ष भी कोई बीच का रास्ता निकालता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। दोनों की यह रस्साकशी देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य को कमजोर कर रही है। कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। लेकिन, इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ रहा है। दोनों सदनों का कीमती वक्त हंगामे में जाया हो रहा है और यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पिछले वर्षों में इस तरह की गतिविधियां आम हो गई हैं।

विपक्ष चाहता है कि सरकार एसआईआर पर चर्चा कराए। लेकिन, सरकार नियमों का हवाला देकर कह रही है कि चुनाव आयोग स्वायत्त



संस्था है और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए चर्चा नहीं हो सकती। जवाब में, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 2023 की एक रूलिंग निकाल कर उपसभापति को पत्र लिख दिया है। दोनों पक्ष नियमों के सवाल पर अड़े हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि ये नियम सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाए गए हैं, न कि कामकाज ठप्प कराने के लिए। मानसून सत्र शुरू होने के पहले ही अंदाजा था कि एसआईआर पर हंगामा होगा। इसके पीछे विपक्ष की अपनी आशंकाएं हैं। शुरुआत से ही यह प्रक्रिया विवादों में रही है। आधार और वोटर कार्ड को मान्य डॉक्युमेंट्स में शामिल न करने से लेकर बड़ी संख्या में लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर निकालने तक, इसमें कई पेच फंसे हैं। चुनाव आयोग ने संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और इसमें 65 लाख नाम हटाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की पूरी जानकारी मांगी है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है, तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें। आम नागरिक संसद से समाधान की उम्मीद करता है, न कि शोरशराबा। जब लाखों युवा रोजगार की बाट जोह रहे हैं, किसान कर्ज में डूब रहे हैं, और आमजन महंगाई से त्रस्त है, तब संसद में ठहाके नहीं, तकलीफों की चर्चा जरूरी है। यह सवाल अब बार-बार उठ रहा है कि क्या संसद केवल दिखावटी बन गई है? अगर सरकार विपक्ष को केवल बाधा मानकर चलती है और विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है, तो लोकतंत्र की आत्मा मरती है। जैसाकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, संसद को ठप्प करना आसान है, लेकिन संसद को चलाकर देश की उम्मीदों को साधना ही असली लोकतंत्र है। चुनाव आयोग एसआईआर की जरूरत को बता चुका है और शीर्ष अदालत ने भी उसे माना है। यह जरूरी भी है, क्योंकि भ्रष्ट वोटरों से चुनी जाने वाली सरकारें भी भ्रष्ट ही होती है। इसलिये चुनाव की इस विसंगति की सफाई होना जरूरी है, इस पर चर्चा की मांग को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है तो बातचीत से इसका हल निकालना होगा ताकि संसद का कामकाज सुचारुरूप से चल सके। लोकतंत्र में सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। लेकिन इसमें विपक्ष का सहयोग भी अपेक्षित होता है, दोनों को अपना यह दायित्व समझना चाहिए।

संसद का हर सत्र, हर मिनट करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलता है। हर व्यवधान लाखों रुपये की बर्बादी है। यह नैतिक रूप से भी चिंताजनक है कि जनप्रतिनिधि बहस से अधिक हंगामे में समय गंवा रहे हैं। समाधान यही है कि सत्ता पक्ष विपक्ष की बात सुने, संवाद को प्राथमिकता दे। विपक्ष भी रचनात्मक विरोध करे, अनावश्यक बहिष्कार से बचे। लोकतंत्र बहस से ही मजबूत होता है, बहिष्कार से नहीं। वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा होनी चाहिए। जरूरी विधेयकों पर बहस होनी चाहिए। संसद को संकल्प का मंच बनना चाहिए, संग्राम का नहीं। जब तक संसद जनहित के सवालों पर गूंजेगी नहीं, तब तक लोकतंत्र अपंग ही रहेगा। जैसा कि डॉ. राधाकृष्णन ने कहा था-संसद केवल कानून बनाने का स्थान नहीं, यह राष्ट्र के विवेक की आवाज है।' लेकिन जब यह विवेक ही हंगामे में दब जाए, तो संविधान की आत्मा कराह उठती है। आज जरूरत है कि संसद को नई दिशा, नया दृष्टिकोण और नई मर्यादा मिले। संसद की गरिमा केवल आसनों से नहीं, आचरण से बनती है। संसद में वही नेता दिशा दे सकते हैं, जो अपने निजी या दलगत हित से ऊपर उठकर राष्ट्रहित की सोच रखते हैं। जब तक संसद के सदस्य यह नहीं समझेंगे कि वे जनता के प्रतिनिधि हैं, न कि अपने दल के प्रचारक, तब तक दिशा भटकती रहेगी।

विपक्ष लोकतंत्र की आंख है। लेकिन जब यह आंख केवल अंधविरोध में अंधी हो जाए, तो लोकतंत्र की दृष्टि धुंधली हो जाती है। विपक्ष को सद्बुद्धि दे सकता है, जनता का दबाव। जब जनता यह स्पष्ट रूप से जताए कि उसे रचनात्मक, नीति आधारित विपक्ष चाहिए न कि नारेबाज नेता, तब विपक्ष को भी सुधरना पड़ेगा। विपक्ष को आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या वह जनता की लड़ाई लड़ रहा है या केवल सत्तालोलुप राजनीति कर रहा है? मीडिया को चाहिए कि वह हंगामे को महिमामंडित करने के बजाय, नीति और तर्क आधारित बहस को आगे बढ़ाए। संसद में विवाद होना लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन वही विवाद अगर दिशा विहीन हो जाए, तो वह कमजोरी बन जाता है। आज जरूरत है कि संसद की गरिमा को पुनर्स्थापित किया जाए, विपक्ष अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाए और सरकार भी अहंकार छोड़कर संवाद को अवसर दे। संसद यदि सचमुच लोक का मंदिर है, तो वहाँ केवल सत्ता की पूजा नहीं, लोकमंगल की बात होनी चाहिए। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# वोट बैंक लालच ने बर्बाद किया हिमाचल-उत्तराखंड को

(योगेंद्र योगी )

विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार और डेवलपर्स पर्यावरणीय प्रभावों को नजरअंदाज कर रहे हैं। हिमाचल में 174 छोटे-बड़े हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स हैं, जो 11,209 मेगावाट बिजली पैदा करते हैं। इन प्रोजेक्ट्स के लिए पहाड़ों को काटा जाता है।

लोकतंत्र में चुनी हुई सरकारों से यह अपेक्षा की जाती है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए दूरदृष्टि के साथ दूरगामी विकास को सिरे चढ़ाया जाए। इसके विपरीत नेताओं को सिर्फ वोट बैंक की चिंता है। इसके लिए तात्कालिक विकास की नीतियों के फायदे के लिए लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने के साथ ही पर्यावरण के विनाशकारी प्रभावों की अनदेखी करना आम है। यही वजह है कि हिमाचल सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ी लताड़ लगाई है। कोर्ट ने कहा कि अगर अनियंत्रित विकास और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां नहीं रोकी गईं, तो एक दिन पूरा हिमाचल नक्शे से गायब हो सकता है। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब हिमाचल में बदलते पर्यावरण को लेकर चिंताएं बढ़ती जा रही हैं और विकास के नाम पर अंधाधुंध पेड़ काटे जा रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट की इस कड़ी टिप्पणी के अगले ही दिन उत्तराखंड के चमोली में चमोली जिले में हेलंग के समीप निर्माणाधीन एक हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट साइट के पास पहाड़ एक बार फिर से ढहकर धड़ाम से नीचे गिर गया। इस हादसे में कंपनी के 8 मजदूर घायल हो गए। साइट पर हादसे के वक्त करीब 300 मजदूर थे। जहां पर लैंडस्लाइड हुआ वहां पर 70 के करीब मजदूर कार्य कर रहे थे। ऐसे हादसों के बावजूद हिमालयी क्षेत्र के राज्यों की सरकारों ने कोई सबक नहीं सीखा है। इन राज्यों में विकास के नाम पर बर्बादी की कहानी लिखी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि कहा कि सरकारों का मकसद राजस्व बढ़ाना नहीं बल्कि पर्यावरण को बचाना होना चाहिए खासकर ऐसे संवेदनशील इलाकों में। कोर्ट ने यह टिप्पणी एक होटल कंपनी की याचिका खारिज करते हुए की। यह कंपनी जून 2025 की उस अधिसूचना के खिलाफ थी, जिसमें हिमाचल के श्री तारा माता हिल को ग्रीन एरिया घोषित कर नई प्राइवेट कंस्ट्रक्शन पर रोक लगा दी गई थी। बेंच ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। इस साल भी बाढ़ और भूस्खलन में सैकड़ों लोग मारे गए और हजारों घर तबाह हो गए। यह साफ है कि प्रकृति इंसानी गतिविधियों से नाराज है। कोर्ट ने आगे कहा कि केवल प्रकृति को दोष देना गलत है। हिमाचल में पहाड़ों का खिसकना, सड़कों पर लैंडस्लाइड, मकानों का गिरना और सड़क धंसना, ये सब इंसानों की छेड़छाड़ का नतीजा है।

कोर्ट ने भाखड़ा और नाथपा झाकड़ी जैसे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिना सही भूगर्भ जांच और पर्यावरण अध्ययन के ये प्रोजेक्ट्स पहाड़ों को कमजोर कर रहे हैं। न्यूनतम जल प्रवाह का पालन न होने से नदियों में जलीय जीवन खत्म हो रहा है। आज सतलुज नदी एक नाले जैसी हो गई है। कोर्ट ने साफ किया कि अब समय रहते सख्त कदम न उठाए गए तो हिमाचल का अस्तित्व ही खतरे में पड़ सकता है। गौरतलब है कि पिछले एक सदी में हिमाचल प्रदेश में औसत तापमान 1.6 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। यह जलवायु परिवर्तन का एक स्पष्ट संकेत है, जिसके कारण हिमाचल प्रदेश में आपदाओं की संख्या में तापमान में वृद्धि के कारण, बारिश की तीव्रता और आवृत्ति में वृद्धि हुई है, जिससे बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाएँ आ रही हैं। हिमाचल के पांच जिले (चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी) भूकंप के लिए अति संवेदनशील क्षेत्र में आते हैं। भूकंप और लगातार बारिश से पहाड़ कमजोर हो जाते हैं, जिससे भूस्खलन की घटनाएं बढ़ती हैं। हिमाचल में लगभग 58.36 प्रतिशत भूमि तीव्र मिट्टी कटाव के खतरे में है। भारी बारिश के कारण मिट्टी बह जाती है, जिससे पहाड़ों की स्थिरता कम होती है और भूस्खलन का खतरा बढ़ता है। हिमाचल में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। इससे नदियों में पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ता है। हिमाचल में अनियोजित-अवैज्ञानिक विकास कार्यो ने आपदाओं को और बढ़ावा दिया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार और डेवलपर्स पर्यावरणीय प्रभावों को नजरअंदाज कर रहे हैं। हिमाचल में 174 छोटे-बड़े हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स हैं, जो 11,209 मेगावाट बिजली पैदा करते हैं। इन प्रोजेक्ट्स के लिए पहाड़ों को काटा जाता है। नदियों का प्रवाह बाधित होता है। वर्ष 2023 में कुल्लू और सैंज वैली में मलाना, सैंज और पार्वती प्रोजेक्ट्स के पास भारी नुकसान हुआ। मंडी, कुल्लू और शिमला में सड़क निर्माण के कारण बारिश में स्लिप और भूस्खलन की घटनाएं आम हैं। शिमला जैसे शहरों में बहुमंजिला इमारतें बन रही हैं, जो पर्यावरणीय चेतावनियों को नजरअंदाज करती हैं। हिमाचल में जंगलों को काटकर बिजली प्रोजेक्ट्स, सड़कों और पर्यटन के लिए जगह बनाई जा रही है।

वर्ष 1980 से 2014 तक किन्नौर में 90 प्रतिशत जंगल गैर-वन गतिविधियों के लिए हस्तांतरित किए गए, जिससे जैव विविधता और मिट्टी की स्थिरता को नुकसान हुआ। हिमाचल में हर साल लाखों पर्यटक आते हैं, खासकर कुल्लू, मनाली और शिमला जैसे क्षेत्रों में। इससे पर्यावरण पर दबाव बढ़ता है। होटल, रिसॉर्ट्स और अन्य निर्माण कार्यों के लिए पहाड़ों को काटा जाता है। कचरे का उचित प्रबंधन नहीं होता। इससे जल स्रोत और नदियां प्रदूषित होती हैं। बाढ़ जैसी स्थिति बनती है। पिछले कुछ सालों में हिमाचल में आपदाओं की संख्या और तीव्रता बढ़ी है।

# पीडीए पाठशाला- शिक्षा का अपहरण या विचारधारा का विषपान

**समाजवादी पार्टी द्वारा आरंभ की गई तथाकथित पीडीए पाठशाला कोई शैक्षणिक नवाचार नहीं, बल्कि एक सुनियोजित राजनीतिक कूटचाल है, जिसमें शिक्षा को संकीर्ण सोच, सांप्रदायिक समीकरण और सत्ताकांक्षा का औजार बना दिया गया है। यह उस वैचारिक बुखार का विस्तार है, जो बालक के मन में वर्णमाला के माध्यम से वंशवाद बोने का दुस्साहस करता है।**

(प्रणय विक्रम सिंह)

जब पाठशाला को पार्टीशाला बना दिया जाए, जब वर्णमाला में वंशवाद घुल जाए, जब बालकों के भोलेपन पर बौखलाहट की बिसात बिछाई जाए तब समझिए, शिक्षा नहीं, सियासत का षड्यंत्र चल रहा है।

समाजवादी पार्टी द्वारा आरंभ की गई तथाकथित पीडीए पाठशाला कोई शैक्षणिक नवाचार नहीं, बल्कि एक सुनियोजित राजनीतिक कूटचाल है, जिसमें शिक्षा को संकीर्ण सोच, सांप्रदायिक समीकरण और सत्ताकांक्षा का औजार बना दिया गया है। यह उस वैचारिक बुखार का विस्तार है, जो बालक के मन में वर्णमाला के माध्यम से वंशवाद बोने का दुस्साहस करता है।

'ए फार अखिलेश' बी फार बाबा साहेब, सी फार चरण सिंह, एम फार मुलायम सिंह, बाय फार यादव' यह कोई शब्दावली नहीं, समाजवादी संकीर्णता का संकेतमंत्र है। यह वर्णमाला नहीं, वोटमाला है। यह वह प्रयोग है, जो बच्चों को पठन नहीं, पक्षपात सिखाता है। यह शिक्षा नहीं, शब्दों के माध्यम से सत्ता की संकल्पना को संचित करने की योजना है।

विडंबना यह है कि शिक्षा के जो स्वयंभू प्रवक्ता आज पीडीए का पाठ पढ़ा रहे हैं, उनके ही शासनकाल (2012-2017) में उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालय उपेक्षा, भ्रष्टाचार और दुर्गति के जीते-जागते उदाहरण थे।

समाजवादी सरकार ने शिक्षा को न प्राथमिकता दी, न प्रतिष्ठा। सरकारी आंकड़े चीख-चीखकर बताते हैं कि उस काल में 64,000 से अधिक विद्यालयों में शौचालय, पीने का पानी और ब्लैकबोर्ड जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं थीं। 80,000 से अधिक शिक्षक पद रिक्त पड़े रहे, भर्तियां जातिगत जोड़-घटाव और चहेते समीकरणों पर टिकी रहीं। मिड डे मील योजना में दूध में पानी नहीं, पानी में दूध निकला और कभी-कभी उसमें छिपकलियां भी। कई विद्यालय चुनावी बैठकें और राजनीतिक प्रशिक्षण केंद्र बन गए। जो भवन शिक्षा के मंदिर थे, वहां न छात्रों की उपस्थिति थी, न संस्कारों की प्रतिष्ठा।

अब जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने 'पेयरिंग नीति' लागू कर बिखरे हुए विद्यालयों को एकीकृत किया, शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की, और बच्चों को सशक्त शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में 'मिशन कायाकल्प' के माध्यम से बुनियादी ढांचे में ऐतिहासिक सुधार किए तब वही समाजवादी पार्टी इसे 'विद्यालय बंदी' का नाम देकर राजनीतिक भ्रामकता का ब्रह्मास्त्र चला रही है। लेकिन तथ्य यही कहते हैं 1.38 लाख विद्यालयों में शौचालय, रंग-रोगन, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, फर्नीचर, और बाउंड्री वॉल जैसी आवश्यक सुविधाएं दी गईं। बच्चों को ड्रेस, जूते, बैग आदि के लिए अब डीबीटी के माध्यम से धन दिया जा रहा है।

कहने का अर्थ यह है कि जब योगी सरकार स्कूलों को संस्कार की संवाहिका बना रही है, समाजवादी पार्टी उन्हें समीकरण की संधि भूमि बनाना चाहती है।

पीडीए पाठशाला दरअसल समाजवादी पार्टी की जातीय राजनीति का 'शैक्षिक संस्करण' है। यह कोई प्रयोग नहीं, पीढ़ियों को पार्टी की परिधि में बांधने का प्रयास है। 'पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक' इस तिकड़ी को एक कृत्रिम वर्ग के रूप में स्थापित कर बालकों को यह बोध देना कि वे एक उत्पीड़ित समुदाय से आते हैं, और समाजवादी पार्टी ही उनका तारक है, एक वैचारिक वैचारिक विषवमन है। यह शिक्षण नहीं, शिकार है, बालबुद्धि के साथ भी, और संविधान की भावना के साथ भी।

यह योजना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21(ए) के स्पष्ट उल्लंघन के साथ-साथ एनसीआरसी जैसे अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार संधियों के भी प्रतिकूल है। ये संधियां बच्चों को राजनीतिक तटस्थता और स्वतंत्र बौद्धिक विकास का अधिकार देती हैं। लेकिन समाजवादी पार्टी बच्चों को विवेक की जगह वंश का, राष्ट्र की जगह जाति का और विवेचना की जगह वैमनस्य का पाठ पढ़ा रही है।

पीडीए पाठशाला में ;द्धश्हू 2इुह्ृठुद्गह्यह्य', 'क्वद्धश्हू क्द्धडुह्लडुह्ल', 'ष्ट द्धश्हू ष्टश्ठुह्यह्लद्बह्लह्लद्बश्ठु' नहीं है। वहां केवल ;द्धश्हू ग्द्धद्बद्यद्गह्यद्ध' है। यह कोई अनजाने में हुई भूल नहीं, यह सुनियोजित संकल्पनात्मक विलोपन है। इसमें राष्ट्र नहीं, केवल 'राग दरबारी' है। राष्ट्रवाद का स्थान 'रिश्तावाद' ने ले लिया है। यह विचार की हत्या है, और विचारधारा की हठधर्मिता का उत्सव।

ऐसे समय में जब भारत नई शिक्षा नीति के माध्यम से वैज्ञानिक सोच, सांस्कृतिक गौरव तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा में आगे बढ़ रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को डिजिटल भविष्य की ओर ले जा रहे हैं, तब समाजवादी पार्टी जातीय अतीत के जाल में बच्चों को उलझा रही है। यह पीडीए नहीं, वोट बैंक का ड्डद्गस्रद्बष् ष्ठद्गह्यह्लह्वष्ह्लद्बश्ठु द्दद्गठुस्रड्ड है।

समाज को तय करना होगा कि क्या हम अपने बच्चों को बुद्धिमत्ता का ब्रह्मास्त्र देना चाहते हैं या वोटबैंक का बायोमैट्रिक? क्या हमारी पाठशालाएं ज्ञान, गौरव और गत्यात्मकता का केंद्र बनेंगी या गुटबंदी, गणना और गुमराही का मंच? क्या हम वर्णमाला में 'वंदे मातरम' खोजेंगे या 'वोट दो मुलायम को' ?

पीडीए पाठशाला कोई शैक्षिक योजना नहीं, यह सामूहिक चेतना की चीरहरण योजना है। यह एक वैचारिक अपराध है, जो संविधान की भावना, सामाजिक समरसता और शिक्षा की गरिमा तीनों का अपमान है। यह पठन नहीं, प्रपंच है। यह अक्षर नहीं, एजेंडा है। यह विद्या नहीं, वोटवाद है। यह शिक्षा नहीं, सियासत की संकीर्णता है।

अतः अब समय आ गया है कि हम शिक्षा को राष्ट्रवाद की ऊर्जा दें, और इसे समाजवाद के दुराग्रह से मुक्त करें। हमें अपनी पाठशालाओं को फिर से 'गुरुकुल' बनाना है। जहां ज्ञान हो, गरिमा हो, और गौरव हो। पीडीए जैसे षड्यंत्रों को उजागर करना केवल बौद्धिक जिम्मेदारी नहीं, राष्ट्र की रक्षा का दायित्व है। पीडीए का अर्थ अब स्पष्ट है 'पार्टी द्वारा डिज़ाइन किया गया अपहरण'। इसे रोकिए, इससे पहले कि पीढ़ियां केवल 'पार्टी' के लिए पढ़ने लगें और 'भारत' को भूल जाएं।

यह मात्र बौद्धिक चेतना की पुकार नहीं, राष्ट्चेतना की प्रार्थना है। अब यह संघर्ष केवल शब्दों का नहीं, संस्कारों का है और इस युद्ध में मौन अपराध है। ।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, गूंजी वन्दे मातरम

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तिरंगा यात्रा झंडा मैदान से टावर चौक जिला परिषद मकतपुर कालीबाड़ी मुस्लिम बाजार होते हुए बड़ा चौक पर समाप्त हुई ' तिरंगा यात्रा का नेतृत्व जिला अध्यक्ष महादेव दुबे कर रहे




थे साथ में जमुआ के विधायक मंजू देवी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सुरेश साव सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा जिला महामंत्री संदीप डांगेच महेंद्र वर्मा श्याम कुमार नवीन सिन्हा संगीता सेठ उषा कुमारी हरविंदर सिंह बग्गा अरविंद बर्नवाल अजय सिंह राजेश गुप्ता प्रदीप राय अमर सिन्हा राजेश जायसवाल सुभाष सिंह रंजन सिन्हा दीपक भारती अजीत राणा वीरेंद्र वर्मा मनोज पांडे संतोष पांडे शालिनी बैसाखीयार जिला परिषद के अध्यक्ष मुनिया देवी कामेश्वर पासवान विनय सिंह रंजीत राय मिथुन चंद्रवंशी जयशंकर सिन्हा अनिल सिंह सहित कई लोग थे

### झामुमो ने स्वर्गीय शिबू सोरेन की श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गाण्डेय विधान सभा अन्तर्गत झा मु मो प्रखण्ड कमिटी गिरिडीह पश्चिमी की और से कोवाड हटिया मैदान मे पूर्व मुख्यमंत्री, राज्य सभा सांसद,दिशोम गुरु ,झारखंड राज्य के निमार्ता



स्वर्गीय शिबू सोरेन की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया गुरुजी के जीवन पर प्रकाश डाला और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि पेश की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से , प्रखण्ड अध्यक्ष अनवर असारी, प्रखण्ड सचिव विनोद सोरेन, युवा जिला सचिव फरदिन अहमद,कोषाध्यक्ष बासुदेव रविदास,मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष शब्बीर आलम, मुखिया प्रतिनिधि मुम्ताज असारी ,मुखिया मोहन मंडल, मुखिया अर्जुण मराण्डी रविन्द्र बर्मा लेखो मंडल नागेश्वर मंडल विजू वर्मा ,मुरली यादव ,जमीरुद्दीन विनोद चौडे, बासुदेव मंडल रजाक मियां ,अनामिका हाँसदा, जिलानी प्रविन, शान्ति मुर्मू, तथा 15 पंचायतों के सभी अध्यक्ष ,सचिव ,सक्रिय कार्यक्रता , सैकडों के तादाद कार्यकर्ता,उपस्थित हुए ,सभी ने गुरु जी अमर रहे का नारा लगाया और दिशोम गुरु शिवू सोरेन को भारत रत्न से नवाजने की मांग की।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिवस के अवसर पर कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिवस के अवसर पर कबड्डी टूनामेंट गिरिडीह कॉलेज ग्राउंड में कराया गया आयोजन प्रतिभा विकास क्लब और युवा कबड्डी अकादमी क्लब के द्वारा कराया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिला




क्रीड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नुरुल होदा के द्वारा मेडल और कप देकर खिलाड़ीयों को सम्मानित किया गया और इसमें मुख्य रूप से निर्णायक की भूमिका विवेक रंजन ,और संजय के द्वारा कराया गया और अतिथि आर्यन राज विजय, संजय सोरेनऔर मुख्य रूप से इस कबड्डी टूनामेंट को सफल बनाने में अजय विकी संदीप राहुल मोदी पवन यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे और इस टूनामेंट में कल 6 टीमों ने भाग लिया और रनर युवा कबड्डी अकादमी क्लब रहा और विनर प्रतिभा विकास क्लब रहा यह सारा प्रतियोगिता गिरिडीह कॉलेज ग्राउंड में कराया गया।

### संपतचक नगर परिषद के कई वार्ड जलमग्न, घुटनों भर पानी में गुजर रही ज़िंदगी

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार ।** संपतचक नगर परिषद के अधिकांश वार्डों में इस बरसात में जलजमाव ने भीषण रूप ले लिया है. जगनपुरा, शाहपुर, कछुआरा, बैरिया, करणपुरा, अब्दुल्ला चौक, सोनाडीह, भोगीपुर, पिपरा, कामता चक, उदायिनी, अजीम चक सहित कई इलाकों में हजारों की आबादी को मुख्य मार्गों पर घुटनों भर से अधिक पानी में होकर आना-जाना पड़ रहा है. रविवार को वार्ड नंबर 6 में एक समारोह में शामिल होने पहुंचे स्थानीय विधायक डॉ. रामानंद यादव से लोगों ने जलनिकासी की समस्या के समाधान की मांग की. उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी मार्गों पर पानी निकासी के उपाय कराए जाएंगे. वार्ड पार्षद ममता देवी और उनके पति अनिल यादव ने बताया कि उनके क्षेत्र में स्थिति सबसे गंभीर है, यहां नाला रोड तक नहीं है. पूजा करने मंदिर जाने वालों को भी जान जोखिम में डालकर घुटनों तक पानी में होकर गुजरना पड़ रहा है. वार्ड नंबर 6 के शाहपुर पार्वती पथ, बेईमान टोला, वासुदेव नगर और महादेव नगर पूरी तरह जलमग्न हैं. महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है. बच्चों की स्कूल आने-जाने की व्यवस्था ठप हो गई है. नगर परिषद अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि जलनिकासी के लिए पर्याप्त मोटर पंप लगाए गए हैं, लेकिन जहां पानी निकलने का कोई रास्ता नहीं है और आसपास की जमीन खाली या गांवनुमा है, वहां थोड़ी परेशानी हो रही है. उन्होंने आश्वासन दिया कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए परिषद लगातार प्रयासरत है.









# राजद की जिला कमिटी का हुआ विस्तार जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने की घोषणा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला के जांबाज राजद नेता सह जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने जब से जिला अध्यक्ष का पद संभाला है तब से राजद के सांगठनिक ताकतों में काफी परिवर्तन देखने को मिल रहा है जो काफी काबिले तारीफ है राष्ट्रीय जनता दल राज्य कमिटी के निर्देश पर आज गिरिडीह जिले के सभी 13 प्रखंडों के प्रखण्ड अध्यक्ष के साथ साथ जिला कमिटी का भी विस्तार की घोषणा जिला अध्यक्ष ने कर दिया है उन्होंने सभी जाति समाज और सभी समुदाय के लोगों को जिला नेतृत्व की जिम्मेदारी निष्पक्ष और निष्ठा पूर्वक सौंपने का काम किया है जो बिल्कुल सराहनीय कदम है उन्होंने खास कर युवाओं को उचित प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है जिला अध्यक्ष इरफान आलम एवं किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गिरेंद्र प्रसाद यादव जी, प्रदेश सचिव इनामुल हक एवं अन्य गणमान्य साथियों के मार्गदर्शन एवं प्रयास से राजद के सांगठनिक ताकतों को मजबूती प्रदान करने एवं गिरिडीह जिला को सामाजिक न्याय की विचारधारा से आच्छादित करते हुए पूरे दमखम के साथ गिरिडीह जिला राजदमय की बुलंदियों से झंकृत होगा गिरिडीह जिला पूर्व से ही राजद का सांगठनिक ताकतों और सामाजिक न्याय की भूमि रही है जिससे जांबाज राजद के जिला अध्यक्ष इरफान आलम के नेतृत्व में गिरिडीह के सभी विधान सभा क्षेत्रों में राजद का परचम लहरेगा और सामाजिक न्याय के महानायक शख्शियत गरीबों के मसीहा राजद सुप्रीमों आदरणीय लालू प्रसाद यादव एवं बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम युवाओं के धड़कन तेजस्वी यादव के विचारधारा को अपनाते हुए राजद नेताओं का अथक प्रयास नई ऊंचाइयों तक अमलीजामा पहनाने में अहम भूमिका साबित होगा जिले के 30 साथियों को जिला स्तर के विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनित किया गया है साथ ही जिला कमिटी को भी सशक्त बनाने में इरफान आलम व किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गिरेंद्र यादव जी का भी सराहनीय प्रयास रहा है इसके लिए जिला स्तर पर मनोनित सभी पदाधिकारी, प्रखण्ड पदाधिकारी एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों ने जिला अध्यक्ष इरफान आलम प्रदेश अध्यक्ष गिरेंद्र प्रसाद यादव जी को दिल से आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हृदय के गहराइयों से हार्दिक बधाई दी इन तमाम राजद पदाधिकारियों का स्वागत समारोह कार्यक्रम दिनांक 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्थानीय झंडा मैदान गिरिडीह में आयोजित राष्ट्रीय जनता दल के कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

## जमुआ विधायक मंजू देवी ने भाइयों की कलाइयों पर बांधों राखी

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मिर्जागंज जलीय सूर्यमंदिर परिसर के लाडली धर्मशाला में दीदी सेवा फाउंडेशन के बैनर तले रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि विधायक डॉ मंजू कुमारी ने विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों युवकों की कलाई में रक्षासूत्र बांधा. कहा कि वह पिछले तीन वर्षों से जमुआ और देवरी प्रखंड के भाइयों की कलाई में राखी बांध रही है. यह परंपरा आगे भी चलती ही रहेगी. संचालन भाजपा हीरोडीह मंडल अध्यक्ष सह मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने किया. कार्यक्रम में अशोक सिंह, बीरेंद्र तिवारी, गंगाधर प्रसाद, दशरथ वर्मा, कार्तिक मंडल, अजय तिवारी, रूपलाल दास, गोपाल कृष्ण पांडेय, रंजीत मंडल, अजीत द्विवेदी, सुभाष सिंह, अशोक शाह, विवेक आनंद, प्यारी राणा, अजय मंडल, आनंद शाह, पूजा कुमारी, पप्पू वर्मा, सुधीर वर्मा, मनोज शाह, रामानंद कुशवाहा,भाइयों की कलाई में राखी बांधतीं विधायक. विजय गुप्ता, सुनील राय आदि मौजूद थे. वहीं, पूरे प्रखंड में त्योहार धूमधाम से मना।



## सीबीएसइ क्लस्टर ||| कबड्डी प्रतियोगिता के लिए सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल पूरी तरह तैयार

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में 11अगस्त से 16 अगस्त तक आयोजित होनेवाली नॉक आउट सीबीएसई क्लस्टर ||| कबड्डी टूनामेंट की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें बिहार और झारखण्ड के लगभग 1500 प्रतियोगी भाग लेंगे। यह आयोजन सीबीएसई अंतर-विद्यालय खेल कैलेंडर में सबसे प्रतीक्षित आयोजनों में से एक है और पूरे विद्यालय परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है।दोनों राज्यों के कुल 65 स्कूलों ने इस प्रतिस्पर्धा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया हैं जिनमें , तीन आयु वर्गों: अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 में प्रतियोगी प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमे लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग मैच होंगे। इस छः दिवसीय प्रतिस्पर्धा का उद्घाटन 11 अगस्त को प्रातः 9 बजे होगा और इसका समापन 16 अगस्त को दोपहर 2 बजे होगा। बाहर से आनेवाले सभी प्रतियोगियों, टीम प्रबंधकों और प्रशिक्षकों के लिए विद्यालय परिसर में ही ठहरने और खाने की व्यवस्था कर दी गयी हैं। साथ ही मैच ऑफिसियल, आब्जर्वर और टेक्निकल टीम के लिए भी जरुरी व्यवस्थाएं दे दी गयीं हैं। होनेवाले सभी मैच प्रशिक्षित रेफरी औरतकनीकी कर्मियों की देखरेख में सीबीएसई दिशानिदेशों का कड़ाई से पालन करते हुए मैच आयोजित किए जाएँगे। प्रतिस्पर्धी दांव से परे, इस टूनामेंट का उद्देश्य भाग लेने वाले छात्रों के बीच टीम भावना, क्षेत्रीय एकजुटता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। जहाँ एक ओर प्रदर्शन पर पूरा ध्यान केंद्रित किया गया है, वहीं स्कूल ने आपसी सम्मान, अनुशासन और खेल भावना का माहौल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। विद्यालय प्रबंध निर्देशक जोरावर सिंह सलूजा ने कहा की हमे उम्मीद हैं इस अंतर -विद्यालय आयोजन से जहाँ खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा वहीं क्षेत्र की उभरती हुई एथलेटिक प्रतिभाओं भी सामने आयेंगी अपनी शैक्षणिक दृढ़ता और सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल हर साल विभिन्न खेलों का आयोजन करता हैं और खेलों के माध्यम से समग्र शिक्षा और समुदाय निर्माण के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के एक अवसर के रूप में देखता है।

# अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अम्बेडकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनवा, दानापुर, पटना में स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं, छात्राओं और महिलाओं में स्तनपान के महत्व, लाभ और उससे जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी देना था। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. कौशल कुमार गिरि ने संबोधित करते हुए कहा कि शिशु को केवल माँ का दूध ही देना चाहिए। इससे बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है और माँ के स्वास्थ्य को भी लाभ मिलता है। इससे बच्चे का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास सही तरीके से होता है। इस मौके पर संस्थान की शिक्षिका लक्ष्मी बरासकर ने कहा कि जन्म के पहले छह माह तक शिशु को केवल माँ का दूध देना सबसे उत्तम आहार है। उन्होंने सही स्तनपान के तरीकों, समय, माताओं के आहार, और स्तनपान के दौरान आने वाली सामान्य चुनौतियों के समाधान पर भी जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. प्रीति-पिडियाट्रिशियन ने बताया कि स्तनपान माँ के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। इससे प्रसव के बाद माँ का स्वास्थ्य शीघ्र सुधारता है और कुछ गंभीर रोगों का खतरा कम होता है। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी और इंटरएक्टिव सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान की छात्राओं एवं महिला कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में संस्थान के कॉर्डिनेटर डॉ. आशिष ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्तनपान न केवल एक जैविक प्रक्रिया है बल्कि यह माँ और बच्चे के बीच एक गहरे भावनात्मक बंधन का प्रतीक भी है। उन्होंने आशा जताई कि ऐसे जागरूकता अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करेंगे। मंच का संचालन सोनाली और गरिमा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भावना ठाकुर, गीता रानी साहू, संयतन दास, प्रितम सिंघा, अनिता सोनी के साथ संस्थान के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।




# अग्रवाल समाज ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**शिविर में 17 यूनिट रक्त संग्रह, एएसपी अजय ने बोकारो में किया रक्तदान**

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अग्रवाल समाज गिरिडीह की ओर से रक्त केंद्र गिरिडीह में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्त दान शिविर में कुल 17 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जबकि समाज की ओर से रांची के एएसपी अजय कुमार ने बोकारो में रक्तदान किया। गिरिडीह में बिपिन अग्रवाल ने रक्त दान कर इस शिविर की शुरूआत की। इसके बाद एक-एक कर समाज के 17 लोगों ने रक्त दान किया, जिसमें सचिव प्रमोद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, विकास अग्रवाल, मिथुन अग्रवाल आदि शामिल है। इस शिविर में नीरज अग्रवाल, मंटू अग्रवाल, रोहित अग्रवाल व संतोष अग्रवाल ने पहली बार रक्तदान किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष व रेड क्रॉस के चेयरमेन अरविंद कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है। दान की गई एक यूनिट रक्त तीन तीन लोगों को नया जीवन दे सकता है। सभी स्वस्थ्य लोगों को हर 90 दिन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति कई प्रकार की बीमारियों से सुरक्षित रहता है। आज के समय में हमारे जिले में थैलीसीमिया से पीड़ित बहुत से बच्चे हैं जिसे हर महीने बड़ी मात्रा में ब्लड की आवश्यकता होती है। उन्होंने समाज के रक्तवीरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहाँ संग्रहित रक्त से कई जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिल पायेगा। उन्होंने अन्य संस्थाओं के लोगों से भी स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाने के लिए आगे आने की अपील की। मौके पर डॉ सोहेल अख्तर, प्रदीप अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सुनील अग्रवाल समेत ब्लड बैंक के कई कर्मी मौजूद थे।




**'नमक का दारोगा' का सफल मंचन**

## प्रेमचंद की कालजयी कृति को मिली नई संजीवनी

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रेमचंद की कालजयी कहानी 'नमक का दरोगा' को 'सूत्रधार' नाट्य संस्था ने खगौल स्थित पूर्व मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य मंचन के जरिए जीवंत कर दिया. संस्था के महासचिव नवाब आलम के निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक ने ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय मूल्यों का सशक्त संदेश दिया. कहानी के मुख्य पात्र वंशीधर की ईमानदारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी अडिग लड़ाई को दर्शकों ने खूब सराहा, वहीं पंडित अलोपीदीन के चरित्र ने नैतिकता और धन के द्वंद्व को प्रभावी ढंग से पेश किया. मंच पर अंबुज कुमार (वंशीधर), बीरेंद्र कुमार ओझा (मुंशीजी), मुकेश कुमार (पंडित अलोपीदीन), अनिल कुमार सिंह (बदलू सिंह) और आरती देवी (वंशीधर की मां) ने दमदार अभिनय किया. मंच परे, डॉ. कुमार संजय, नवाब आलम, आसिफ हसन, संजीत गुप्ता, अंजुम इमाम और जुनैद आलम ने नाटक को उत्कृष्ट बनाने में अहम भूमिका निभाई. कार्यक्रम में दीनानाथ प्रसाद यादव, दीपेश कुमार शर्मा, डॉ. अनिल कुमार, पंकज मिश्रा, अनिता कुमारी, प्राचार्य ज्ञानेश्वर प्रसाद, प्रो. डॉ. महेंद्र सिंह, राजेंद्र राय, प्रो. एस.एस. जोसेफ और समाजसेवी चंदू प्रिंस सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे.

## कांग्रेस गंभीर मामलों को लेकर प्रखंडों में भी जाएगी: धनंजय सिंह




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा इलेक्शन कमीशन के ऊपर गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने राहुल गांधी द्वारा राहुल गांधी प्रेस कांफ्रेंस के जरिए जो वीडियो में फर्जी वोटिंग का प्रमाण दिखाया गया जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने बताया कि इतने बड़े लोकतांत्रिक संस्था चुनाव आयोग जिस पर हमारे नेता न्याय योद्धा राहुल गांधी ने बहुत ही गंभीर आरोप लगाया है प्रूफ के साथ जिसका जवाब ना सरकार के पास है या चुनाव आयोग के पास है सबसे आश्चर्य की बात यह है की एक घर में एक मकान नंबर में 80 आदमी का पता है और वह कमरा 10 बाय 10 का है। नाम अलग पिता का नाम अलग एक व्यक्ति का चार जगह एक विधानसभा में मतदाता सूची में नाम है और सबसे बड़ी बात है कि वहां के पोलिंग एजेंट ने उन सभी बूथों पर उनका मतदान भी हुआ यह भी दशार्या गया है कांग्रेस इस गंभीर मामलों को लेकर प्रखंडों में भी जाएगी। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया, प्रदेश सचिव अजय सिन्हा, उपेंद्र सिंह, शब्बीर खान, सोहेल इराकी, पंकज सागर, दिनेश विश्वकर्मा,अशोक विश्वकर्मा,चांद, गुलाम मुस्तफा,मिनहाज, शाहिद सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पारस एचएमआरआई में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पारस एचएमआरआई पटना की ओर से रविवार 10 अगस्त को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. इसमें बीपी, आरबीएस, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी, आई स्कैनिंग, डेंटल स्क्रीनिंग और विभिन्न प्रकार की कंसल्टेशन सेवाएं मुफ्त उपलब्ध कराई गई. शिविर में कुल 512 मरीजों ने पारस एचएमआरआई की आधुनिक तकनीक से जांच कराई और अनुभवी डॉक्टरों से निःशुल्क परामर्श लिया. शिविर के दौरान सभी प्रकार की लैब और रेडियोलॉजी सेवाओं पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई. पारस एचएमआरआई के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक मरीजों को जांच और परामर्श प्रदान किया. सुबह से ही मरीजों का पहुंचना शुरू हो गया था और यह क्रम निर्धारित समय तक चलता रहा.


## पटना में जमीन कब्जा गिरोह का तांडव, शराब-शबाब पार्टी में चली दो दर्जन से अधिक गोलियां, कुख्यात चिनिया के गुर्गे भी शामिल

### पुलिस ने दो बदमाश किया गिरफ्तार, हथियार बरामद




**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना में जमीन कब्जा माफियाओं का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है. रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र में शनिवार की रात अपराधियों ने खुलेआम फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी. यह पूरी वारदात मधुबन कॉलोनी में हुई, जहां परसा, पुनपुन और मसौढ़ी के दबंग व अपराधी प्रवृत्ति के लोग एक विवादित जमीन सौदे के बाद जश्न मनाने के लिए जुटे थे. पार्टी में शराब और शबाब का दौर चल रहा था, तभी नशे में चूर अपराधियों ने अंधाधुंध गोलियां चला दीं. गोलियों की आवाज से इलाका थर्रा उठा और लोग घरों में दुबक गए.घटना की सूचना मिलते ही रामकृष्ण नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को देखते ही ज्यादातर आरोपी भाग खड़े हुए. हालात बिगड़ने की आशंका को देखते हुए परसा बाजार थाना पुलिस को भी बुलाया गया. मौके पर डीएसपी सदर-2 रंजन कुमार पहुंचे और फायरिंग में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी की. छापेमारी के दौरान पुलिस ने रामकृष्ण नगर निवासी मुन्ना कुमार और खपड़ैलचक निवासी कमलेश कुमार को दबोच लिया. इनके पास से एक हथियार भी बरामद किया गया है.

# जल निकासी पंप नहीं लगने से रूपसपुर और आसपास में भारी जलजमाव, लाखों का नुकसान









**दानापुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेली रोड से लेकर खगौल तक और दोनों तरफ फैली कॉलोनियों में इस समय जलजमाव की स्थिति भयावह बनी हुई है.आईपीएस मोड़ और आसपास की कॉलोनियों से जुड़ने वाले कई लिंक रोड पर पानी भर जाने से हजारों की आबादी प्रभावित है. आरपीएस, विजय विहार, एल आई सी कॉलोनी, मानसरोवर, महावीर कॉलोनी, आरपीएस महिला कॉलोनी, आरपीएस लॉ कॉलेज के पीछे की कॉलोनियां और रूपसपुर न्यू थाना के पास के इलाके कई दिनों से जलमग्न हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि बुनियादी सुविधाओं के नाम पर हर साल बरसात में वही हालात दोहराए जाते हैं. इस बार भी जल निकासी पंप नहीं लगाए गए, जिससे पानी घरों और अपार्टमेंट के बेसमेंट तक घुस गया है. कई निचले इलाकों में खड़े पानी ने गलियों को तालाब में बदल दिया है. कीचड़ और गंदे पानी के बीच लोग आने-जाने को मजबूर हैं, वहीं कई जगह वाहनों के पलटने और लोगों के घायल होने की घटनाएं सामने आई हैं. जलजमाव से न केवल सड़कें और घर प्रभावित हैं, बल्कि बदबू और संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है. इन कॉलोनियों में स्थित डेयरी और खटाल से निकलने वाला गोबर और गंदगी पानी में मिलकर पूरे इलाके में फैल रही है, जिससे माहौल दुर्गंधमय हो गया है. मां मैरेज हॉल के संचालक विद्यानंद रघुराम पुरी ने बताया कि हॉल में पानी घुस जाने से फर्नीचर, सजावट का सामान और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह बर्बाद हो गए. ह्लहमारा लाखों का नुकसान हो चुका है. अगर बारिश से पहले जल निकासी की उचित व्यवस्था होती तो हालात इतने बिगड़ते नहीं. टैक्स हम समय पर देते हैं, लेकिन देखने वाला कोई नहीं है,ह्व उन्होंने नाराजगी जताई. लोगों का आरोप है कि प्रशासन कागजों पर पानी निकालने का दावा कर रहा है, जबकि हकीकत में स्थिति जस की तस बनी हुई है. अब मोटर पंप से पानी निकालने की कोशिश हो रही है, लेकिन तब जब घरों का सामान बर्बाद हो चुका है. स्थानीय निवासी और समाजसेवी भी कह रहे हैं कि यह इलाका नगर परिषद, नगर निगम और नगर पालिका के बॉर्डर में आता है, जिसके कारण जिम्मेदारी तय नहीं हो पाती. वार्ड पार्षद की चुप्पी और नगर प्रशासन की निष्क्रियता ने लोगों के गुस्से को और भड़का दिया है. बरसात के बीच यह जलजमाव अब लोगों के लिए सिर्फ परेशानी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन गया है.

# शेयर बाजार में छाई रहेगी मायूसी या बदलेंगे हालात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार बीते 6 हफ्ते से लगातार नकारात्मक प्रदर्शन कर रहा है। शुक्रवार को निफ्टी और सेंसेक्स में करीब 1 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली थी। इसके अलावा बीएसई मिडकैप इंडेक्स 1.3 प्रतिशत और स्मॉल कैप इंडेक्स में करीब 2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। आइए जानतें वो 5 कारण जो शेयर बाजार को इस हफ्ते प्रभावित करेंगे।

### ● 5 वजहें जो तय करेंगे रफ्तार

1- **ट्रंप टैरिफ में अब आगे क्या-** डोनाल्ड ट्रंप इंडियन इंपोर्ट्स पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। नया टैरिफ 27 अगस्त से प्रभावी होगा। डोनाल्ड ट्रंप का आक्रमक रवैय्या और अनिश्चितता भारती शेयर बाजारों के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि मौजूदा टैरिफ अगर लागू होगा है तो भारत जीडीपी का ग्रोथ रेट एक प्रतिशत गिर सकता है। घरेलू बाजार की टैरिफ को लेकर होने वाली बातचीत पर नजर रहेगी। भारत का टैरिफ बांग्लादेश, वियतनाम और चीन से भी अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका और चीन किसी भी डील 12 अगस्त से पहले सिक्योर हो सकता है।

2- **भारत और अमेरिका का महंगाई डाटा-** इस हफ्ते भारत और अमेरिका के महंगाई आंकड़े सामने आएंगे। भारत और अमेरिका की सीपीआई डाटा 12 अगस्त को आएगा। वहीं, डब्ल्यूपीआई का डाटा 14 अगस्त को सामने आएगा।
जुलाई के महीने में महंगाई 2.10 प्रतिसत से घटकर 1.8 प्रतिशत हो सकता है।




3- **ट्रंप और पुतिन की मीटिंग-** अमेरिकी प्रेसीडेंट और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के बीच 15 अगस्त को मीटिंग होने जा रही है। पूरी दुनिया पर इस मीटिंग की नजर रहेगी। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के दौरान यह मीटिंग काफी महत्वपूर्ण हो जाती है।

4- **एफपीआई का क्या रहेगा रुख-** जुलाई से एफपीआई लगातार घरेलू बाजार में बिक्री कर रहे हैं। जुलाई के महीने में कैश सेगमेंट में एफपीआई ने 47,666.68 करोड़ रुपये के शेयरों को बेचा था। अगस्त के महीने में भी बिक्री का सिलसिला जारी है। एफपीआई ने इस महीने 14,018.87 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। 8 अगस्त को एफपीआई ने 1932.81 करोड़ रुपये के शेयर कैश सेगमेंट में खरीदे थे। लेकिन यह काफी शुरुआती दौर है। ऐसे में एफपीआई का घरेलू मार्केट को लेकर क्या ट्रेंड दिखता है इस पर भी बाजार की रफ्तार निर्भर करेगा।

5- **कंपनियों के तिमाही नतीजे-** बीएसई के डाटा के अनुसार इस हफ्ते 2000 से अधिक कंपनियों के तिमाही नतीजे जारी होंगे। इसमें बजाज कंज्यूमर केयर, अशोक लेलैंड, ओएनजीसी, आईओएसी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, बीपीसीएल और हिंदुस्तान कॉपर के तिमाही नतीजों पर फोकस रहेगा।

## आईसीआईसीआई बैंक ने न्यूनतम बचत राशि बढ़ाकर 50000 की

### ● आम ग्राहकों के लिए इसका क्या मतलब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दूसरे सबसे बड़े निजी बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने अपने बचत खातों के लिए न्यूनतम मासिक औसत शेष राशि (एमएबी) में बड़ा इजाफा कर इसे 50,000 रुपये कर दिया है। यह बदलाव 1 अगस्त, 2025 से प्रभावी है। यह बदलाव एक अगस्त के बाद खोले गए सभी नए खातों पर लागू होगा। घरेलू बैंकों के बीच न्यूनतम राशि की आवश्यकता की बात करें तो यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है।




नए बदलावों के तहत महानगरीय और शहरी शाखाओं के ग्राहकों को न्यूनतम औसत शेष राशि 50,000 रुपये रखनी होगी। यह वर्तमान के 10,000 रुपये से काफी ज्यादा है। अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, न्यूनतम शेष राशि 5,000 रुपये से बढ़कर 25,000 रुपये हो जाएगी। ग्रामीण इलाके के खातों के लिए न्यूनतम मासिक औसत शेष राशि 2,500 रुपये से बढ़कर 10,000 रुपये हो जाएगी। आईसीआईसीआई बैंक आवश्यक एमएबी में कमी का 6% या 500 रुपये, जो भी कम हो जुर्माने के रूप में वसूलेगा। उदाहरण के लिए, मेट्रो शाखा में 10,000 रुपये की कमी होने पर सामान्यत: 600 रुपये का जुर्माना लगता था, लेकिन नए नियमों के तहत यह शुल्क 500 रुपये तक सीमित कर दिया गया है। आईसीआईसीआई बैंक ने अपने नकद लेनदेन के नियमों में भी बदलाव किया है। ग्राहकों को प्रति माह तीन मुफ्त नकद जमा लेनदेन की सुविधा मिलेगी। इनकी कुल राशि 1 लाख रुपये तक होगी। इससे ज्यादा जमा पर 150 रुपये प्रति लेनदेन या 1,000 रुपये जमा पर 3.50 रुपये (जो भी ज्यादा हो) का शुल्क लगेगा।

## भारत और ओमान मुक्त व्यापार समझौते पर सहमत

### औपचारिक एलान 2-3 माह में हो सकता है; जानिए सबकुछ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ओमान के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) का एलान जल्द ही होने की संभावना है। एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि समझौते के दस्तावेज का अरबी में अनुवाद ओमान में हो रहा है। इसके बाद दोनों देशों के



मंत्रिमंडल इसे मंजूरी देंगे। अधिकारी ने आगे बताया, दोनों देशों ने सैद्धांतिक तौर से समझौते का एलान और उस पर दस्तखत साथ मिलकर करने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि दो-तीन महीने से भी कम वक्त में यह सब हो जाएगा।
समझौते पर 2023 में शुरू हुई बातचीत इस समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। इस पर औपचारिक बातचीत नवंबर 2023 में शुरू हुई थी। सीईपीए के तहत दोनों देश अधिकांश व्यापारिक वस्तुओं पर सीमा शुल्क घटाएंगे या समाप्त करेंगे, सेवाओं के व्यापार के नियम आसान बनाएंगे और निवेश को बढ़ावा देंगे खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में ओमान भारत के लिए तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले - 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के साथ

# भारत का रक्षा उत्पादन सर्वकालिक उच्च स्तर पर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2024-25 में 1,50,590 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को यह बात कही। रक्षा उत्पादन में पिछले वित्त वर्ष के 1.27 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले लगभग 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा, 'वित्त वर्ष 2024-25 में वार्षिक रक्षा उत्पादन बढ़कर 1,50,590 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है।'

● **रक्षा उत्पादन में 2019-20 की तुलना में 90 फीसदी की आश्चर्यजनक वृद्धि-** रक्षा मंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'ये संख्या पिछले वित्त वर्ष के 1.27 लाख करोड़ रुपये के उत्पादन की तुलना में 18 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि और 2019-20 के बाद से 90 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि दर्शाती है। तब यह आंकड़ा 79,071 करोड़ रुपये था।'

● **रक्षा मंत्री बोले- सभी हितधारकों के सामुहिक प्रयासों से मिली सफलता-** केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में इस उपलब्धि को हासिल करने में रक्षा उत्पादन विभाग और सभी हितधारकों, जिनमें रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक इकाइयां और निजी उद्योग शामिल हैं। उन्होंने सामूहिक प्रयासों की सराहना की, और इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

### रक्षा उपकरणों के निर्माण में भारत बना आत्मनिर्भर

हाल ही में आई स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत अब रक्षा उपकरणों में आत्मनिर्भर बनने के साथ ही उन्हें निर्यात करने वाला एक उभरता वैश्विक खिलाड़ी बन चुका है। 2014 से 2024 तक भारत के रक्षा आयात में 34% की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है, जबकि रक्षा निर्यात में 700% से अधिक की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। भारत हथियारों के मामले में बहुत तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।


### कंगाली में आटा गीला

## भारतीय उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध से पाकिस्तान को झटका

**मुंबई।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को भारत को आंखें दिखाना महंगा पड़ रहा है। कर्ज के बोझ तले दबा पाकिस्तान एक गलती की वजह से अपना बड़ा नुकसान करा चुका है। भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगाकर पाकिस्तान को दो महीने में 1240 करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध से यातायात में 20 प्रतिशत कमी आई।
22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। इसके जवाब में पाकिस्तान ने सभी भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिया था। मगर यह प्रतिबंध पाकिस्तान पर ही उल्टा पड़ गया। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक 24 अप्रैल से 30 जून के बीच हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध से पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण (पीएए) का हवाई उड़ान शुल्क राजस्व गिर गया। वहीं रोज लगभग 100-150 भारतीय विमान प्रभावित हुए। जबकि पाकिस्तान के पारगमन हवाई यातायात में लगभग 20 प्रतिशत की कमी आई। पाकिस्तानी रक्षा मंत्रालय ने नुकसान की बात स्वीकार की, लेकिन यह कहकर उसे उचित ठहराने की कोशिश की कि संप्रभुता और राष्ट्रीय रक्षा आर्थिक पहलुओं से ऊपर हैं।

# 40 से गिरकर 3 पर आ गया था यह शेयर

### ● अब घाटे में आ गई है पावर कंपनी



नई दिल्ली, एजेंसी। स्मॉल-कैप स्टॉक रतनइंडिया पावर के शेयर लगातार चर्चा में हैं। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 2% तक गिर गए थे। शेयरों में इन दिनों लगातार गिरावट देखी जा रही है। पिछले पांच कारोबारी दिन में यह शेयर 10% और महीनेभर में 30% तक टूट चुका है। वहीं, इस साल अब तक कंपनी के शेयर 14% तक और सालभर में 25% टूट गए। हालांकि, पांच साल में इसने तगड़ा रिटर्न भी दिया है। इस दौरान इसकी कीमत 3 रुपये से 230% तक चढ़ा गया। अगस्त, 2020 में कंपनी के शेयर की कीमत 3 रुपये ही थी। 30 अक्टूबर 2009 को कंपनी के शेयर की कीमत 40 रुपये पहुंच गई थी।

● **घाटे में आई है कंपनी-** बता दें कि हाल ही में रतनइंडिया पावर ने अपने जून तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। जून तिमाही में कंपनी को घाटा हुआ है। रतनइंडिया पावर ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 13.11 करोड़ का समेकित शुद्ध घाटा दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 93 करोड़ का लाभ और पिछली मार्च तिमाही में 125.94 करोड़ का लाभ हुआ था। इसका परिचालन राजस्व वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में साल-दर-साल 11.8% घटकर 821.96 करोड़ रह गया, जो वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 931.83 करोड़ था। क्रमिक आधार पर भी, राजस्व वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के 936.25 करोड़ से कम रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले 196 करोड़ की कमाई दर्ज की।

● **कंपनी का कारोबार-** रतनइंडिया पावर लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी निजी बिजली उत्पादन कंपनी में से एक है, जिसकी महाराष्ट्र, भारत में अमरावती और नासिक (प्रत्येक स्थान पर 1,350 मेगावाट) में 2,700 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट की स्थापित क्षमता है।

### इंजीनियर दोस्तों ने शुरू किया ऐसा काम कि बरसने लगा पैसा

# हर महीने लाखों रुपये की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंजीनियरिंग कर तो पैसा ही पैसा होगा... यह लाइन आपने काफी लोगों से सुनी होगी। अगर जिंदगी में पैसा ही कमाना है तो जरूरी नहीं कि इंजीनियरिंग ही की जाए। कर्नाटक के उडुपी के रहने वाले केल्विन अरानहा और फरीश अनफल इसके उदाहरण हैं। इन दोनों दोस्तों ने इंजीनियरिंग छोड़ आधुनिक खेती शुरू की। आज ये दोनों दोस्तों आधुनिक खेती के जरिए हर महीने लाखों रुपये कमा रहे हैं। केल्विन और फरीश ने मैंगलोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग (स्थ्रुञ्जश्व) में इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने खेती के क्षेत्र में काम करने का फैसला किया। केल्विन बेंगलुरु में नौकरी करने चले गए। फरीश ने एक छोटा सा सीफूड का बिजनेस शुरू किया। फरीश बताते हैं कि उन्हें किसानों की समस्याओं के बारे में पता चला। उन्होंने कहा, मैंने देखा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से किसानों को खेती में मुनाफा कमाने में बहुत दिक्कतें आ रही हैं। मैंने और किसानों से बात की और मुझे पता चला कि वे कितनी मुश्किलों का सामना करते हैं।

● **कैसे आया बिजनेस का आइडिया-** केल्विन और फरीश हर हफ्ते इस समस्या पर बात करते थे। दोनों दोस्त मिलकर खेती के क्षेत्र को बदलना चाहते थे। इसलिए उन्होंने खेती को मुनाफे वाला बनाने का फैसला किया।

● **कैसे करते हैं आधुनिक खेती-** दोनों दोस्त फसल उगाने के लिए हाइड्रोपोनिक्स तकनीक का इस्तेमाल करता है। इससे फसलों की क्वालिटी और पैदावार बढ़ती है। कर्नाटक के ब्रह्मवरा में उन्होंने एक वर्टिकल



फार्म बनाया है। इसमें वे ड्ढ की मदद से लेट्यूस, तुलसी, केल और पार्सले जैसी फसलें उगा रहे हैं। ये फसलें आमतौर पर भारत में नहीं उगाई जाती हैं। पहले किसान बारिश, मिट्टी की उपजाऊ शक्ति और महंगे कीटनाशकों पर निर्भर रहते थे। कई बार खराब मौसम और मिट्टी की वजह से उनकी फसलें बर्बाद हो जाती थीं। इससे वे कर्ज में डूब जाते थे। लेकिन, केल्विन और फरीश ने खेती के तरीकों को बदलने का सोचा।

### लागत में आई कमी

पारंपरिक खेती के मुकाबले ड्ढ से चलने वाली हाइड्रोपोनिक खेती में 95% पानी बचता है। क्योंकि, इसमें पानी को दोबारा इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही, लागत भी 50% तक कम हो जाती है। फरीश का कहना है कि इससे खेती ज्यादा टिकाऊ और मुनाफे वाली बन सकती है। फसलों को नियंत्रित वातावरण में कृत्रिम रोशनी में उगाया जा सकता है। इससे बाहर के मौसम पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।

### कैसे करता है AI काम

सॉफ्टवेयर से मिली जानकारी के आधार पर सिस्टम सिंचाई करता है। यह तापमान, नमी, श्व ॥, पानी की कंडक्टिविटी, हवा का तापमान और दूसरी चीजों को भी कंट्रोल करता है। इससे पौधों को बढ़ने के लिए सही वातावरण मिलता है।

# मोदी सरकार ने दोगुना कर दिया यह भत्ता

### केंद्रीय कर्मचारियों के लिए जानना जरूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कुछ कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, सरकार ने दिव्यांगता की कुछ निश्चित श्रेणियों में आने वाले केंद्रीय कर्मचारियों को सामान्य दर से दोगुना ट्रांसपोर्ट या परिवहन भत्ता देने का ऐलान किया है। वित्त मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों और विभागों को इस निर्देश का सख्ती से पालन करने को कहा है।

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया है कि 15 सितंबर 2022 को जारी पूर्व निर्देशों में संशोधन करते हुए दिव्यांगता की श्रेणियों की एक नई सूची जारी की गई है जिसके तहत कर्मचारियों को दोगुना परिवहन भत्ता दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत यह ऐलान किया है।

### यह सुविधा क्यों आवश्यक है

दिव्यांग कर्मचारियों को दैनिक जीवन में कई अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यात्रा करना, खासकर कामकाजी जीवन में, एक बड़ी चुनौती है। सरकार द्वारा परिवहन भत्ते को दोगुना करना इन कर्मचारियों के लिए एक बड़ी राहत है, जिससे न केवल उन्हें आर्थिक सहायता मिलेगी बल्कि सामाजिक समावेशन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### कई तरह के पीड़ित दिव्यांग शामिल

इस भत्ते का फायदा कई कैटेगरी के पीड़ित दिव्यांगों को मिलेगा। उदाहरण के लिए ठीक हो चुके कुष्ठ रोग, मस्तिष्क पक्षाघात, बौनापन, एसिड अटैक के शिकार और रीढ़ की हड्डी की विकृतियां या चोट से विकलांगता शामिल है। अंधापन, बहरापन और मानसिक रोग जैसी दिक्कतें भी शामिल हैं।

बता दें कि सातवें वेतन आयोग के तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों को कई तरह के भत्ते दिए जाते हैं। उदाहरण के लिए महंगाई भत्ता (डीए) है, जो मुद्रास्फीति को देखते हुए हर छह महीने में संशोधित किया जाता है। एचआरए (हाउस रेंट अलाउंस) - शहर की श्रेणी के अनुसार अलग-अलग दरों पर उपलब्ध है। यात्रा भत्ता, बच्चों की शिक्षा भत्ता, छात्रावास सब्सिडी, आदि भी मिलता है। इसके अलावा दिव्यांग कर्मचारियों के लिए पहले से ही कुछ अतिरिक्त भत्ते थे लेकिन अब दोगुने परिवहन भत्ते का अपडेटेड निर्देश आया है।

# तेल-मांस ने बढ़ाया थाली का बोझ

### जुलाई में वैश्विक खाद्य कीमतें 1.6% बढ़ीं; भारत में भी असर के संकेत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जुलाई 2025 में आम लोगों की थाली एक बार फिर महंगी हो गई। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक में



1.6% की वृद्धि दर्ज की गई, जिसका मुख्य कारण वनस्पति तेल और मांस की कीमतों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी रही। राहत की बात यह रही कि अनाज, डेयरी और चीनी की कीमतों में गिरावट से बढ़ते दामों का दबाव कुछ हद तक कम हुआ, लेकिन रिपोर्ट चेतावनी देती है कि वैश्विक खाद्य बाजार अब भी अस्थिर है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि इसका सीधा असर भारत की उपभोक्ता महंगाई (सीपीआई) और घरेलू थाली की लागत पर पड़ सकता है। एफएओ के अनुसार जुलाई में वनस्पति तेल मूल्य सूचकांक 7.1% उछलकर 166.8 अंकों पर पहुंच गया।

### डेयरी में मामूली गिरावट पनीर बना अपवाद

डेयरी मूल्य सूचकांक 0.1% घटकर 155.3 अंक पर आ गया। ओशिनिया में बढ़ते उत्पादन और भरे स्टॉक के कारण मक्खन और मिल्क पाउडर सस्ते हुए। हालांकि, एशिया और पश्चिम एशिया में मजबूत मांग और यूरोप से कम निर्यात की वजह से पनीर के दाम बढ़े। चीनी मूल्य सूचकांक 0.2% घटकर 103.3 अंक पर रहा। भारत, थाईलैंड और ब्राजील में बेहतर मौसम के कारण उत्पादन बढ़ने की उम्मीदें कीमतों को नीचे ला रही हैं।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 10-08-2025 22:04 Page 1



# सांसद ढुलू महतो ने श्रमदान कर गड्ढों में भरा मोरम

## हफ्तों से लग रहा था जाम, लोग हो रहे थे परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** गया पुल अंडरपास की तेजी से नारकीय होती स्थिति को दुरुस्त करने के लिए धनबाद सांसद ढुलू महतो सड़क पर उतर आए। हाथों में बेलचा लिए सांसद ने खुद से गड्ढों की भराई शुरू की तो लोगों का जमावड़ा लग गया। आलम यह रहा कि सांसद ने खुद से कई हाइवा गिट्टी और मोरम मंगाकर गड्ढों की भराई का काम शुरू करा डाला। लगातार बैठकों व वादों का दौर जारी रहने के बाद भी गया पुल अंडर पास की स्थिति नहीं सुधरने से रोजाना लाखों की आबादी परेशानी झेल रही है।

हालांकि, सांसद द्वारा गया पुल अंडर पास के पास मरम्मत का काम शुरू कराए जाने से श्रमिक चौक से पूजा टाकिज व स्टेशन रोड समेत बैंक मोड़ इलाके में जाम लग गया। लोग घंटों जाम की चपेट में भी आए।शाम के समय ऐसे हालात हो गए कि श्रमिक चौक पर एक भी गाड़ी नहीं निकल पा रही थी।



यातायात भी सड़क निर्माण के दौरान ठप रहा। वहीं, अंडर पास के गड्ढों में गिट्टी डालने के कारण गया पुल के नीचे सड़क की ऊंचाई बढ़ने से रेलवे पुल को भी खतरा का अंदेशा है।

पथ निर्माण विभाग, रेलवे व पीएचईडी के अफसरों की ओर से लगातार की जा रही लापरवाही व सुस्ती से गया पुल पर हफ्तों से जाम की नौबत थी। इसको लेकर डीसी ने भी कई बार निरीक्षण किया व पथ निर्माण, पीएचईडी व रेलवे को निर्देश दिए, लेकिन जब कोई ठोस उपाय नहीं निकला तो सांसद ने दिल्ली में रहते हुए ही कहा था कि विभाग के ठीक नहीं करने से वे श्रमदान करके ठीक कर देंगे।

इसके बाद सांसद शनिवार शाम धनबाद पहुंचते ही शाम आठ बजे गया पुल पहुंच गए। उनके संग सैकड़ों कार्यकर्ता व 50 लेबर भी काम में लगे। सांसद ने करीब डेढ़ घंटे श्रमदान किया, खुद से बेलचा से गड्ढों को भरा। लोडर भी मरम्मत में लगी है।

भाजपा की ओर से जिला चैंबर के अध्यक्ष चेतन गोयनका, सांसद प्रतिनिधि सुनील चौधरी के अलावा बीजेपी नेता नितिन भट्ट, सत्येंद्र कुमार, संजीव अग्रवाल, रमा सिन्हा, संजय झा, राजकुमार अग्रवाल, योगेश चौधरी समेत अन्य लोगों की मौजूदगी रही।

### 13 एकड़ में बनेगा बस टर्मिनल

**जमशेदपुर।** औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में अंतरराज्यीय बस टर्मिनल बनाने की पहल शुरू हो गई है। मानगो में डिमना चौक के पास आइएसबीटी लगभग 13 एकड़ में बनेगा। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने हाईब्रिड एन्युइटी मोड (हेम) पर आइएसबीटी निर्माण को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। साथ ही प्रस्ताव की प्रशासनिक स्वीकृति के लिए मंत्री के समक्ष उपस्थापित किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि मंत्री ने नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार को उच्च गुणवत्ता युक्त आइएसबीटी बनवाने का निर्देश दिया है। सीएम और मंत्री के निर्देश पर प्रधान सचिव ने इसकी जिम्मेदारी जुडको को सौंपी है। कर्नाटक की आइडेक एजेंसी ने इसके लिए खाका तैयार किया है। एजेंसी ने हेम मोड पर तैयार हो रहे डीपीआर को जल्द प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। इसी परिसर के सन्निकट जलसंसाधन विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय एवं गोदाम बनेगा। लागत 145.24 करोड़ रुपये आएगी।

# चैनपुर सीएचसी में एमडीए-आइडीए कार्यक्रम का शुभारंभ

## दो लाख 65 हजार लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य, 25 अगस्त तक चलेगा अभियान : प्रभारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर सीएचसी में रविवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चिकित्सा प्रभारी डॉ चमन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके अलावा चिकित्सा प्रभारी सहित कई लोगों ने आईडीए का दवा खाकर लोगों प्रेरित भी किया। चिकित्सा प्रभारी डॉ चमन कुमार ने अभियान की पूरी जानकारी दी। डॉ चमन कुमार ने कहा कि फाइलेरिया एक घातक रोग है। यह मच्छरों के काटने से होता है। इसे आम भाषा में हाथी पांव भी कहा जाता है। बीमारी की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार की ओर से विशेष अभियान चलाया जा




रहा है। केंद्र सरकार ने 2027 तक इसके सम्पूर्ण उन्मूलन का संकल्प लिया है। उन्होने बताया कि एक मच्छर आपको जिंदगी भर के लिए विकलांग बना सकता है इसलिए इसे रोकथाम के लिए फैलेरिया की दवा खाना व सफाई पर विशेष ध्यान देना जरूरी है।सर्किल इंस्पेक्टर सुनीस कुमार बताया कि फाइलेरिया . तक आंगनबाड़ी सेविका व सहिया घर-घर जाकर लाभुकों को दवा खिलाएंगे। उन्होंने बताया कि चैनपुर सीएचसी के अंतर्गत कूल है। इसमे सभी आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया व सामाजिक कार्यकर्ता को शामिल किया गया है। इस समारोह मेंप्रखंड डाटा प्रबंधक संजीव कुमार सिंह बीटीटी सुनील शास्त्री सहिया साथी रूबी कुमारीअनीता देवी के अलावा अनेको लोग शामिल थे।

# फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर परिवहन करते ट्रेलर धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर वाली ट्रेलर से गिट्टी परिवहन कर सरकारी राजस्व की चोरी करने का मामला उजागर हुआ है। इसका भंडाफोड़ तब हुआ जब क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो ने खक्सा खनन क्षेत्र में एक ही नंबर प्लेट लगाकर दो-दो ट्रेलर को गिट्टी ले जाते पकड़ा।

चारों ट्रेलर को थाना लाया गया। थाना प्रभारी द्वारा कार्रवाई किए जाने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। जब्त सभी ट्रेलर के मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी की प्रक्रिया चल रही थी।

थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा कि खक्सा जाने वाली रोड पर बीआर10 जीसी-5898 से गिट्टी परिवहन किया जा रहा है। उसे रोककर तलाशी ली गई। इसी बीच देखा कि उसी (बीआर 10जीसी-5898) नंबर लगा दूसरा खाली ट्रेलर गिट्टी लेने क्रशर की ओर जा रहा है।

दोनों ट्रेलर में एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर का प्लेट लगे रहने के कारण वाहनों को जब्त कर लिया गया। ठीक इसी तरह बीआर10 जीसी-5895 नंबर का दो ट्रेलर को भी पकड़ा। एक में गिट्टी लोड था, जबकि दूसरा गिट्टी लेने क्रशर की ओर जा रहा था। उक्त दोनों ट्रेलर को भी जब्त कर लिया गया।

इस तरह फर्जी नंबर प्लेट लगा हुआ चार ट्रेलर को जब्त कर थाना लाया गया। वाहनों के कागजातों की जांच चल रही थी। इसकी सूचना जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी को दी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि पाकुड़िया में एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर का उपयोग कर कई अलग-अलग ट्रेलर द्वारा गिट्टी परिवहन कर सरकारी राजस्व की चोरी की जा रही थी।

जब्त वाहनों के कागजातों की जांच चल रही है। जांच पूरा होने के बाद संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी की जाएगी। जुमार्ना भी लगाया जाएगा।

# एक ही रात छह घरों के ताले टूटे

## पुलिस ने तीन नाबालिग सहित छह चोरों को दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के आनंदी गांव में एक ही रात छह दुकान व मकानों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले छह चोरों को ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। घटना को अंजाम देने में थाना क्षेत्र बुटी बस्ती के अमरेष करमाली 20 वर्ष, मेसरा थाना क्षेत्र के होम्बई के धरमेंद्र कुमार 23 वर्ष, व पियुष करमाली 18 वर्ष के साथ तीन नाबालिक सहित छह लोग शामिल थे। सात जुलाई की घटना के संबंध में बताया गया कि इन सभी ने एक-एक कर भुनेष्वर साहू की इलेक्ट्रॉनिक दुकान, बालेष्वर साहू की बीज दुकान, दुर्गाचरण महतो की ग्राहक सेवा केंद्र, प्रदीप साहू की राषन दुकान व आनंद कुमार मुंडा की दुकान सहित अन्य दो लोगों के मकान को निशाना बनाया गया था।

ज्यादातर दुकान के ताला तोड़कर दुकान में रखे पैसे व सामना चोरी कर लिए थे। इसके अलावा, न्य थाना क्षेत्र



में इन लोगों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं, एक ही रात में छह स्थानों पर चोरी की घटना से क्षेत्र के सकते में थे। दुकान व मकान की सुरक्षा को चिंता जताया जा रहा था।वहीं, सभी की गिरफ्तारी से पुलिस प्रशासन राहत व क्षेत्र के लोगों द्वारा संतोष जताया गया है। गिरफ्तार चोरी के आरोपियों के पास से दुकान से चोरी किया गया डीवीआर भी बरामद किया गया है। इसकी जानाकरी देते हुए थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने बताया घटना के दौरान घटना स्थल पर सक्रिय मोबाइल नेटवर्क व गुप्ता जानाकरी के आधार पर सभी की गिरफ्तारी हुई है। सभी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी के साथ एएसआई सतीष कुमार, नितीष कुमार, विनय कुमार, रंजीत कुमार महतो, जयप्रकाष पासवान व आरक्षी सतीष कुमार, उदय कुमार सिंह, रूपेश महतो आदि शामिल थें।

ओरमांझी थाना में गिरफ्तार सभी आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी चल रही थी। तभी एक आरोपी की दो बहन रक्षाबंधन में अपने भाई को राखी बांधने थाना पहुंच गई। दोनो बहनें काफी उदास थी। बहनों के आग्रह पर ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल कुमारी तिवारी ने राखी बांधने दिया। दोनों बहन की भाई के प्रति स्नेह व उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए राखी बांधने दिया। बहनों ने राखी बांधने के बाद अपने भाई से दोबारा अपराध नहीं करने का वचन भी लिया।

# फाइलेरिया के मरीजों को मिलेगा दिव्यांगता से जुड़ी योजनाओं का लाभ

### जिले में 4600 हैं फाइलेरिया के मरीज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद में फाइलेरिया के गंभीर मरीजों को दिव्यांगता से जुड़ी योजनाओं का लाभ मिल पाएगा। स्वास्थ्य विभाग निर्देश के बाद अब फाइलेरिया के मरीजों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। 13 अगस्त को धनबाद में इसकी शुरूआत कनकनी स्वास्थ्य केंद्र से की जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

13 अगस्त के बाद धनबाद के दूसरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंदों में भी ऐसे मरीज के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए कैंप लगाए जाएंगे। ज्ञात हो कि लंबे समय से फाइलेरिया के मरीज सरकार से दिव्यांग प्रमाण पत्र की मांग कर रहे थे। सरकार के निर्देश के बाद अब मरीजों को राहत मिली है।

सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि कैंप लगाने का उद्देश्य यह है कि फाइलेरिया के मरीजों को भी दिव्यांग प्रमाण पत्र के माध्यम से सरकारी सहायता मिले। धनबाद में लगभग 4600 फाइलेरिया के मरीज हैं।

लेकिन इसमें लगभग 2100 मरीज ऐसे हैं। जिन्हें दिव्यांग की श्रेणी में रखा गया है। इसमें खासकर हाथी पांव के मरीज हैं। जिसके कारण ऐसे मरीजों के पांव वक्र हो गए हैं। धनबाद में फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की ओर से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है।

प्रत्येक वर्ष लगभग 26 लाख आबादी को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा रही है। सिविल सर्जन ने बताया कि फाइलेरिया को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने की अपील की जा रही है। फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है।

# पर्यावरणविद ने वन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी का किया शुभारंभ

## वनों की सुरक्षा केवल लाठी से नहीं वनराखी से होगी : डॉ कौशल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क जैविक उद्यान पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर के ऊपरी तल पर व कौशल नगर बाजार प्रांगण में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने गोष्ठी का आयोजन किया। वनराखी मूवमेंट के 49वें वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय गान का उद्घोष, पर्यावरण धर्म प्रार्थना व कन्या पूजन के साथ किया। पर्यावरणविद डा कौशल ने ग्रामीणों को अंग वस्त्र व पौधा दान किया गया।

डा कौशल ने कहा कि 1967 में जंगल लगाओ -जंगल बचाओ अभियान का शुभारंभ अपने पैतृक गांव छतरपुर के डाली से अपने रैयती भूमि 8.72 एकड़ में पौधारोपण कर शुरू किया व ग्रामीणों को भी पौधा लगाने के प्रति जागरूक किया। 10 वर्षों के बाद उनके लगाए पौधे वृक्ष के रूप में माफियाओं द्वारा काटे जाने लगा तो इसे रोकने, जल संकट व बढ़ते प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से 1977 में पर्यावरण धर्म को अपनाया। उन्होंने आठ मूल मंत्र दिया। उसी के तहत वन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर वनराखी मूवमेंट चलाया। ग्रामीणों को प्रेरित कर अभियान में शामिल किया। लोगों को बताया कि रक्षाबंधन से केवल मानव रूपी भाई की व वन वृक्षों पर रक्षाबंधन से यानी वनराखी मूवमेंट से धरती व ब्रह्मांड के 84 लाख योनियों की सुरक्षा होगी । यह



अभियान इतना तेजी से बढ़ा कि आज 49वें वर्ष में उनके जन्म भूमि डाली गांव से निकला हुआ वनराखी मूवमेंट आज नेपाल, भूटान, बर्मा, सिंगापुर, मलेशिया, अजरबैजान, थाईलैंड, इंडोनेशिया व देश के 26 राज्यों के 164 जिलों में 22 लाख से अधिक वन वृक्षों पर रक्षाबंधन किया। इस वर्ष 2 अगस्त को कार्यक्रम का उद्घाटन जापान के टोकयो में वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया है। उसी कड़ी में रविवार को रक्षा बंधन पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी व संचालन जुबेर अंसारी ने किया। मौके पर उप मुखिया नगीना खातून, गुलाम गौस, सुमित जायसवाल, खुशबू जायसवाल, फुलवा देवी, दौलती देवी, राजमतिया कुंवर, कबूतरी कुंवर, सत्या सिंह, संतोष कुमार समेत काफी संख्या में पर्यावरण प्रेमी ग्रामीण व लड़कियां शामिल थे।

### बाबूलाल मरांडी पर बिफरी झामुमो

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज खत्री ने बाबूलाल मरांडी पर सनसनीखेज और भ्रामक बयानबाजी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मरांडी केवल सुर्खियों में बने रहने के लिए इस तरह के बयान देते हैं।

डॉ. खत्री ने मरांडी से आग्रह किया कि यदि उनके पास कोई ठोस और प्रमाणिक जानकारी है, तो उसे सरकार या जांच एजेंसियों को संवैधानिक दायरे में सौंपें। जोर देकर कहा कि लोकतंत्र में आलोचना और सवाल उठाना जायज है, लेकिन बिना तथ्यात्मक आधार के गंभीर आरोप लगाना जनता को भ्रमित करता है।

इससे लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचती है और राजनीतिक माहौल खराब होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान जनता के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाते हैं।

उन्होंने झारखंड जैसे संवेदनशील राज्य में इस तरह के बयानों को ड्रामा करार देते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा कि नेताओं से जनता तथ्यपरक और सच्चाई पर आधारित बयान की उम्मीद करती है, न कि सनसनीखेज दावे जो केवल राजनीतिक लाभ के लिए हों।

# बारिश से जवानों को जंगलों में बम ढूंढने में हो रही परेशानी

## चप्पे-चप्पे पर बम बिछाये जाने की संभावना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में स्थित सारंडा व कोल्हान के घनघोर जंगल में माओवादियों द्वारा लगाए गए आइईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) सुरक्षाबलों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। वर्तमान में बारिश और घने जंगल के कारण दृश्यता कम होने के कारण अभियान में सुरक्षाबलों को दिक्कतें आ रही हैं। नतीजतन जमीन के नीचे और झाड़ियों में लगाकर रखे गये आइईडी कई बार मेटल डिटेक्टर पकड़ नहीं पा रहे और जवानों पैर पड़ने से आइईडी विस्फोट की चपेट में आकर घायल हो रहे हैं।

शुक्रवार को जराईकेला थाना अंतर्गत दीघा-तिरिलापोसी सीमा पर माओवादियों द्वारा लगाए आइईडी के ब्लास्ट होने से सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के दो जवान राम प्रवेश सिंह और छोटू कश्यप घायल हो गये थे।

इससे पहले तीन अगस्त को माओवादी बंद के दौरान आइईडी विस्फोट में चक्रधरपुर रेल मंडल से जुड़े एक रेलवे कर्मी इतुआ उरांव की मौत हो गई थी।

14 जून को झारखंड-ओडिशा के सीमावर्ती जंगल क्षेत्र में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान हुए आइईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ 134 बटालियन के सहायक अवर निरीक्षक जीडी सत्यवान कुमार सिंह बलिदान हो गये।

इसके पहले 30 मई को भी जराईकेला थानान्तर्गत इसी वनग्राम तिरिलपोसी के आस-पास जंगली व पहाड़ी क्षेत्र में माओवादियों की ओर से उक्त क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से पूर्व में लगाये गये आइईडी विस्फोट की चपेट में आने से कोबरा 209 बटालियन के हवलदार सुनील कुमार टीएस घायल हो गया था।

जंगली व पहाड़ी रास्तों में माओवादियों ने चप्पे-चप्पे पर बम बिछा रखे हैं। इस कारण माओवादियों के विरुद्ध अभियान चलाने में सुरक्षाबलों को बड़ी सतर्कता बरतनी पड़ती है।

सारंडा के जंगल में आइईडी एक बड़ी समस्या बन गए हैं। वर्ष 2023 से अब तक आधा दर्जन सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं और दो दर्जन से ज्यादा घायल हुए हैं। माओवादियों और उनके गुटों ने जंगल में कई जगह विस्फोटक लगाए हैं।

# जिलास्तरीय गतका ट्रायल में 170 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला गतका संघ के तत्वावधान में स्थानीय जीएलए कॉलेज स्टेडियम में जिला स्तरीय ट्रायल का भव्य आयोजन किया गया। इसमें 23-24 अगस्त को होने वाली राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयन प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका में दीपेंद्र सिंह, अमरेश कुमार मेहता, दीपक तिवारी मौजूद थे। पलामू जिला गतका संघ के जिला अध्यक्ष सोनू नामधारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि गतका केवल एक खेल नहीं बल्कि यह अनुशासन, धैर्य व मानसिक मजबूती का प्रतीक है। हमारी प्राथमिकता है कि हर खिलाड़ी को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, सही तकनीक व मानसिक तैयारी के साथ मैदान में उतारा जाए। इस बार हमारा लक्ष्य है कि पलामू के खिलाड़ी राज्य स्तर पर अधिकतम



पदक जीते।

जिला सचिव सुमित बर्मन ने कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह तकनीकी मानकों के आधार पर की गई है। खिलाड़ियों का मूल्यांकन उनकी स्पीड, रिफ्लेक्स, डिफेंसिव व ऑफेंसिव तकनीक, स्टैमिना व फोकस के आधार पर किया गया। हमने यह सुनिश्चित किया है कि चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह फिट व तैयार हों। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बबलू चावला, प्रदीप नारायण, मन्नत सिंह बग्गा, किशोर कुमार व प्रदीप मेहता सहित बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे। लगभग 170 खिलाड़ियों ने इस ट्रायल में हिस्सा लिया। इसमें कई अभिभावक भी मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**लझारी (साहिबगंज)।** राजमहल थाना क्षेत्र के शोभापुर गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसकी सूचना मिलते ही राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर पुलिस बल के साथ रविवार की सुबह 11 बजे घटना स्थल पहुंचे और घर के ठाठ (छप्पर) से फंदे पर लटक रहे युवक का शव बरामद किया है।

मृतक की पहचान तालझारी थाना क्षेत्र के मसकलैया निवासी सुबोल मंडल का 35 वर्षीय पुत्र कार्तिक मंडल के रूप में की गई है। वे अपने ससुराल की ओर से दी गई जमीन पर फूस का घर बनाकर रहते थे।

मृतक के ससुर जगदीश मंडल ने बताया कि उनकी पुत्री का विवाह करीब 13 वर्ष पूर्व मसकलैया निवासी सुबोल मंडल के बड़े बेटे साधु मंडल से हुआ था। इनसे एक बेटी भी है। इसके बाद साधु मंडल के छोटे भाई कार्तिक मंडल के साथ उनकी बेटी का प्रेम संबंध होने पर उनसे विवाह कर ली थी।

तब से बेटी और दामाद कार्तिक मंडल को शोभापुर गांव में अपने घर से कुछ दूरी पर घर बनाने के लिए कुछ जमीन दे दिया था।

## दिशोम गुरु की स्मृति शेष

# जब दो विधायकों की लड़ाई में फंसे थे लंबोदर महतो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन जब मुख्यमंत्री थे, तब राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो उनके गृह प्रखंड रामगढ़ जिला के गोला में बीड़ीओ थे। दिशोम गुरु ने ही उनका पदस्थापन वहां कराया था। डॉ. लंबोदर महतो बताते हैं कि कैसे उनके स्थानांतरण को लेकर दो विधायकों के बीच की लडाई को उन्होंने अपने प्रजेंट ऑफ माइंड से सुलझाया था।

बकौल पूर्व विधायक, 'मैं वर्ष 2006- 07 में पाकुड़ जिले के महेशपुर प्रखंड में बीडीओ के रूप में पदस्थापित था। गुरुजी मुख्यमंत्री थे। सुफल मरांडी महेशपुर के झामुमो विधायक थे और चंद्र प्रकाश चौधरी जी रामगढ़ के विधायक और गठबंधन सरकार में मंत्री।

चंद्र प्रकाश चौधरी जी ने मेरा एक साल के अंदर ही महेशपुर से बीडीओ के रूप में गोला ट्रांसफर करवा दिया। इस मामले को लेकर विधायक सुफल



मरांडी गुरु जी के पास पहुंच गए। उन्होंने गुरु जी से कहा कि या तो लंबोदर महतो का ट्रांसफर रोकिए या मेरा इस्तीफा ले लीजिए।

जब यह बात मंत्री चंद्र प्रकाश चौधरी जी के पास पहुंची तो वो भी गुरु जी पास चले गए और उनसे कहा कि अगर लंबोदर महतो का ट्रांसफर रद हुआ तो सुफल जी विधायक होकर इस्तीफा दे सकते हैं तो मैं भी मंत्री और विधायकी से इस्तीफा दे दूंगा।

इस पर गुरुजी सोच में पड़ गए कि क्या करें क्या नहीं करें। तब गुरुजी ने अपने प्रजेंस ऑफ माइंड का प्रयोग करते हुए सुफल जी को बुलाकर उन्हें समझाया कि लंबोदर महतो चूंकि एक अच्छे पदाधिकारी हैं, इसलिए मैंने ही कहा था कि इनका पोस्टिंग मेरे गृह प्रखंड गोला में करो। मेरे कहने पर ही इनकी पोस्टिंग गोला हुई है। महेशपुर में जिस अधिकारी का कहो पोस्टिंग करवा देंगे। इस पर सुफल जी मान गए और मामला शांत हो गया।

दरअसल, सुफल मरांडी उनका तबादला इसलिए रोकवाना चाहते थे क्योंकि डॉ. लंबोदर अपने प्रशासनिक कार्यों व जन साधारण के साथ जुड़ाव की वजह से महेशपुर में लोकप्रिय हो गए थे।

इधर, गोला स्थानांतरण के बाद गुरुजी के निर्देश पर एसजीआरआई से उनके घर के सामने और पीछे का तालाब और सामने रोड का निर्माण उन्होंने ही कराया था।डॉ. लंबोदर महतो बताते हैं, वर्ष 1980 की बात है। कसमार प्रखंड के हिसीम गांव में गुरु जी की जनसभा थी। इस जनसभा में मैं भी मंच पर गुरुजी के साथ उपस्थित हुआ था। यह मेरे छात्र जीवन एवं राजनीतिक जीवन का पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था, जिसमें मेरा पहला भाषण हुआ था।

मेरे भाषण से गुरु जी काफी प्रभावित होकर मुझे झारखंड आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने और राजनीति में आने हेतु प्रोत्साहित किए थे। गुरुजी उस कार्यक्रम में खोरठा में भाषण दिए थे, जो स्थानीय लोगों को खूब भाया था।ऐसे ही गुणों से वे जनता में न केवल लोकप्रिय थे, बल्कि जननायक माने जाते थे। आज भी उनकी जननायक की छवि लोगों के मन-मष्तिष्क में है।

CMYK

## रोहित-कोहली की क्या वनडे क्रिकेट से होगी विदाई? गौतम गंभीर का ये बयान वायरल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के दो दिग्गज खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली लंबे समय से मैदान से दूर हैं. दोनों ने टी20 क्रिकेट और टेस्ट फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है. अब केवल वनडे मुकाबलों में ही रोको की जोड़ी मैदान में नजर आएगी. जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. चर्चा है की रोहित और



विराट इसी साल अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया जाने वाली टीम इंडिया का हिस्सा हो सकते हैं. कोहली और रोहित के लिए ये आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा हो सकता है. ऐसे में इन दोनों खिलाड़ियों के फेयरबेल को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है. लेकिन इसी बीच फेयरवेल को लेकर कुछ समय पहले दिया गया कोच गौतम गंभीर का एक बयान भी काफी वायरल हो रहा है...

### क्या बोले थे कोच गंभीर

5 मैचों की टेस्ट सीरीज पर इंग्लैंड रवाना होने से पहले टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर ने एक इंटरव्यू में खिलाड़ियों के फेयरवेल को लेकर बड़ा बयान दिया था. जब गंभीर से पूछा गया था कि अब आप कोच हैं तो क्या आप ये तय करेंगे की आपके सामने कोहली और रोहित को अच्छा फेयरवेल मिले?

इसपर गंभीर ने कहा था कि कोई भी खिलाड़ी वो चाहे जिस खेल का हो वो फेयरवेल के लिए नहीं खेलता है. हमें खिलाड़ियों के योगदान को याद रखना चाहिए की उन्होंने देश के लिए क्या किया है. फेयरवेल मिले या नहीं ये कोई मायने नहीं रखता है. गंभीर ने कहा कि देश से जो प्यार मिलता है उससे बड़ा फेयरवेल क्या हो सकता है.बता दें कि इंग्लैंड सीरीज पर रवाना होने से पहले ही विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था. चर्चा है की भारतीय टीम को अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन वनडे मुकाबले भी खेलने हैं, जिसमें रोहित शर्मा खेलते नजर आ सकते हैं.

इसी बीच इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने रोहित शर्मा से जुड़ा एक ऐसा पोस्टर जारी किया, जिसने भारतीय क्रिकेट फैन्स के बीच हलचल मचा दी. यह पोस्टर आईसीसी ने 2026 में भारत-इंग्लैंड के बीच इंग्लिश जमीन पर होने वाली व्हाइट बॉल सीरीज को लेकर जारी किया था. इस पोस्टर में रोहित शर्मा के अलावा हैरी ब्रूक की भी तस्वीर थी. रोहित जहां भारत की वनडे टीम के कप्तान हैं, वहीं ब्रूक व्हाइट बॉल क्रिकेट में इंग्लैंड की कप्तानी करते हैं.

Asian Surfing

## भारत के रमेश बुधियाल का जलवा, एशियाई सर्फिंग में कांस्य पदक जीता

**चेन्नई, एजेंसी।** बुधियाल शनिवार को इस प्रतियोगिता के पदक दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। उन्होंने फाइनल में 12.60 अंक अर्जित कर कांस्य पदक जीता।भारत के रमेश बुधियाल ने शुक्रवार को यहां एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में पुरुषों के ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता। इस तरह से वह इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए।



बुधियाल शनिवार को इस प्रतियोगिता के पदक दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। उन्होंने फाइनल में 12.60 अंक अर्जित कर कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 15.17 अंक के साथ स्वर्ण पदक, जबकि इंडोनेशिया के पजार एरियाना ने 14.57 अंक के साथ रजत पदक जीता।

ओपन महिला वर्ग में जापान की अनरी मात्सुनो (14.90 अंक) ने हमवतन सुमोमो सातो (13.70) की कड़ी चुनौती से पार पाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। थाईलैंड की इसाबेल हिग्स ने 11.76 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 14.33 अंक प्राप्त कर अंडर-18 बालक वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। चीन के शिदोंग वू (13.10) और शुलोउ जियांग (8) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। लड़कियों के अंडर-18 वर्ग में चीन की सिकी यांग ने 14.50 अंकों के साथ स्वर्ण पदक और उनकी हम वतन शुहान जिन (10.33) ने रजत पदक जीता।

# क्रिकेट जगत को लगा बड़ा झटका, इस खिलाड़ी ने अचानक लिया संन्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर थैमसिन न्यूटन ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने यह फैसला ऐसे समय में लिया जब वह पिछले कुछ सालों से टीम से बाहर चल रही थीं। थैमसिन का करियर भले ही आंकड़ों में बड़ा न दिखे लेकिन उनके कुछ प्रदर्शन यादगार रहे, खासकर उनके शुरुआती दिनों में।

थैमसिन न्यूटन ने 2015 में न्यूजीलैंड के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा। वह एक मध्यम गति की तेज गेंदबाज और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाज के रूप में जानी जाती थीं। उन्होंने अपने दूसरे ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में शानदार गेंदबाजी की और श्रीलंका के खिलाफ 9 रन देकर 3 विकेट झटके। इससे उन्होंने चयनकर्ताओं और दर्शकों को प्रभावित किया।



### वनडे और टी20 में मिला सीमित मौका

थैमसिन को न्यूजीलैंड के लिए खेलने का बहुत ज्यादा मौका नहीं मिला। उन्होंने अब तक 10 वनडे और 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वनडे में उन्होंने 11 विकेट लिए और 57 रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 31 रन देकर 5 विकेट था जो उन्होंने नवंबर 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ हासिल किया था। वहीं टी20 में उन्होंने 9 विकेट लिए लेकिन लगातार टीम में जगह नहीं बना पाईं। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2021 में हुआ था और उसके बाद से वह टीम से बाहर थीं।

### टी20 और वनडे वर्ल्ड कप का हिस्सा रहीं

थैमसिन 2016 टी20 वर्ल्ड कप और 2017 वनडे वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थीं। हालांकि इन टूर्नामेंट्स में उन्हें ज्यादा मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन टीम का हिस्सा बनना उनके करियर का अहम हिस्सा रहा।

### घरेलू क्रिकेट में शानदार सफर

थैमसिन न्यूटन का घरेलू क्रिकेट करियर काफी सफल रहा। उन्होंने 2011-12 में वेलिंगटन की ओर से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद 2014 से 2018 तक वह कैंटरबरी के लिए खेलती रहीं। बाद में वह दोबारा वेलिंगटन लौटीं और 2023-24 सीजन में वह सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स से जुड़ गईं। थैमसिन ने न्यूजीलैंड की घरेलू वनडे प्रतियोगिता हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड का फाइनल चार बार खेला। वह इस टूर्नामेंट को दो बार जीतने में सफल रहीं – एक बार कैंटरबरी और एक बार वेलिंगटन के साथ।

### बीबीएल और रग्बी में भी दिखाया दम

थैमसिन सिर्फ क्रिकेट तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मशहूर महिला टी20 लीग बीबीएल में पर्थ स्कॉर्चर्स की ओर से भी खेला। इसके अलावा वह न्यूजीलैंड की घरेलू महिला रग्बी यूनियन प्रतियोगिता फराह पामर कप में भी हिस्सा ले चुकी हैं। उन्होंने वेलिंगटन प्राइड और हॉक्स बे टुई की ओर से रग्बी खेला और खुद को एक मल्टी-स्पोर्ट एथलीट के रूप में साबित किया। थैमसिन न्यूटन ने 30 वर्ष की उम्र में क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया। वह पिछले चार वर्षों से अंतरराष्ट्रीय टीम से बाहर थीं और इस बीच घरेलू क्रिकेट में सक्रिय रहीं। संन्यास की घोषणा के साथ उन्होंने अपने सभी फॉर्मेट्स अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से दूरी बना ली है।

## यश दयाल पर गिरी गाज, यौन शोषण के आरोपों के बीच इस टी20 लीग में खेलने पर लगा बैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गंभीर कानूनी मामले में फंसे तेज गेंदबाज यश दयाल पर अब एक नाबालिग के यौन उत्पीड़न के आरोप के बाद गिरफ्तारी का खतरा मंडरा रहा है। जयपुर के सांगानेर सदर पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ ने उन्हें आगामी यूपी टी20 लीग में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया है।



बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम का हिस्सा था जिसने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का खिताब जीता था। उन्होंने पूरे सीजन में दमदार प्रदर्शन करते हुए 15 मैचों में 13 विकेट लिए। हालांकि इन आरोपों से पेशेवर क्रिकेट में उनके भविष्य पर संदेह के बादल छा गए हैं। दयाल को लीग से बाहर करने का यूपीसीए का फैसला आरोपों की गंभीरता और खेल की अखंडता को बनाए रखने के लिए बोर्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गौर हो कि यश दयाल ने अपने घरेलू करियर की शुरुआत उत्तर प्रदेश के साथ की थी। उन्होंने 2018 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करने से पहले आयु वर्ग के क्रिकेट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने लिस्ट ए में उत्तर प्रदेश के लिए 2018-19 विजय हजारे ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के खिलाफ डेब्यू किया था। उन्होंने 9 ओवर में 41 रन देकर 1 विकेट लिया। उन्होंने 2018-19 रणजी ट्रॉफी में गोवा के खिलाफ डेब्यू करते हु उन्होंने 2 विकेट लिए। अपने पहले रणजी सीजन में यश ने 8 मैचों में 2.87 की इकॉनमी रेट से 30 विकेट लिए और उस सीजन में उत्तर प्रदेश के तीसरे सबसे सफल गेंदबाज रहे। इसके बाद टी20 में डेब्यू करते हुए 2018-19 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र के खिलाफ शुरूआत की जहां उन्होंने किफायती गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 17 रन देकर 1 विकेट लिया।

# करुण नायर को 8 साल के बाद मिला था दूसरा चांस, अब खेल खत्म!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज करुण नायर की 8 साल के बाद टीम इंडिया में वापसी हुई थी. उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में मौका दिया गया था, लेकिन वो इस मौके पर भुना नहीं पाए. इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में वो केवल एक फिफ्टी ही ठोक पाए, जबकि भारतीय टीम को उनके काफी उम्मीदे थी. उनके प्रदर्शन को लेकर टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान बहुत निराश हैं. इसके साथ ही उन्होंने करुण नायर के टेस्ट करियर को लेकर बड़ी बात कह दी है.

टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करुण नायर को अच्छी शुरुआत मिलती रही, लेकिन वो इसका फायदा नहीं उठा पाए. इस दौरान करुण केवल एक अर्धशतक ही



ठोक पाए. उन्हें कई मौके मिले. क्रिकेट ने उन्हें निश्चित रूप से दूसरा मौका दिया, लेकिन वे इसका उस तरह से फायदा नहीं उठा पाए, जैसा उन्हें उठाना चाहिए था. इरफान ने आगे कहा कि खासकर लॉर्ड्स टेस्ट में, उनके पास भारत को मैच जिताने का अच्छा मौका था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए. करुण नायर ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले 2017 में आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट सीरीज में हिस्सा लिया था.उन्हें 8 साल के बाद फिर मौका मिला. इस भारतीय खिलाड़ी ने इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों में 25.62 के औसत से केवल 205 रन ही बना पाए. उन्होंने सिर्फ एक ही अर्धशतक लगाया और नायर का बेस्ट स्कोर 57 रन था. करुण नायर ने टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक भी लगाया हुआ है. उन्होंने ये कारनामा इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में 2016 में किया था.

### इंग्लैंड में पूरी तरह से फेल रहे करुण नायर

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करुण नायर को चार मैचों में खेलने का मौका मिला था. उन्होंने पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाए थे, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने सिर्फ 20 रन ही बनाए थे. दूसरे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाज को फिर से मौका दिया गया. इस मैच की पहली पारी में उन्होंने 31 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में नायर 26 रन ही बना पाए. तीसरे टेस्ट मैच में करुण नायर ने पहली पारी में 40 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में वो सिर्फ 14 रन ही बना पाए. चौथे टेस्ट मैच में उन्हें मौका नहीं मिला था. हालांकि पांचवें टेस्ट मैच में नायर की टीम इंडिया में वापसी हुई और उन्होंने पहली पारी में 57 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में वो 17 रन बनाकर वापस पवेलियन लौट गए.

## एशिया कप तक फिट नहीं हुए सूर्यकुमार यादव तो किसे मिलेगी कप्तानी?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट एशिया कप 2025 का आयोजन 9 से 28 सितंबर के बीच यूएई में होगा. भारत का पहला मैच 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ है. इसके बाद 14 तारीख को भारत बनाम पाकिस्तान मैच होगा, ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच भारत 19 को ओमान के खिलाफ खेलेगी. टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की कुछ समय पहले सर्जरी हुई थी, वह अपनी फिटनेस हासिल करने के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं. लेकिन अगर वह टूर्नामेंट तक पूरी तरह फिट नहीं हुए तो भारतीय टीम की कमान कौन संभालेगा?

सूर्यकुमार यादव का जर्मनी में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई थी, जिसके बाद वह फिटनेस पाने के लिए मेहनत कर रहे हैं. अभी वह बेंगलुरु में रिहैब कर रहे हैं. उम्मीद जताई जा रही है कि सूर्या एशिया कप से पहले



फिटनेस हासिल कर लेंगे, लेकिन अभी तक आधिकारिक इस पर कुछ नहीं कहा गया है. अगर वह एशिया कप तक फिट नहीं हुए तो उनकी जगह कप्तानी करने के लिए ये 3 खिलाड़ी मजबूत दावेदार हैं.

सूर्यकुमार यादव की जगह कौन हो सकता है एशिया कप में भारत का कप्तान?

शुभमन गिलः इंग्लैंड दौरे पर पहली बार टेस्ट की कमान संभालते हुए शुभमन गिल ने शानदार प्रदर्शन किया, सभी की वाहवाही लूटी. उन्होंने बल्ले से भी कई रिकॉर्ड बनाए, इसके बाद माना जा रहा है कि वह एशिया कप स्क्वॉड में शामिल होंगे. सूर्या जब कप्तान बने थे तब गिल को उपकप्तान बनाया गया था, ऐसे में अगर सूर्या नहीं खेले तो एशिया कप में भारत की कप्तानी शुभमन गिल संभाल सकते हैं.

कोई नहीं है टक्कर में!

## शुभमन गिल के नाम होगा 2025, चौंका देंगे आंकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी में भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 5 मैचों की सीरीज में 754 रन ठोक दिए। ऐसे में गिल के पास 2025 को अपने नाम का सुनहरा अवसर है। वह 2025 में अब तक 1,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। गिल का इंग्लैंड दौरा यादगार रहा। 2021 में ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 91 रनों की पारी के बाद से एशिया के बाहर 40 से ज्यादा का स्कोर नहीं बनाने वाले गिल ने इस सीरीज आलोचकों को करारा जवाब दिया। उन्होंने भारत की टेस्ट टीम में चौथे नंबर पर अपनी जगह पक्की कर ली,जिस पर कभी सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाज खेला करते थे।

**गिल का इंग्लैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन-** टेस्ट सीरीज के दौरान गिल ने 75.40 की औसत से चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए। इसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर



269 रन भी शामिल है। वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जो 2-2 से ड्रॉ रही। इस साल गिल ने 14 मैचों और 20 पारियों में 64.94 की औसत से 1,234 रन बनाए हैं। इसमें छह शतक शामिल हैं। वह इस साल सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने दो अर्द्धशतक भी लगाए हैं।

**दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी-** गिल इस साल दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के बेन डकेट 23 मैचों और 27 पारियों में 47.77 की औसत से 1,290 रन बनाकर शीर्ष पर हैं। इसमें तीन शतक और आठ अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 165 है। भारतीय बल्लेबाजों में गिल के आसपास भी कोई नहीं है। केएल राहुल 14 मैचों और 19 पारियों में 46.31 की औसत से 741 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। इसमें दो शतक और दो अर्द्धशतक हैं। ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने 13 मैचों और 17 पारियों में 67.22 की औसत से 605 रन बनाए हैं।



# डेविड वार्नर ने लंदन स्पिरिट को दिलाई पहली जीत, खेली 70 रनों पर नाबाद पारी

**लंदन, एजेंसी।** लंदन स्पिरिट ने शनिवार (9 अगस्त) को वेल्श फायर पर 8 रनों की कड़ी जीत के साथ मेन्स हंड्रेड में अपना खाता खोलने में कामयाबी हासिल की। टूर्नामेंट के पहले मैच में अपने खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद, लंदन स्पिरिट ने अनुभवी डेविड वार्नर की अगुवाई में शानदार वापसी की, जिन्होंने 70 रनों पर नाबाद रहते हुए बल्लेबाजी की। वेल्श फायर के सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भी रन चेज में नाबाद रहे और अपनी टीम द्वारा बनाए गए आधे से ज्यादा रन बनाए, लेकिन फिर भी वे लड़खड़ा गए।

वार्नर पारी की शुरुआत में ही अच्छी फॉर्म में आ गए थे, लेकिन दूसरे छोर पर केन विलियमसन लड़खड़ा गए। आखिरकार उन्होंने मैदान पर छक्का जड़कर अपनी लय तोड़ी, लेकिन जोश हल के आउट होने के कारण ज़्यादा देर तक टिक नहीं पाए। पारी को आधे समय में एक बड़ा झटका तब लगा जब वार्नर और जेमी स्मिथ ने मिलकर क्रिस ग्रीन को तीन छक्के जड़कर आउट कर दिया। यह सिलसिला जारी रहा और स्मिथ ने हल की गेंद पर एक और बड़ा छक्का जड़ा, उसके बाद एक चौका जड़ा, और फिर गेंदबाज ने इस पारी का अंत कर दिया।

इसके बाद एश्टन टर्नर की बारी आई और उन्होंने भी एक उपयोगी छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर वार्नर ने रन बनाना जारी रखा और स्कोर को 160 के पार पहुंचाया, जिसका मतलब था कि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के लिए एक ठोस शुरुआत जरूरी थी। हालांकि स्टीव स्मिथ और बेयरस्टो ने अपने पहले मैच में पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शुरुआत में ही स्कूप करने की कोशिश में थर्ड मैन पर आउट हो गए। दुर्भाग्य से वेल्श फायर के लिए, विकेटों के गिरने के साथ ही रन गति की शुरुआत हो गई। लगातार दूसरे मैच में मध्यक्रम लड़खड़ा गया, जब लंदन स्पिरिट ने ल्यूक वेल्स, टॉम एबेल और टॉम कोहलर-कैडमोर जैसे बल्लेबाजों को आउट कर वेल्श फायर का स्कोर 39/5 कर दिया। कुछ ही गेंदों में स्कोर 55/6 हो गया, क्योंकि मैच का नतीजा साफ दिख रहा था। हालांकि, यह अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी कि वे केवल 8 रनों से हार गए, क्योंकि एक छोर पर उनके साथी खिलाड़ी कम पड़ रहे थे, और बेयरस्टो ने ग्रीन के साथ मिलकर टीम की उम्मीदों को कायम रखा। इंग्लैंड के इस सलामी बल्लेबाज ने लगातार अंतराल पर बाउंड्री लगाते हुए जीत की दौड़ जारी रखी। जब 10 गेंदों पर 31 रनों की ज़रूरत थी, बेयरस्टो ने जेमी ओवरटन की लगातार दो गेंदों पर छक्के जड़कर लक्ष्य को 8 गेंदों पर 19 रनों तक सीमित कर दिया। हालांकि, ओवरटन ने जोरदार वापसी की और ल्यूक वुड ने उनका साथ देते हुए सुनिश्चित किया कि बाकी गेंदों पर केवल एक छक्का लगे और वेल्श फायर सीजन के अपने पहले अंक हासिल करने से वंचित रह जाए।

संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली में 11 मूर्ति रोड पर बेकाबू थार ने 2 लोगों को कुचला, 1 की मौके पर ही मौत; कार में मिलीं शराब की बोतलें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के चाणक्यपुरी के पास 11 मूर्ति रोड पर रविवार सुबह सफेद रंग की एक बेकाबू थार गाड़ी ने दो लोगों को कुचल दिया। इस दर्दनाक घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आज सुबह 11 मूर्ति रोड पर एक कार की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। कार ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। मृतक और घायल शख्स की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस और एफएसएल की टीमें मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से सबूत जुटाने की कोशिश कर रही हैं। कार संख्या क्क्ष4 त्तक्8898 गाजियाबाद में रजिस्टर्ड है। पुलिस को कार के अंदर से कुछ शराब की बोतलें भी मिली हैं। इससे हादसे के वक्त कार चालक के नशे में होने का शक है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर मौसम की मार, 300 से अधिक उड़ानों पर असर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में शनिवार को दिनभर रुक-रुक कर रिमझिम बारिश होती रही। खराब मौसम का असर उड़ानों पर भी पड़ा। खराब मौसम के कारण शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर 300 से अधिक उड़ानें लेट हुईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआईए) पर भारी बारिश के कारण किसी भी उड़ान का मार्ग नहीं बदला गया। बता दें कि इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआईए) देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है जहां से हर रोज लगभग 1,300 उड़ानों का संचालन होता है। एक उड़ान ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार, एयरपोर्ट पर 300 से अधिक उड़ानें देरी से चलीं जबकि कुछ रद्द कर दी गईं। वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, उड़ानों के टेक-ऑफ में औसत देरी लगभग 17 मिनट थी। इंडिगो ने सुबह एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली में भारी बारिश हुई है। इससे उड़ानों के कार्यक्रम में कुछ अस्थायी व्यवधान उत्पन्न हुआ है। यदि आप आज यात्रा कर रहे हैं तो कृपया संभावित देरी के प्रति सचेत रहें और अपनी यात्रा के लिए अतिरिक्त समय रखें। खासकर तब जब ट्रैफिक सामान्य से धीमी गति से चल रहा हो। वहीं एयर इंडिया ने अपने पोस्ट में कहा कि बारिश के कारण शनिवार को दिल्ली आने-जाने वाली उड़ानों पर असर पड़ सकता है। दिल्ली में तेज बारिश से कई जगहों पर सड़कें पानी में डूब गईं इससे रेखा गुप्ता सरकार के दावों पर पानी फिर गया। सरकार की ओर से चिन्हित संवेदनशील स्थल हों या सामान्य सड़कें, सब जलमग्न नजर आईं। पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर जलभराव को लेकर 50 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। जलभराव की वजह से कई प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक भी प्रभावित हुआ। रक्षाबंधन के लिए घरों से निकले लोग जाम में फंसे रहे। बारिश के बाद जलभराव से सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में प्रगति मैदान टनल के आसपास का इलाका, धौला कुआं, आईटीओ, सैनिक फार्म के पास एमबी रोड, सराय काले खां, डिफेंस कॉलोनी अंडरपास, आजादपुर मंडी, पीरागढ़ी चौक और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के आस-पास का इलाका शामिल रहा। जखीरा अंडरपास जो संवेदनशील स्थलों में शामिल है, वहां जलभराव के चलते ट्रैफिक बंद करना पड़ा।

# शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य पर अपडेट, इरफान अंसारी ने क्या बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बताया है कि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य में आंशिक सुधार हो रहा है। यह अच्छा संकेत है। हालांकि उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। बता दें कि दो अगस्त को जमशेदपुर आवास में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मस्तिष्क में चोट के बाद दिल्ली में इलाजरत हैं। गंभीर हालत में उन्हें विमान से दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें वहां वेंटिलेटर पर जीवन रक्षक प्रणाली के सहारे रखा गया है। डॉक्टरों की टीम उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। उनके शरीर में हल्की हलचल देखी गई है। पहले से काफी बेहतर हुए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की



स्वास्थ्य स्थिति में आंशिक सुधार हो रहा है। यह काफी अच्छा संकेत है। हालांकि उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ब्रेन के सीनियर चिकित्सक उनका इलाज कर रहे है। रिपोर्ट भेजकर यूएस से भी सलाह ली जा रही है।

हमलोग अपनी तरफ से बेहतर से बेहतर व्यवस्था करने में जुटे है। स्थिति गंभीर है, पर रिकवर कर रहे हैं। हम सबकी दुआओं से निश्चित रूप से रामदास सोरेन के स्वास्थ्य में सुधार होगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे जल्द ही स्वस्थ होकर जनसेवा में लौटें। उक्त बातें स्वास्थ्य मंत्री ने शुक्रवार को एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश होने के बाद परिसदन में पत्रकार सम्मेलन में कहीं। चुनाव आयोग पर राहुल गांधी के आरोपों का किया समर्थन मंत्री इरफान अंसारी ने राहुल गांधी के द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मैं जामताड़ा का विधायक हूं। मुझे भली भांति पता है कि ईवीएम में छेड़छाड़ हो सकता है। उन्होंने कहा कि आसानी से कोई चिप्स उसमें सेट कर दिया जा सकता है, जिसमें दिए गए वोट बदल जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग फिर से पुरानी पद्धति जिसमें बैलेट पेपर से वोटिंग होता था, उसे वापस लाए।

## नोएडा में पुलिस विभाग के सीसीटीएनएस पोर्टल का हो रहा था मिसयूज़, हेड कॉन्स्टेबल समेत 2 गिरफ्तार

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा में पुलिस विभाग के सीसीटीएनएस पोर्टल के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। पुलिस ने विभाग की गोपनीयता भंग करने के आरोप में एक हेड कॉन्स्टेबल और एक न्यूज चैनल के पूर्व एचआर हेड को शनिवार को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-63 थाना क्षेत्र स्थित एक न्यूज चैनल न्यूज इंडिया 24×7 में एचआर हेड के पद पर तैनात रहे ग्रेटर नोएडा निवासी ललित पंडित के पास पुलिस विभाग के पोर्टल सीसीटीएनएस का लॉगिन पासवर्ड होने की जानकारी मिली थी। इसका इस्तेमाल कर वह पुलिस विभाग के दैनिक कामों पर नजर रख रहा था और इसका दुरुपयोग कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने चार दिन पहले आरोपी ललित पंडित को हिरासत में लेकर पूछताछ की। हालांकि, बाद में उसे छोड़ दिया गया। जांच में पता चला कि यह लॉगिन पासवर्ड पूर्व में कमिश्नरेट में तैनात रहे हेड कॉन्स्टेबल प्रशांत सोलंकी ने उसे दिया था।

## पचगांव में 30 गांवों की महापंचायत शुरू, टोल प्लाजा से पहले अंडरपास बनाने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम में आज दिल्ली-जयपुर हाईवे पर पचगांव टोल प्लाजा के विरोध में पंचग्राम होटल के पास आसपास लगते 30 गांवों की महापंचायत हो रही है। महापंचायत की अध्यक्षता सूबेदार होशियार सिंह कर रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि टोल प्लाजा का निर्माण करने से पहले अंडरपास तैयार किया जाए, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े।

महापंचायत में आए लोगों ने कहा कि दिल्ली-जयपुर हाईवे पर गांव खेड़की दौला स्थित टोल प्लाजा को भारत सरकार ने पचगांव में शिफ्ट करने की योजना बनाई है। इसके तहत एनएचएआई ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। जिस जगह पर टोल प्लाजा बनाया जा रहा है, वहां आसपास लगते गांवों को सुविधा मुहैया करवाने के लिए फ्लाईओवर बनाने की योजना थी। इसके तहत निर्माण कार्य बंद करने के साथ टोल प्लाजा का निर्माण शुरू कर दिया है। ग्रामीणों की मांग है कि टोल प्लाजा के निर्माण से पहले आसपास लगते गांवों के निवासियों के लिए अंडरपास बनाया जाए। यदि यह टोल प्लाजा बन जाता है तो गांववासियों को अपने घर तक पहुंचने के लिए 20 किमी लंबा चक्कर लगाना होगा। इससे पहले 7 अगस्त को पंचायत हुई थी। इसके बाद टोल प्लाजा का निर्माण कार्य रुकवा दिया था। आज की इस महापंचायत में आगे की रणनीति को लेकर विचार विमर्श करके फैसला लिया जाएगा।

महापंचायत में कुकडौला, फाजिलवास, ग्वालियर, चांदला डूंगरवास, फकरपुर, मोकलवास, खरखड़ी, ततारपुर, जमालपुर, घोषगढ़, चित्रसेन ढाणी, शंकरवाली ढाणी, कृम्वास ढाणी, कासन, बिनौला, भौड़ाकलां, बाघनकी, खेड़की, लांगड़ा, कलवाड़ी, हसनपुर, मोहम्मदपुर, इसरपुर, बिसर, पथरेड़ी, सहरावण आदि गांव के निवासी शामिल हैं। एनएचएआई के परियोजना अधिकारी योगेश तिलक ने बताया कि ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला था। उन्हें बताया है कि अंडरपास के निर्माण की संभावनाओं को तलाश किया जाएगा।

## जेसी बोस यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में फंदे से लटकी मिली इंजीनियरिंग की छात्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से सटे फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ में स्थित जेसी बोस यूनिवर्सिटी में भी एक छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। मैकेनिकल इंजीनियरिंग के थर्ड ईयर की पढ़ाई कर रही छात्रा का शव हॉस्टल रूम में फंदे से लटका मिला। मृतक छात्रा की पहचान 22 वर्षीय वंशिका के रूप में हुई है, जो हरियाणा के ही रेवाड़ी जिले की रहने वाली थी। वंशिका ने शनिवार को रक्षाबंधन वाले के दिन हॉस्टल के अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। छात्रा अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। रविवार को आत्महत्या का पता चलने पर पुलिस ने विश्विद्यालय पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस को छात्रा के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस इस मामले में यूनिवर्सिटी स्टाफ से पूछताछ करने के साथ ही हॉस्टल के कमरे की जांच कर रही है। पुलिस इस मामले में छात्रा के दोस्तों और सहपाठियों से भी जानकारी जुटाएगी, ताकि कारणों का कुछ पता चल सके। छात्रा द्वारा



आत्महत्या किए जाने से यूनिवर्सिटी प्रबंधन भी स्तब्ध है। गौरतलब है कि इससे पहले पिछले महीने ग्रेटर नोएडा में शारदा यूनिवर्सिटी में भी बीडीएस सेकेंड वर्ष की छात्रा ज्योति शर्मा द्वारा खुदकुशी करने का मामला सामने आया था। गुरुग्राम निवासी ज्योति शर्मा ने 18 जुलाई को हॉस्टल के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद डीन समेत सात लोगों के खिलाफ छात्रा को प्रताड़ित करने के आरोप में मामला दर्ज दो प्रोफेसर शैरी वशिष्ठ और महेंद्र सिंह चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया था। शारदा यूनिवर्सिटी द्वारा इस मामले में कार्रवाई करते हुए एफआईआर में नामजद डीन समेत सभी 7 लोगों को सस्पेंड कर दिया गया था।

## भारी बारिश के कारण 36 सालों में दिन के वक्त सबसे ठंडी रही दिल्ली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारी बारिश के चलते शनिवार दिन में दिल्ली के अधिकतम तापमान में तेजी से गिरावट हुई। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 1989 के बाद अगस्त महीने के किसी दिन के लिए यह सबसे कम अधिकतम तापमान है।

मौसम विभाग के मुताबिक वर्ष 1989 में 28 अगस्त को अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद अब जाकर अगस्त महीने के किसी एक दिन अधिकतम तापमान में इतनी ज्यादा गिरावट देखने को मिली है।

ऐतिहासिक तौर पर सफदरजंग में अगस्त महीने में सबसे कम अधिकतम तापमान वर्ष 1976 में रिकॉर्ड किया गया था। वर्ष 1976 में 19 अगस्त को अधिकतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो अगस्त महीने के किसी भी दिन के लिए सबसे कम अधिकतम तापमान है। अगस्त महीने में सबसे कम अधिकतम तापमान की दस घटनाओं की सूची अगर बनाई जाए तो शनिवार के दिन को छठवें स्थान पर रखा जाएगा।

तेज उमस और गर्मी का सामना कर रही राजधानी के मौसम में अचानक बदलाव हुआ है। मानसून रेखा करीब आने से दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में मध्यम से भारी बारिश दर्ज हुई। इसके चलते अधिकतम तापमान में नौ डिग्री से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई है।



मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों के बीच भी दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम निगरानी संस्था स्काईमेट के विज्ञानी महेश पालावत बताते हैं कि मानसून रेखा या मॉनसून ट्रफ (कम हवा का दबाव क्षेत्र) पिछले कुछ दिनों से हिमालय की तराई वाले हिस्से और हिमालय के पहाड़ों के ऊपर से गुजर रही थी। इसके चलते हिमाचल और उत्तराखंड में बहुत ज्यादा बारिश की घटनाएं देखने को मिल रही थीं। लेकिन, अब यह मॉनसून ट्रफ दिल्ली से थोड़ा करीब खिसक आई है। इसके साथ ही पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर एक साइक्लोनिक सरकुलेशन (चक्रवाती परिसंचरण) भी बना हुआ है। इसी के चलते दिल्ली व आसपास के हिस्सों में मौसम में बदलाव हुआ है। मौसम में हुए बदलाव को इससे भी समझा जा सकता है कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बेहद कम अंतर देखने को मिला है। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस रहा। यानी अधिकतम और न्यूनतम तापमान में सिर्फ 2.6 डिग्री सेल्सियस का अंतर देखने को मिला।

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा फिर बोले- एक भी पाकिस्तानी विमान नहीं मार गिराया गया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट्स समेत छह विमानों को मार गिराया था। यह जानकारी शनिवार को भारतीय वायुसेना के प्रमुख मार्शल एपी सिंह ने एक कार्यक्रम में दी। इस खुलासे के बाद से पाकिस्तान बौखला गया है। अब वह खुलेआम झूठ बोल रहा है और कह रहा कि भारत ने एक भी पाकिस्तान के विमान नहीं गिराए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, भारत की ओर से एक भी पाकिस्तानी विमान को न तो हिट किया गया और न ही नष्ट किया गया। उन्होंने आगे कहा कि तीन महीने तक ऐसा कोई दावा नहीं किया गया, जबकि पाकिस्तान ने



तुरंत बाद अंतर्राष्ट्रीय मीडिया को विस्तृत तकनीकी जानकारी दी थी।

उन्होंने वायुसेना प्रमुख की टिप्पणी को अविश्वसनीय और गलत समय पर आई हुई बताया और आरोप लगाया कि भारत को हुए नुकसान अनुपातहीन रूप से ज्यादा है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों देश अपने विमानों को स्वतंत्र रूप से जांच के लिए खोले और उससे सच्चाई सामने आ जाएगी। भारत को गीदड़भभकी देते हुए ख्वाजा ने कहा कि पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन किया गया तो उसका तेज और निश्चित रूप से जवाब दिया जाएगा।

हालांकि, पाकिस्तानी रक्षा मंत्री के बयान से साफ है कि वह एक बार फिर से भारत को गीदड़भभकी दे रहे हैं, जबकि मई में ही पाकिस्तान भारत से बुरी तरह से मात खाया है। चार दिनों तक चले संघर्ष में भारत ने पाकिस्तान और पीओके में 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया था। इसके अलावा, वहां के कई एयरबेस को हवाई हमलों से तबाह कर दिया था।

## पाकिस्तान ने फिर अलापा कश्मीर मुद्दे का राग, बोला- अमेरिका या किसी भी देश की मदद का स्वागत


**इस्लामाबाद, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह पिटने के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। कश्मीर मुद्दे पर भारत के रुख के विपरीत पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा कि कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए वह अमेरिका या किसी अन्य देश से किसी भी मदद का स्वागत करेगा। कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका या किसी भी देश की मदद का स्वागत- पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कश्मीर मुद्दे में अमेरिका की रुचि के बारे में पूछे जाने पर यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, कश्मीर मुद्दे के समाधान में अमेरिका की रुचि के बारे में हम न केवल अमेरिका से, बल्कि किसी भी देश से मदद का स्वागत करते हैं जो स्थिति को स्थिर करने और कश्मीर विवाद के समाधान की दिशा में आगे बढ़ने में मदद कर सकता है, जो दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा के मुद्दों का केंद्र है। भारत का कहना है कि वह पाकिस्तान के साथ अपनी बातचीत में किसी तीसरे पक्ष की भागीदारी नहीं चाहता है। साथ ही भारत ने स्पष्ट कर चुका है कि वह पाकिस्तान के साथ केवल गुलाम जम्मू-कश्मीर की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा।

## जेलेंस्की बोले- यूक्रेन का दूसरी बार बंटवारा नहीं होने देंगे-जंग खत्म करने के बदले जमीन नहीं देंगे

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस को किसी भी हाल में यूक्रेन का दूसरा बंटवारा करने नहीं दिया जाएगा। एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि रूस के जमीन देकर नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण तरीके से जंग खत्म करके ही शांति आ सकती है। जेलेंस्की ने कहा, हम इस दूसरे बंटवारे की कोशिश को नाकाम करेंगे। हम रूस को जानते हैं। जहां दूसरा बंटवारा होगा, वहां तीसरा भी होगा। इसलिए हम अपनी पोजिशन पर डटे हैं। युद्ध का अंत शांति और मजबूत सुरक्षा ढांचे के साथ होना चाहिए। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 15 अगस्त को अलास्का में मिलने वाले हैं। इसमें जंग खत्म करने पर बात होनी है। ट्रम्प पहले कह चुके हैं कि जंग खत्म करने के लिए कुछ इलाकों की अदला-बदली करनी होगी।

अमेरिका-रूस के राष्ट्रपति आखिरी बार 2021 में मिले थे

रॉयटर्स के मुताबिक ट्रम्प इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ त्रिपक्षीय बातचीत भी करना चाहते हैं। वे इस बातचीत में पुतिन को भी शामिल करना चाहते हैं। अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति के बीच आखिरी मुलाकात जून 2021 में हुई थी। उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी। 4 साल बाद होने जा रही इस मुलाकात को लेकर व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को



बताया था, रूस ने ट्रम्प से मुलाकात की इच्छा जताई है। ट्रम्प पुतिन और जेलेंस्की दोनों से मिलने को तैयार हैं।

ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने बुधवार को पुतिन से मुलाकात की थी। ट्रम्प ने इस बैठक को अहम बताया। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने बताया था कि दोनों देशों ने यूक्रेन मुद्दे पर बातचीत की।

ट्रम्प अब तक 4 बार रूसी राष्ट्रपति से बात कर चुके हैं...

12 फरवरी, 2025- ट्रम्प और पुतिन ने यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत की।

18 मार्च, 2025- दोनों नेताओं ने यूक्रेन में युद्धविराम और शांति पर बात की।

19 मई, 2025- दो घंटे से अधिक की बातचीत में यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

4 जून, 2025- यूक्रेन और ईरान के मुद्दे पर दोनों नेताओं में 1 घंटे बातचीत हुई।

रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस हवाई हमले रोकने के लिए एक अस्थाई प्रस्ताव दे सकता है। यह प्रस्ताव बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको ने पिछले हफ्ते पुतिन से मुलाकात के दौरान रखा था। हालांकि, यह पूर्ण युद्धविराम नहीं होगा, लेकिन इससे दोनों पक्षों के लिए एक राहत हो सकती है। फिलहाल रूस ने मई के बाद से यूक्रेन पर सबसे भारी हवाई हमले किए हैं। इनमें कीव में ही 72 लोगों की मौत हुई है। ट्रम्प ने इन हमलों को घिनौना बताया था। यूक्रेन भी रूसी तेल रिफाइनरियों और डिपो पर हमले जारी रखे हुए है।

**क्यों शुरू हुई रूस-यूक्रेन की जंग** फरवरी 2022- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के हमले का ऐलान करते ही यूक्रेन में रूसी टैंक धड़धड़ाते हुए घुसने लगे। तब के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन बोले- पुतिन से बातचीत का कोई प्लान नहीं है। उन्होंने पूरी दुनिया को खतरे में डाल दिया है। रूस को यूक्रेन पर हमले की गंभीर कीमत चुकानी होगी।

फरवरी 2025- अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पुतिन से फोन पर 90 मिनट तक बात की। इसके बाद सऊदी अरब में यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस और अमेरिकी के बीच हाई लेवल मीटिंग हुई। इसमें यूक्रेन को नहीं रखा गया। ट्रम्प ने पुतिन की तारीफ की और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को 'तानाशाह' कह दिया। मई 2025- रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति बातचीत 2025 में तेज हुई, खासकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पहल के बाद। हाल के दिनों में कैदी अदला-बदली हुई है, लेकिन क्षेत्रीय नियंत्रण और सुरक्षा गारंटी पर मतभेद बने हुए हैं।

## कोरियाई महिला ने मॉल प्रबंधन पर लगाए उत्पीड़न का आरोप

गुरुग्राम एजेंसी। दक्षिण कोरियाई नागरिक एक महिला ने गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड स्थित एक मॉल के प्रबंधन पर उसके रेस्तरां का बिजली-पानी कनेक्शन काटकर उसका उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि मामले में गुरुग्राम पुलिस ने दखल दी है। हयांग ली नामक महिला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच पर एक वीडियो साझा कर अपनी व्यथा बताई। वीडियो में ली ने आरोप लगाया है कि किराया और रखरखाव शुल्क का भुगतान करने के बावजूद, मॉल के प्रबंधन ने उसके मीसो नामक रेस्तरां का बिजली-पानी कनेक्शन काट दिया। ली ने अपने वीडियो में कहा कि मैं 14 वर्षों से सभी भारतीय कानूनों और लाइसेंस शर्तों का पालन करते हुए कानूनी तौर पर अपना रेस्तरां चला रही हूं। पिछले तीन साल से मॉल प्रबंधन और बिल्डर अवैध रूप से जरूरी सेवाएं बंद करके मुझे परेशान कर रहे हैं। यदि कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो मुझे एक कड़वे अनुभव के साथ अपने देश लौटने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता दिवस से पूर्व धनबाद में तिरंगा यात्रा निकाली गई

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व आज धनबाद में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। सुबह गोल्फ ग्राउंड से निकाली गई रैली में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा और राइजिंग सोसायटी के सदस्य शामिल हुए तिरंगा यात्रा गोल्फ ग्राउंड, रणधीर वर्मा चौक, हीरापुर पार्क मार्केट, बरमसिया, जोड़ाफाटक, धनसार



चौक, बैंक मोड, रांगाटांड, बेकारबांध होते हुए सिटी सेंटर के पास समाप्त हुई। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछले 4 सालों से हमारी सोसायटी के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला जा रहा है। आज की तिरंगा यात्रा लगभग 25 किलोमीटर दूरी टैंकर सिटी सेंटर में समाप्त हुई। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने हरि झंडी दिखा कर तिरंगा यात्रा को रवाना किया और स्वयं भी यात्रा में शामिल रहे।

### मनईटांड़ में भगवान गणेश को 151 किलो लड्डू का भोग अर्पित किया जाएगा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मनईटांड़ श्रीश्री गणेश पूजा समिति के तत्वावधान में हरि मंदिर परिसर में गणपति उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति की ओर से रविवार को बैठक किया गया। अध्यक्षता पूजा समिति के कोषाध्यक्ष रवि सोनी ने किया। उन्होंने बताया कि इस बार धूमधाम से चार दिनों तक गणपति उत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिन 27 अगस्त की सुबह 10 बजे पुजारी प्रवीण मिश्रा के सानिध्य में पूजा का आयोजन किया जाएगा। संध्या के सात बजे आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। दूसरे दिन 28 अगस्त को संध्या में श्याम भजन किया जाएगा। तीसरे दिन सुबह में पूजन कार्यक्रम के बाद भक्तों के लिए महाप्रसाद का व्यवस्था किया गया है। अंतिम दिन 30अगस्त को दोपहर दो बजे के बाद प्रतिमा का विशर्जन किया जाएगा। रवि सोनी ने बताया कि पूजा में भगवान गणेश को 151केजी लड्डू का भोग अर्पित किया जाएगा। पूजा आयोजन को लेकर पंडाल पूरी तरह थीम का काम किया जाएगा, इको फ्रेंडली होगा। बारिश के मौसम के कारण पंडाल को वाटर प्रूफ बनाया जाएगा। पंडाल के अंदर व बहार साज-सज्जा के लिए आकर्षक पुष्प व विद्युत सज्जा किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल बनाने में अध्यक्ष राकेश सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, ब्रजेश सिंह, सचिव सप्पू महतो, पूजा इंचार्ज विकेश भगत, शुभम साव सोनू, सिंह, दीपक प्रमाणिक, कुंदन कुमार, रंजीत रवानी आदि।

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जमशेदपुर के जुगसलाई थाना अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित गौरव इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लगने की वजह से पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। टाटा स्टील और अग्निशमन विभाग की चार वाहनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। सुबह के वक्त गौरव इलेक्ट्रॉनिक के प्रोपराइटर अंकित राज दुकान खोलने के लिए आए। जैसे ही उन्होंने दुकान खोला, तो पाया की दुकान के अंदर पिछले हिस्से में आग लगी हुई है। आनन- फानन में उन्होंने स्थानीय थाने और अग्निशमन विभाग को घटना के संबंध में सूचना दी। जहां अग्निशमन विभाग और टाटा स्टील की चार गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इधर इस घटना से पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। दुकान से सटे अन्य दुकानों को स्थानीय लोगों की मदद से खाली करवाया गया, ताकि आग की लपटें अन्य दुकानों को अपनी चपेट में ना ले ले। इस घटना में दुकान में रखे सारे सामान जलकर खाक हो गए। इस पूरे घटना में लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए दुकान के प्रोपराइटर संजय कुमार ने बताया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। जिसमें उनके दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया है।

### भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ के एन के सिंह कार्यकारी अध्यक्ष और प्रेम कुमार बने महामंत्री

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ का चुनाव रविवार को पूर्व घोषित अधिसूचना के अनुसार सम्पन्न हुआ। मतो की गणना के पश्चात एस पी तिवारी चुनाव निर्वाचन पदाधिकारी सह टीयूसीसी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चुनाव समिति के अध्यक्ष प्रेम चंद झा ने चुनाव



परिणाम की घोषणा की। सत्र 2025-2028 के लिए संघ के कार्यकारिणी में 12 पदाधिकारी एवं 15 अधिशासी सदस्य निर्वाचित किए गए। बाबूलाल मरांडी अध्यक्ष (मनोनीत), शम्भु कुमार, नरेंद्र कुमार सिंह और कमलेश कुमार कार्यकारी अध्यक्ष, सत्यनारायण ठाकुर और दिनेश मांझी उपाध्यक्ष, प्रेम कुमार महामंत्री, सुरेंद्र महतो, मुकेश कुमार और संतोष कुमार सिंह संयुक्त महामंत्री, राकेश कुमार संगठन मंत्री, राम कुमार श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, सुशील कुमार सिंह सहायक कोषाध्यक्ष। अधिशासी सदस्य के रूप में अमित कुमार सिन्हा, घनश्याम, शैलेन्द्र कुमार, दिलीप कुमार,राजेंद्र महतो, मंतोष कुमार, मुकेश कुमार, राज कुमार भारती, अनील कुमार, सुशील राम, दुर्गा मांझी, राजेश कुमार राजवार, राजेश कुमार राय, बाबुधन राम, और सुजीत कुमार दास निर्वाचित हुए।

### ग्रामीण चिकित्सकों की बैठक में लिए गए कई निर्णय

जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। ग्रामीण चिकित्सक संगठन द्वारा सोनारी रूपनगर सामुदायिक भवन में बैठक आयोजित की। इस बैठक में पूर्वी सिंहभूम एवं पश्चिमी सिंहभूम के ग्रामीण चिकित्सक शामिल हुए। रांची से आए हुए ग्रामीण चिकित्सक संगठन के महासचिव महानंद झा ने कहा कि हम लोग ग्रामीण चिकित्सकों को हक दिलाने के लिए लड़ रहे हैं। जो भी ग्रामीण चिकित्सक फर्स्ट ऐड किए हैं, उसे मौका मिलना चाहिए। उन्हें बिहार के समान ही झारखंड में भी प्रशिक्षण देना चाहिए। पूरे झारखंड में 5 लाख ग्रामीण चिकित्सक हैं। जिसमें 10,000 ग्रामीण चिकित्सक रजिस्टर्ड है। उन्होंने बताया कि पूर्वी सिंहभूम एवं पश्चिमी सिंहभूम की स्थिति बेहद खराब है। यहां के सिविल सर्जन परेशान करते हैं। उन्होंने बताया कि 140 करोड़ की आबादी आज जो सुरक्षित है, इसमें ग्रामीण चिकित्सकों का बहुत बड़ा सहयोग है। उन्होंने कहा कि जब एंबुलेंस में अटेंडर की बहाली हुई, तो क्यों नहीं ग्रामीण चिकित्सकों को रहा रखा गया।

# श्रद्धांजलि सभा में गुरुजी को भारत रत्न देने की मांग

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लेवाटांड में झारखण्ड निमार्ता दिशोम गुरु स्व० शिबू सोरेन का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता लेवाटांड मांझी हाडाम किशुन मुर्म संचालन के. सी. टुडु ने की। सभी आदिवासी, मूलवासी ग्रामिणो ने दिशोम गुरु के चित्र में पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। मांझी हाडाम किशुन मुर्मू ने कहा गुरुजी झारखण्ड के गाँधी और पितामह थे। उन्हे भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। संचालन करते हुए के. सी. टुडू. ने कहा दिशोम गुरु शिबु सोरेन को बोकारो के लेवाटाँड़ से विशेष लगाव था। गुरुजी ने लेवाटांड़ में बीएसएल के खिलाफ लंम्बी आनदोलन के दोरान रोड़ जाम किये। बीएसएल के बिजली पानी काट दिया। धरना में बैठे। एडीएम बिलिडिंग गेट जाम किये। एक लम्बा संधर्ष करने के बाद बीएसएल ने गुरुजी के आगे घुटने टेक दिए और



वर्ष 1992 में प्रबंधन ने गुरुजी की अध्यक्षता में लेवाटाँड के 196 ग्रामीणों को नौकरी मिला था। आज लेवाटाँड में जो आदमी नौकरी करता है। वो गुरूजी का देन है। इसलिए हमलोग गुरुजी को भगवान मानते है। उनहोने जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए लोगो को जागरुक किया। यही कारण है कि वे आदीवासी मूलवासी के चाहेते बने। शंकर तुरी जी बताये महाजनी प्रथा के खिलाफ लम्बी लड़ने के कारण झारखण्ड के आदिवासीयो का आस्तिव बचा। और हमेशा आदिवासी दलित पिछड़े वर्ग और शोषित पीड़ित मजदुरों के लिए लम्बी लडाई लड़े उनके लम्बें संघर्ष के बाद झारखण्ड राज्य का निर्मान हुआ। मोके पर गापेश्वर सुबोध रजवार, फुलचाँद रजवार, सागर रजवार, जीवन, जगदीश मुर्मू, रामनाथ मुर्मू, हीरालाल मुर्मू, साहेबराम हेम्ब्रम, लालु मराण्डी, दुर्गा प्रसाद सोरेन, मदन हंस्दा, लखीराम हंस्दा, विजय मुर्मू, राजू मुर्मू, राजेश मुर्मू, बीरबल मुर्मू, साधन मुर्मू, भीम सोरेन, सिकेन्द्र सोरेन, रामलाल टुडउपस्थित थे।

# भाजपा भूली मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली गई

**भूली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भूली सी ब्लॉक रोड स्थित अटल स्मृति पार्क से भाजपा भूली मंडल अध्यक्ष सूरज कुमार पासवान के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया।. उक्त अवसर पर भाजपा शहरी जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा की शुरूवात की। तिरंगा यात्रा सी ब्लॉक होते हुए बी ब्लॉक अम्बेडकर चौक तक गया. अम्बेडकर चौक में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की आदम कद प्रतिमा पर




माल्यार्पण किया गया. तिरंगा यात्रा के अवसर पर शहरी जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि देश के आजादी का 79 वर्ष 15 अगस्त को हो रहा है. भारत पुती दुनिया में प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के अगुवाई में अटूट छाप छोड़ रहा है. देश तेजी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने कि दिशा में आगे बढ़ रहा है. भाजपा भूली मंडल अध्यक्ष सूरज कुमार पासवान ने तिरंगा यात्रा के अवसर पर कहा कि देश की अखंडता और समुचित विकास के पथ पर देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है. देश का हर एक बच्चा देश के विकास और निर्माण में सहयोग करें. तिरंगा यात्रा में पूर्व शहरी जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, मानस प्रसून्न, रजनीश तिवारी, रंजीत कुमार उर्फ बिल्लू, मनमोहन सिंह, गंगोत्री सिंह, आशा राय, इंद्रकांत झा, मनोज कुमार गुप्ता, सुमेश कुमार साव उर्फ गामा, जितेन्द्र चौहान, कुणाल रंजन, कलावती देवी, मंजू देवी, मिना सिंह, ओम प्रकाश झा, कैलाश गुप्ता, संकट मोचन पाण्डेय, गौरव कुमार, मनोज कुमार, सचिन कुमार, शुकर दास, पवन दास, अरविन्द कुमार, सुनील सिंह, सतेंद्र ओझा, ललन मिश्रा, एस डी सिंह, विनोद कुमार, आनंद सिन्हा, सखी चंद महतो, पप्पू शर्मा, महेश सिंह, उपेंद्र सिंह, शंकर कुमार, रमेश यादव, आदि सैकड़ो महिला पुरुष शामिल थे.

# स्पर्श 2025 कॉन्क्लेव का सफल आयोजन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीसीसीएल का दो दिवसीय स्पर्श 2025 कॉन्क्लेव कार्यक्रम में कोयला उद्योग शैक्षणिक संस्थान और कॉर्पोरेट नेतृत्व से जुड़े एच आर विशेषज्ञ और शीर्ष प्रबंधन ने मिलकर टीमवर्क उद्देश्य की स्पष्ट और नेतृत्व आधारित प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर गहन विचार विमर्श किया। वक्ताओं ने बताया कि कैसे सहानुभूति पूर्वक सहयोग और साझा नेतृत्व के माध्यम से कार्य स्थल पर जुनून और प्रतिबद्धता विकसित की जा सकती है इस अवसर पर कॉल इंडिया के निदेशक मानव संसाधन डॉ विनय रंजन ने कहा कि आज के समय में एच आर केवल प्रतिक्रियाओं तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि यह संगठन की आत्मा बन गया है खुश और प्रेरित कर्मचारी ही किसी संस्थान के असली ताकत होती है उन्होंने कहा कि पहले आप खुद खुश रहें तभी आप दूसरों को खुश रख सकते हैं इ सी एल के सीएमडी सतीश झा ने कहा कि आज का कार्यस्थल केवल लक्ष्य की प्राप्ति का माध्यम नहीं बल्कि व्यक्तिगत और व्यावसायिक संतोष का स्थान बनना चाहिए, जब व्यक्ति का उद्देश्य संगठन के विजन से जुड़ता है तभी उत्कृष्ट संभव है विशेषण के निदेशक मानव संसाधन मुरली कृष्ण रमैया ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि स्पर्श कॉन्क्लेव सिर्फ एक आयोजन नहीं बल्कि विचारों संवादों और एच आर की नई सोच की दिशा में एक पहल है उन्होंने कहा कि अपने कर्मियों के साथ अच्छे व्यवहार और उनकी समस्याओं का निदान करने के लिए उन्हें समय दें एक बार हृदय स्पर्श हो गया तो समस्या का निदान तत्काल हो जाएगा मूसली कृष्णा रमैया ने एक बेहतरीन पहल कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया है कॉन्क्लेव में कोल इंडिया है उसकी अनुसांगिक कंपनियों के शीर्ष अधिकारी निर्देशक केशव राव(एम सी एल) निदेशक हर्षनाथ मिश्रा, निदेशक गुंजन कुमार सिन्हा (इ सी एल) डॉ हेमंत शरण पांडे, कई उन दूसरे कंपनियों से आए निर्देशक, शंकर नागाचारी सीएमपीडीआई, रेणुका वर्मा, इसके साथ ही डीवीसी के कार्यपालक निदेशक अखिलेश कुमार, मैथन परियोजना के पार्थो सारथी मुखर्जी, कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को एच आर क्षेत्र की नवीनतम प्रवृत्तियां प्रबंध कौशल और टिम भावना कुश सुधीर करने के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कोयला भगवान के एच आर के पदाधिकारी एवं पी आर के पदाधिकारीयो ने अपना सहयोग दिया ।

# बियाडा औद्योगिक मजदूर संघ अधिवेशन में नई कमिटी की घोषणा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बियाडा औद्योगिक मजदूर संघ का एक दिवसीय अधिवेशन रियांश मैरिज हॉल बालीडीह में कृष्णा प्रसाद केवट बियाडा उद्योग प्रभारी के संचालन में संपन्न हुआ। यूनियन के अध्यक्ष महेश राय महामंत्री एस के वर्धन तथा प्रदेश अध्यक्ष बलराम यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा राय , धनबाद बोकारो विभाग प्रमुख रविंद्र मिश्रा, जिलामंत्री अवधेश राय, बोकारो स्टील के महामंत्री विनोद कुमार एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता गण एवं सभी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे। अध्यक्ष महेश राय के द्वारा पुरानी कमेटी को भंग किया गया,प्रदेश अध्यक्ष बलिराम यादव के द्वारा नई कमेटी की घोषणा की। प्रदेश से अध्यक्ष बलिराम यादव ने उद्योगों की समस्याओं को समाधान हेतु मजदूर आंदोलन करेंगे जो कंपनियां मजदूर के हित की सोचते है



उनके साथ बियाडा औद्योगिक मजदूर संघ रहेगा एवं जो मजदूरों के हक का हनन करेंगे उनका जोरदार विरोध किया जाएगा अंत में अध्यक्ष और महामंत्री के द्वारा समापन की घोषणा की गई । नई कमेटी में अध्यक्ष महेश प्रसाद राय कार्यकारी अध्यक्ष अतुल प्रसाद उपाध्यक्ष संजय केवट, शीला देवी, दिगम मांझी, एस के वर्धन महामंत्री रितवरण सोरेन मंत्री बुधनी देवी, अमन कुमार सिंह, देवकी देवी, राम शर्मा कोषाध्यक्ष कोकिल केवट सह कोषाध्यक्ष तरुण महतो संगठन मंत्री जीवन नायक कार्य समिति सदस्य पी के लाल, विजय कुमार महतो, संतोष कुमार हांसदा,राजेंद्र मांझी,बसंती देवी, श्यामलाल किस्कू,धीरेंद्र सोरेन, रामविलास, शिवचरण सिंह मुंडा,बबीता देवी, संगीता देवी, शंकर टुडू,नवीन कुमार महतो , खीरेंद्र कुमार चुने गए।

# बीस सूत्री की बैठक में जिले की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला बीस-सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में गया पुल एवं अंडरपास निर्माण के साथ-साथ जिला के विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर सर्किट हाउस में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। मौके पर



धनबाद जिला बीस-सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि गया पुल चोडीकरण एवं अंडरपास हेतु झारखंड सरकार से पैसा हस्तांतरित कर दी गई है। इसके बावजूद कार्य में शिथिलता समझ से परे है। झारखंड सरकार किसी के दबाव में एवं डरने वाला नहीं है। जिला प्रशासन निजी संगत उक्त कार्य का निष्पादन करें ताकि धनबाद की जनता को जाम की समस्याओं से निजात मिल सके,आगे उन्होंने कहा कि धनबाद के साथ-साथ गोविंदपुर में भी जाम से निजात दिलाया जाए, आगे उन्होंने कहा कि रेलवे के मुख्य जोनल ऑफिस हाजीपुर से शीला कंस्ट्रक्शन कंपनी को नो ऑब्जेक्शन दिया जाए ताकि गया पुल अंडर पास का काम शुरू किया जा सके, आगे उन्होंने कहा कि गोविंदपुर में भी निरंतर जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है,जिला के विभिन्न जगहों पर जाम की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए इस पर जिला प्रशासन से संज्ञान लेने की मांग की, आगे उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कोयला चोरी के चलते कई मजदूर की मृत्यु दबकर हो गई थी उसकी अविलंब जांच कराया जाए, कोलियारियों में आउटसोर्सिंग कंपनियां मजदूरों का शोषण करने के साथ-साथ उनसे पूरा कार्य कराती है पर मजदूरों के मजदूरी देने में कंपनियां आना-कानी करती है इन सभी समस्याओं को देखते हुए मजदूरों को पूरा पैसा अविलंब दिलाया जाए अन्यथा जरूरत पड़ने पर कोयला चोरी में संलिप्त लोगों का नाम उजागर की जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारने के साथ साथ योजनाओं का लाभ लोगों को सुनिश्चित रूप से मिले जिसके लिए राज्य सरकार दृढ संकल्प है,धनबाद जिला के लगभग सभी अंचल कार्यालयों में दाखिल खारिज एवं अन्य कार्यों में शिथिलता बरती जा रही है दाखिल खारिज से संबंधित सैकड़ो आवेदन विभिन्न अंचलों में लंबित है उन्होंने माननीय उपायुक्त एवं सभी अंचल अधिकारियों से मांग किया है कि दाखिल खारिज से संबंधित सैकड़ो लंबित मामलों का निष्पादन अविलंब की जाए! पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक ने कहा कि गया पुल एवं अंडरपास का निर्माण की मांग बहुत पुराना मांग है उक्त कार्य को अविलंब दुरुस्त किया जाए ताकि धनबाद जिला के लोगों को जाम की समस्याओं से निजात मिल सके।

# बोकारो स्टील प्लांट में फटा पाइपलाइन 90 घंटे बाद भी दुरुस्त नहीं, करोड़ों के नुकसान का अनुमान



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के पंप हाउस संख्या 9 में पानी का पाइपलाइन फटने के कारण बोकारो स्टील के हॉट स्ट्रीट मिल में पिछले 90 घंटे से उत्पादन पूरी तरह से ठप है, जिस कारण अभी तक लगभग 60 करोड रुपए का नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रबंधन इसको लेकर किसी तरह का बयान जारी नहीं कर रही है। अगर अन्य डिपार्टमेंट में भी काम बंद है तो नुकसान का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। एच एम एस में पंप हाउस संख्या 9 से पानी की आपूर्ति की जाती थी। बिना पानी के वहां प्रोडक्शन नहीं हो सकता है।

**बोकारो स्टील की प्रमुख यूनियनो में से एक बीएसएल**

अनधिशासी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हरिओम ने बताया कि जिस तरह से प्लांट का अपग्रेडेशन हुआ, लेकिन पाइपलाइन सहित अन्य उपकरणों को अपग्रेड नहीं किया गया। जिस कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। प्रबंधन प्रोडक्शन को बढ़ाने को लेकर काम करती है लेकिन पीछे जो उपकरण पुराने हैं उस पर ध्यान नहीं देती है। उन्होंने कहा कि एचएमएस में अगर एक घंटा डीले होता है तो अनुमानित घाटा 69 लाख का होता है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि 90 घंटे में कितने का घाटा हुआ है। आगे अभी तक उसे शुरू करने को लेकर कोई समय निर्धारित नहीं है। वही प्लांट की स्थिति पर कांग्रेस नेता मनोज कुमार ने कहा कि पुराने रिजेक्ट पाइप का इस्तेमाल बोकारो स्टील में किया जाता है। अभी आप प्लांट मजदूरों के लिए पूरी तरह से खतरा बन गया है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ है स्वदेशी : अमरेंद्र सिंह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा अगस्त क्रांति के अवसर पर विदेशी बहिष्कार अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर पूरे देश में बड़ी-बड़ी सभाए, नुक्कड़ सभाएं, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बोकारो जिला के विभिन्न स्थानों पर जिसमें धर्मशाला मोड़,चेकपोस्ट चास, सेक्टर 12 मोड़ ,सिटी सेंटर, सेक्टर 4,एवं राम मंदिर के पास नुक्कड़ सभा किया गया। प्रान्त मेला प्रमुख दिलीप वर्मा ने कहा कि पूर्व में भी स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी स्वीकार विदेशी बहिष्कार का कार्यक्रम चलाकर देश के ढाई लाख से अधिक गांव में जाकर स्वदेशी विदेशी की सूची वितरण कर आम जनों को स्वदेशी के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया था। इस वर्ष स्वदेशी जागरण मंच ने निश्चय किया है कि 5 करोड़ घरों में जाकर प्रत्येक परिवार को स्वदेशी विदेशी की सूची न केवल वितरित किया जाएगा बल्कि उन्हें शपथ भी दिलाया जाएगा कि आप अपने घरों में स्वदेशी सामान का ही प्रयोग करें। केवल इतना ही नहीं गांव शहर के व्यवसाय बंधुओ से भी निवेदन किया जाएगा कि आप अपने संस्थान में अधिक से अधिक स्वदेशी सामान का ही बिक्री करें व विदेशी सामान का परित्याग करें। इससे देश का अर्थव्यवस्था न केवल मजबूत होगा बल्कि दुनिया में भी अपना स्थान मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अपने देश में रोजगार की कमी नहीं होगी। उन्हीं पैसों से जो विदेशी कंपनियां हमारे देश से वसूल कर अपने यहां ले जाते हैं उसे रोक कर उद्योग




धंधे खड़े करने में सरकार को भी मदद मिलेगा कवही अजय सिंह ने कहा कि पिछले दिनों की घटना ध्यान होगा जब ऑपरेशन सिंदूर के समय किस प्रकार चीन तुर्की ईरान और अब अमेरिका हमारे देश के खिलाफ षडयंत्र किया था। यह किसी से छुपा नहीं है अमेरिका ने तो एक कदम आगे बढ़कर अमेरिकन राष्ट्रापति 50% टेरिफ घोषणा, चीन की आर्थिक कूटनीति और तुर्की के आंतकवाद को सहयोग निर्मित परिस्थिति में पूरे देश में जानता के बीच 'विदेशी कंपनी भारत छोड़ो' अभियान और 'स्वदेशी अपनाओ' के अंतर्गत स्वदेशी-विदेशी वस्तु की सूचि वितरण, चौक बाजार में सार्वजनिक जनजागरण कार्यक्रम, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और अन्य संगठनों के साथ मिलकर किये जा रहे हैं। झारखंड के सभी जिले मुख्यालय एवं प्रखंड से लेकर गांव तक इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। बोकारो भी इससे अछूता नहीं है। आज स्वदेशी जागरण मंच बोकारो शहर के कई स्थानों पर नुक्कड़ सभा के माध्यम से और स्वदेशी विदेशी सूची वितरित कर लोगों को जागरूक करने का एक प्रयास किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र सिंह ने कहा हमारी अर्थव्यवस्था का रीढ स्वदेशी हैं और हमारी पूंजी 40 करोड़ युवा है हमारा संकल्प हैं हर युवा को स्वरोजगार से जोड़ना । स्वदेशी जागरण मंच ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा स्वदेशी के आह्वान का स्वागत किया है। जिसमें मोदी जी ने कहा की स्वदेशी उत्पाद की खरीद बिक्री ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। विभाग संयोजक विवेकानंद ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच 1991 में अपनी स्थापना कल से ही स्वदेशी अपनाने के लिए जनता में जागरूकता पैदा कर रहा है। मंच का दृढ़ विश्वास है कि हमारा राष्ट्र स्वदेशी स्वरोजगार और उद्यमिता के आधार पर ही आत्मनिर्भर होकर समृद्ध हो सकता है। श्री झा कहा कि अनितित्ता की वर्तमान परिस्थितियों में आज जहां वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं भुगतान प्रणाली और वैश्विक मुद्राओं को हथियार बनाया जा रहा है अमेरिकी संरक्षण वादी देश टैरिफ दीवार और गैर टैरिफ दीवार की बढ़ाओ का उपयोग कर वैश्विक निर्यात में अवरोध पैदा कर रहे हैं। इसके विरोध में स्वदेशी जागरण मंच जनता से विदेशी वस्तुओं का न्यूनतम उपयोग और स्वदेशी का आधिकारिक उपयोग करने का आह्वान के साथ चीन तुर्की ईरान अमेरिका की बनी वस्तुओं एवं सेवाओं का पूर्ण बहिष्कार का आह्वान किया है। जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा की हमारा एक ही लक्ष्य हैं हर घर स्वदेशी हर युवा उद्यमी। कार्यक्रम में विवेकानन्द झा,नवीन सिन्हा, कुमार संजय, अशोक रंजन, ददन प्रसाद, अवधेश सिंह, मनीष श्रीवास्तव, सुजीत श्रीवास्तव ,सुजीत कुमार, जय शंकर प्रसाद इसके अलावा दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com